kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-148 | सोमवार, 30 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मोदी सरकार का लक्ष्य सिर्फ़ आतंकवाद का खात्मा नहीं है, बल्कि देश में नक्सलवाद को भी खत्म करना है। इसलिए नक्सलियों को तुरंत हिंसा का रास्ता छोड़कर हथियार डाल दें और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। **अमित शाह**

'बिहार में मतदाता सूचियों की समीक्षा में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी' 11

दो माह तक 24 घंटे अलर्ट रहें अधिकारी, ग्राउंड पर जांचें व्यवस्थाएं: धामी 12

संक्षेप

अतिवृष्टि के बाद लापता नौ मजदूरों में से दो के शव मिले, सात की तलाश जारी

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के तहसील बड़कोट के सिलाई बैंड के पास शनिवार रात्रि लगभग दो बजे अतिवृष्टि/भूस्खलन होने के बाद लापता कुल नौ मजदूरों में से दो के शव रेस्क्यू टीमों ने खोज लिए हैं । जबकि सात अभी भी लापता हैं। इससे पहले कुल 20 मजदूरों को सकुशल निकाला जा चुका था। घटना स्थल पर लापता मजदूरों की खोज के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें युद्धस्तर पर सर्च एवं रेस्क्यू अभियान में जुटी हुई है। जिला अधिकारी प्रशांत आर्या ने बताया कि जिस समय भूस्खलन हुआ, उस समय वहां 29 मजदूर एक निजी होटल के निर्माण कार्य के लिए मौजूद थे। इसमें 20 मजदूरों को सुरक्षित निकाला गया जबकि दो मजदूरों दूजेलाल (55), निवासी पीलीभीत, उत्तर प्रदेश और केवल विष्ट पुत्र बम बहादूर, 43 वर्ष, निवासी कर्ममोहनी, थाना राजापूर, जिला बर्दिया, नेपाल के शव बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर शेष सात लापता मजदूरों की खोज के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें युद्धस्तर पर सर्च एवं रेस्क्यू अभियान में जुटी हुई है।

जितेंद्र कुमार समेत चार आईएएस व नौ पीसीएस आज होंगे सेवानिवृत्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के चार आईएएस और नौ पीसीएस अधिकारी सोमवार को सेवानिवृत्त होंगे। इसमें वर्ष 1990 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार हैं। वह अपर मुख्य सचिव पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक हिंदी संस्थान के पद पर तैनात हैं। उनके अलावा वर्ष 2009 बैच के आईएएस अखिलेश कुमार मिश्रा, वर्ष 2012 बैच के बृजराज सिंह यादव और इसी बैच के सुरेंद्र प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त होंगे। पीसीएस अधिकारियों में पप्पू गुप्ता, राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोतम दास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, हनुमान प्रसाद और राज नारायण सेवानिवृत्त होंगे।

दो दिवसीय दौरे पर आज गोरखपुर आएंगी द्रौपदी मुर्मु

गोरखपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। यह दो दिन में राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों केमहत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति सोमवार (30 जून) को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार (01 जुलाई) की शाम प्रस्थान करेंगी।

मन की बात में इमरजेंसी का जिक्र कर बोले प्रधानमंत्री

आपातकाल में न्यायपालिका को गुलाम बनाने का इरादा था: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आपातकाल के दौरान न केवल संविधान की हत्या की गई बल्कि न्यायपालिका को भी गुलाम बनाये रखने का इरादा था। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात'की 123 वीं कड़ी में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल बहुत बड़ा संकट था जिसका देश की जनता ने जन भागीदारी से सामना किया। उन्होंने कहा, देश पर आपातकाल थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं। देशवासियों ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया है। हमें हमेशा उन सभी लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया था। इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और अटल बिहारी वाजपेई और पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम के वक्तव्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की हत्या की गयी। उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका को गुलाम बनाये रखने का इरादा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, जॉर्ज फर्ना साहब को जंजीरों में बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गईं। 'मीसा' के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया। श्री मोदी ने कहा कि उस दौर में हजारों लोग गिरफ्तार किए गए और अमानवीय अत्याचार हुए। लेकिन ये भारत की जनता झुकी और टूटी नहीं तथा लोकतंत्र के साथ कोई समझौता उसने स्वीकार नहीं किया। अंत में जनता की जीत हुई और आपातकाल हटा लिया गया तथा आपातकाल थोपने वाले हार गए। पीएम ने कहा, 'आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' में हिस्सा लिया। आपको याद होगा कि 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं।

पीएम ने योग दिवस की थीम का जिक्र कर कहा, 'इस बार की थीम भी बहुत खास थी, 'एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य'। ये सिर्फ एक नारा नहीं है, ये एक दिशा है जो हमें 'वसुधैव कुटुंबकम' का एहसास कराती है। मुझे विश्वास है, इस बार के योग दिवस की भव्यता ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग को अपनाने के लिए जरूर प्रेरित करेगी। हिमालय की बर्फीली चोटियां और ITBP के जवान, वहां भी

● शेष पेज 11 पर

इमरजेंसी

- आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को हमेशा याद किया जाना चाहिए

'सिंदूर वन' ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित

पीएम मोदी ने कहा कि 'इस महीने हम सबने 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया। मुझे आपके हजारों संदेश मिले। कई लोगों ने अपने आस-पास के उन साथियों के बारे में बताया जो अकेले ही पर्यावरण बचाने के लिए निकल पड़े थे और फिर उनके साथ पूरा समाज जुड़ गया। अहमदाबाद में पर्यावरण के लिए एक और सुंदर पहल देखने को मिली है। यहां नगर निगम ने 'मिशन फॉर मिलिनय ट्रीज' अभियान शुरू किया है। उसका लक्ष्य है- लाखों पेड़ लगाना। इस अभियान की एक खास बात है 'सिंदूर वन'। यह वन ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित है। सिंदूर के पौधे उन बहादुरों की याद में लगाए जा रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ समर्पित कर दिया।' 'इस महीने हम सबने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। मुझे आपके हजारों संदेश मिले। कई लोगों ने अपने आस-पास के उन साथियों के बारे में बताया जो अकेले ही पर्यावरण बचाने के लिए निकल पड़े थे और फिर उनके साथ पूरा समाज जुड़ गया। पुणे के श्री रमेश खरमाले जी के कार्यों को जानकर आपको बहुत प्रेरणा मिलेगी, जब हफ्ते के अंत में लोग आराम करते हैं तो रमेश जी और उनका परिवार कुदाल और फावड़ा लेकर जुन्नर की पहाड़ियों की और निकल पड़ते हैं। वहां वे झाड़ियां साफ करते हैं और पानी रोकने के लिए ट्रेंच खोदते हैं और बीज बोते हैं। उन्होंने कई सारे छोटे तालाब बनाए हैं और सैंकड़ों पेड़ लगाए हैं। वे एक ऑक्सीजन पार्क भी बनवा रहे हैं। नतीजा ये हुआ कि अब वहां पक्षी लौटने लगे हैं और वन्य जीवन को नई सांसें मिल रही हैं।

कल से बदलेंगे आपकी जरूरतों के कई नियम

एजेंसी

नई दिल्ली। जून का महीना आज खत्म हो रहा है और कुछ ही घंटों बाद जुलाई की शुरुआत होने जा रही है। हर महीने की तरह इस बार भी 1 जुलाई से देश में कई बड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं जिनका सीधा असर आम आदमी की जेब और घर के बजट पर पड़ सकता है। इन बदलावों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों से लेकर क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर लगने वाले चार्ज में बढ़ोतरी तक शामिल है। यही नहीं भारतीय रेलवे भी अपनी सेवाओं और नियमों में कई अहम बदलाव करने जा रही है।

हर महीने की पहली तारीख को देश की जनता की नज़र ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में किए जाने वाले बदलावों पर रहती है जो सीधे रसोई के बजट से जुड़ा हुआ है। बीते जून महीने की शुरुआत में तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 24 रुपये तक की कटौती की थी। हालांकि 14 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें लंबे समय से यथावत हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि 1 जुलाई को इनके दाम में बदलाव देखने को मिल सकता है। एलपीजी की कीमतों के साथ ही कंपनियाँ हवाई ईंधन की कीमतों में भी संशोधन कर सकती हैं जिसका असर हवाई सफर करने वाले यात्रियों पर भी पड़ेगा। जुलाई की शुरुआत के साथ दूसरा बड़ा बदलाव क्रेडिट कार्ड से जुड़ा हुआ है। अगर आप एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो 1 जुलाई 2025 से यह आपके लिए खर्चीला होने वाला है। दरअसल बैंक के क्रेडिट कार्ड यूज़र्स को यूटिलिटी बिल पेमेंट करने पर एक्स्ट्रा फीस देनी पड़ सकती है। इसके अलावा एचडीएफसी

● शेष पेज 11 पर

- रेलवे टिकट और तत्काल बुकिंग के नियम बदलेंगे, ट्रेन किराए में बढ़ोतरी होगी
- दिल्ली में पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

बैंकिंग नियमों में बदलाव

- 1000 रुपये तक के मनी ट्रांसफर पर: 2.50 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन
- 1000 रुपये से ज़्यादा और 1 लाख रुपये तक के ट्रांसफर पर: 5 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन
- 1 लाख से ज़्यादा और 5 लाख रुपये तक के ट्रांजैक्शन पर: 15 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन

पुरी रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

पुरी। ओड़िशा के पुरी में भगवान जगनाथ रथयात्रा में रविवार को देवताओं के दर्शन के दौरान गुंडिचा मंदिर के पास सरधाबली में हुई भगदड़ में कम से कम तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

यह हादसा रविवार सुबह करीब चार बजे हुआ जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों पर सवार देवताओं के दर्शन करने के लिए सरधाबली की ओर जा रहे थे। पुलिस ने मृतकों की पहचान प्रवती दास, बसंती साहू और प्रेमानंद मोहंती के रूप में की है। सभी छह घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि रथों के लिए अनुष्ठान सामग्री ले जा रहा एक ट्रक भीड़ में घुस गया, जिससे अफरातफरी मच गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने दावा किया कि दुर्घटना के समय भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर कोई पुलिस बल मौजूद नहीं था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई.बी. खुरानिया मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। ओडिशा सरकार ने पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के पास रविवार तड़के भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ की प्रशासनिक जांच के आदेश दिया है तथा पुलिस अधीक्षक स्तर के दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस हादसे पर माफी मांगते हुए एक बयान जारी किया और घटना

● शेष पेज 11 पर

- ओडिशा सरकार ने प्रशासनिक जांच के आदेश दिए

डीजी शिरडकर पुलिस भर्ती बोर्ड के नए अध्यक्ष

- पांच आईपीएस का तबादला, सुजीत पाण्डेय लखनऊ जोन के एडीजी बने

लखनऊ। शासन ने रविवार को पांच आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इस फ़ेरबदल में कुछ समय पहले ही डीजी पद पर प्रोन्नत हुए एसबी शिरडकर को पुलिस भर्ती एंव प्रोन्नति बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। यह पद राजीव कृष्ण के पास डीजीपी बनने के बाद अतिरिक्त प्रभार के तौर पर था। वहीं एसबी शिरडकर के स्थान पर एडीजी पीएसी सुजीत पाण्डेय को लखनऊ जोन का नया एडीजी नियुक्त किया गया है। सीतापुर एपीटीसी के एडीजी आरके स्वर्णकार को एडीजी पीएसी और सीबीसीआईडी के एसपी आशीष तिवारी को सहारनपुर का एसएसपी बनाया गया है। इसी तरह सहारनपुर के एसएसपी रोहित सजवान को हटाकर पुलिस मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। डीजीपी राजीव कृष्ण के पास अब विजिलेंस के डीजी का अतिरिक्त कार्यभार रह गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जल्दी ही विजिलेंस के डीजी पद पर भी अलग से नियुक्ति की जा सकती है।

आठ आईएएस व 15 पीसीएस अफसरों के तबादले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने रविवार को आठ आईएएस और 15 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इससे पहले सहारनपुर के एसएसपी समेत पांच आईपीएस अफसरों के तबादले हुए थे।

आईएएस आलोक कुमार को सामान्य प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास प्रमुख सचिव, नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्ययन विभाग, नोडल अधिकारी, वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी है। वर्तमान अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसलिए ये पद उन्हें सौंपा गया है। राकेश कुमार सिंह को मुख्यमंत्री के सचिव के पद से हटाकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस- से औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नियुक्त किया गया है।

योगेश कुमार को विशेष सचिव, गृह विभाग से सहकारी समितियों का प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक नियुक्त किया गया है। डॉ. हीरा लाल को राष्ट्रीय एकीकरण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे सहकारी समितियां के आयुक्त एवं निबंधक थे। इनके अलावा अनामिका सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बनाया गया है। इससे पहले वह महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में सचिव थी। भवानी सिंह खंगारौत को विशेष सचिव राजस्व विभाग नियुक्त किया गया है। सान्या छाबड़ा को प्रबंध निदेशक यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम से हटाकर मुख्य विकास अधिकारी हरदोई नियुक्त किया है। ईशा प्रिया को राज्य पर्यटन विकास निगम के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

15 पीसीएस अफसरों के तबादले : दीप्ति देव यादव को प्रधान प्रबंधक, सहकारी चीनी मिल संघ से हटाकर लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज बहादुर प्रथम को उपजिलाधिकारी ललितपुर से अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ। जय प्रकाश और अजय कुमार राय को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल नियुक्त किया गया है। वे दोनों अधिकारी इससे पहले प्रधान प्रबंधक, सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ में तैनात थे। सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी

● शेष पेज 11 पर

मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य रोज राउंड लें और फोटो भेजें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य और चिकित्सा संस्थानों के निदेशकों को आदेश दिए गए हैं कि वे नियमित तौर पर राउंड लें और उसकी तस्वीरें भी भेजें। मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के लिए इसके निर्देश दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। कानपुर के हृदय रोग संस्थान और जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में इलाज की व्यवस्था दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए गए हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा है कि इस आदेश में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए।

अगर कोई प्राचार्य या निदेशक किसी रोज राउंड नहीं ले पाता है तो उनके स्थान पर उप प्राचार्य व सीएमएस राउंड लेंगे। राउंड के वक्त सुरक्षाधिकारी व सफाई सुपर वाइजर भी साथ रहेंगे ताकि किसी भी तरह की कमी दिखने पर फौरन उसे दूर कराया जा सके। साफ सफाई, भोजन, लॉन्ड्री आदि में कमी मिलने पर संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आदेश हैं कि उनके पेमेंट में कटौती की जाए। मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम मेडिकल कॉलेज व चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के आदेश दिए गए हैं।

● शेष पेज 11 पर

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर विभाग के प्रमुख सचिव ने जारी किए

उत्तर प्रदेश बना खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और तकनीक का मानक : योगी

खनन निवेश में कॉर्पोरेट सेक्टर की बढ़ती रुचि: जेएसडब्ल्यू, अडानी, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक यूपी में दिखा रहे गहरी दिलचस्पी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है।

रविवार को आयोजित भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की गहन समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है। विभागीय कार्यों की अद्यतन प्रगति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है, जो इस क्षेत्र की लगातार प्रगति और विभाग की दक्षता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि हाल के वर्षों में फॉस्फोराइट, लौह अयस्क और स्वर्ण जैसे मुख्य खनिजों के पट्टों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि कम्पोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा सम्भावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि स्पष्ट, पारदर्शी और प्रोत्साहक नीतियों के चलते जेएसडब्ल्यू, अडानी ग्रुप, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर गहरी रुचि दिखा रही हैं। राज्य को स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में शीर्ष रैंकिंग दिलाने के लिए विभाग द्वारा 70 से अधिक उप-संकेतकों पर ठोस कार्य किया गया है। राज्य के सभी खनन जिलों में 100 फीसदी 'माइन सर्विलांस सिस्टम' लागू कर दिया गया है, पर्यावरणीय मंजूरियों की औसत अवधि में उल्लेखनीय सुधार आया है और नियामकीय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 'कैटेगरी-इ' की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए शेष सुधारों को निश्चित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नदी के कैचमेंट एरिया में कहीं भी खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि ऐसी गतिविधियां सामने आती हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अब तक 57 तकनीक-सक्षम चेकगेट्स स्थापित किए जा चुके हैं, 21,477 वाहन काली सूची में डाले गए हैं, जबकि व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम, कलर कोडिंग, व्हाइट टैगिंग जैसी प्रणालियाँ प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि केवल मानक जीपीएस युक्त वाहन ही खनिज परिवहन हेतु अधिकृत किए जाएं और उन्हें वीटीएस मॉड्यूल से रीयल टाइम ट्रैक किया जाए। ड्रोन सर्वेक्षण और पीजीआरएस प्रयोगशाला के सहयोग से 2024 से अब तक 99 सम्भावित खनन क्षेत्रों की पहचान की गई है, जिनमें से 23 खनन के योग्य पाए गए हैं। मानसून उपरांत 52 क्षेत्रों में बालू/मौरंग के भंडार का भी मूल्यांकन किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि संचालित पट्टों की निगरानी और वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस के माध्यम से खनन के

● शेष पेज 11 पर

जल संरक्षण के लिए जन सहभागिता जरूरी : स्वतंत्र देव सिंह

खजुरी नदी के तट पर स्नान घाट निर्माण का भूमि पूजन, मंत्री ने किया श्रमदान और पौधरोपण

एजेंसी

मीरजापुर। ग्राम पंचायत बरकछा कला स्थित खजुरी नदी के तट पर रविवार को प्रदेश सरकार के सिंचाई स्वतंत्र देव सिंह ने स्नान घाट निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री ने विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह और जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ स्नान घाट पर खुदाई कर श्रमदान भी किया। इस दौरान नदी तट पर पौधरोपण भी किया गया।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल संरक्षण की चुनौती को देखते हुए छोटी और मझोली नदियों का जीर्णोद्धार जरूरी है। खजुरी नदी के पुनर्जीवन से आसपास की करीब 16 ग्राम पंचायतों को सिंचाई और जल संरक्षण में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पुराने जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने का अभियान चला रही है, जिसमें जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि खजुरी नदी करीब 19 किलोमीटर की दूरी तय कर गंगा में मिलती है। इसकी चौड़ाई लगभग 30 से 60 मीटर है। जीर्णोद्धार अभियान के तहत इसकी गहराई और चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। बरकछा कला में स्नान घाट निर्माण से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी मुनीष सिंह सहित अन्य जनपदीय अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

बेहतर कानून व्यवस्था के लिए 21 आईपीएस अफसर तैयार करेंगे रोडमैप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डीजीपी राजीव कृष्णा ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए 21 आईपीएस अफसरों को अलग-अलग काम की जिम्मेदारी देते हुए कार्य योजना तैयार करने को कहा है। इसके लिए इन अफसरों को 15 दिन का समय दिया गया है। इनमें 10 आईपीएस अधिकारी पुलिस मुख्यालय में तैनात है और 11 अधिकारी फील्ड तैनाती पर है। कार्ययोजना तैयार होने के बाद डीजीपी राजीव कृष्णा इन अफसरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा करेंगे, फिर सब सही मिलने पर इसे लागू करने दिया जाएगा।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने पदभार ग्रहण करने पर 10 प्राथमिकताएं तय की थी। इन प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने एक टीम तैयार की है। प्राथमिकताओं में शामिल बिन्दु के लिए अलग-अलग अफसर तय किए गए हैं। डीजीपी ने इन अफसरों से कहा है कि कार्ययोजना बनाते सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श को जरूर कर लिया जाए। कार्य योजना तैयार करने में उन अफसरों व अन्य से भी राय ले ली जाए जिन्हें किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल हो। सिपाही, इंस्पेक्टर की राय भी ली जाएगी डीजीपी ने निर्देश दिया है कि कार्ययोजना बनाने में एएसपी, सीओ व इंस्पेक्टर, सिपाही तक से राय ली जाए। फील्ड में लगातार रहने से ये लोग भी कभी अच्छी राय दे सकते हैं जो कानून-व्यवस्था में काफी सहायक साबित हो सकती है। महिलाओं व

डीजीपी ने अफसरों को दी जिम्मेदारी, अपराध नियंत्रण में सहायक होंगे इनके सुझाव कई अफसरों से उनकी इच्छा के मुताबिक फीडबैक भी मांगा गया

आम नागरिकों से जुड़ी बातें भी इस योजना में प्रमुखता से रहे। उन्होंने मौजूद कार्यप्रणाली को आसान बनाने को कहा है। इन आईपीएस अफसरों को मिली जिम्मेदारी अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के लिए एडीजी क्राइम एसके भगत और एडीजी वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया रोडमैप तैयार करेंगे। महिलाओं के सशक्तीकरण और सुरक्षा के लिए

एडीजी डब्ल्यूसीएसओ पद्मा चौहान व एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, साइबर अपराध से निपटने के लिए एडीजी साइबर क्राइम बिनोद कुमार सिंह व पुलिस कमिश्नर नोएडा लक्ष्मी सिंह को यह जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभयश और एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह से कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है। बेहतर पुलिस सेवाएं देने के लिए एडीजी तकनीकी सेवाएं नवीन अरोरा, एडीजी मेरठ भानु भास्कर, पुलिस कल्याण के लिए डीजीपी भवन व कल्याण आरके भारद्वाज, पुलिस कमिश्नर आगरा दीपक कुमार, यातायात व्यवस्था के लिए एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण, एडीजी वाराणसी मोहित अग्रवाल का नाम इस टीम में शामिल किया गया है। इसी तरह अन्य प्राथमिकताओं प्रतिभा और विशेषज्ञता के इस्तेमाल, प्रोद्योगिकी और एआई का पुलिसिंग में प्रयोग, ट्रेनिंग, जनशिकायतों के निस्तारण के लिए भी नाम तय कर दिए गए हैं।

प्रो. राम गोपाल यादव कर्म एवं मर्यादा के संगम : नरेन्द्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी विचारक, राज्य सभा सांसद,समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के 79वें जन्मदिन पर रविवार को शहर के जार्ज टाउन में स्थित श्री पीठम् आश्रम के यज्ञशाला में पार्टी के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने योगिराज श्री रमेश जी महराज के मार्गदर्शन में विद्वान आचार्य गणों के मन्त्रोंच्चारण के साथ यज्ञ -हवन करके तथा संगम तट पर साधु संत एवं जरुरत मंदों को वस्त्र तथा फल वितरित कर अपने नेता के उत्तम स्वाथ्य एवं प्रसन्न चित्त दीर्घायु होने क़ा आशीर्वाद माँगा। कई विद्वानों के आचार्यत्व में सम्पन्न हुए यज्ञ तथा वस्त्र व फल वितरण के आयोजक सपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने ईश्वर से प्रार्थना किया तथा उपस्थित सभी साधु सन्यासियों एवं आम जनों से प्रो रामगोपाल यादव के उत्तम स्वाथ्य एवं दीर्घायु क़ा आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि प्रो रामगोपाल यादव राजनैतिक संत हैं। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में वाणी एवं व्यवहार के संयम क़ा आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। सबके प्रति संवेदनशील होना प्रो. साहब की सहजता है।

नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि प्रो. रामगोपाल यादव कर्म एवं मर्यादा के संगम हैं। उनका मानना है कि राजनैतिक व्यक्ति को शांत स्वभाव का होना चाहिए तथा हमेशा जन कल्याण के लिये सचेष्ट एवं सक्रिय रहना चाहिए।

इस अवसर पर आगमाचार्य 1008योगिराज श्री रमेश जी महराज, श्री महंत बृज भूषण दास, महंत लक्ष्मण दास, दान बहादुर मधुर, महंत रामदास, हिमांशु सिंह, पीयूष सिंह,बृज किशोर, भरत महराज, पप्पू पंडित, आर. एन. यादव,पूर्व प्रमुख संदीप यादव, शौर्य दीप सचिन श्रीवास्तव, संत बक्स सिंह,रामकुमार, सुरेश दास, रामू सैनी, बाबा सहित सैकड़ों की संख्या में साधु संत एवं राजनैतिक व्यक्ति मौजूद रहे।

सपा राज में हर दिन होती थीं 76,500 वारदातें व्यापारी थे डर के साये में : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा व्यापारियों और वर्तमान सरकार पर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए सरोजनीनगर विधायक एवं भाजपा नेता राजेश्वर सिंह ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान पूर्णतः तथ्यहीन और भ्रामक है।

राजेश्वर सिंह ने कहा सपा सरकार में व्यापारियों और व्यापार का क्या हाल था, पूरे देश ने देखा है। उस दौर में अपराध चरम पर था, व्यापारियों की हत्या, रंगदारी, फिरौती, अपहरण और डकैती आम बात बन चुकी थी। सपा शासनकाल में यूपी अपराध के मामलों में देशभर में पहले नंबर पर था।

उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि सपा के पांच वर्षों में 25,000 से अधिक हत्याएं हुईं और प्रतिदिन 7650 से अधिक गंभीर अपराध होते थे। इसका सीधा असर

योगी सरकार में 'व्यापारी सम्मान', सपा शासन में 'व्यापारी आपातकाल'

प्रदेश के व्यापार और व्यापारियों पर पड़ा, जिससे व्यापारी वर्ग पलायन के लिए मजबूर हो गया था। राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस नीति' के कारण अब उत्तर प्रदेश देश का सबसे सुरक्षित राज्य बन चुका है। अब तक 70,000 से अधिक अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 1,000 से अधिक पर एनएसए और 200 से अधिक कुख्यात अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि आज यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। राज्य की जीएसडीपी 12 लाख करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ हो गई है, और प्रति व्यक्ति आय 45 हजार से बढ़कर 1.2 लाख तक पहुंच चुकी है।

डॉ राजेश्वर सिंह ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा - जिस सपा को 'एक जिला एक माफिया' की नीति प्रिय थी, उसे 'एक जिला एक उत्पाद' की नीति समझ नहीं आती। समाज को जातियों में तोड़ने की राजनीति अब काम नहीं आने वाली। व्यापारी वर्ग का मान और सम्मान अब योगी सरकार में सुरक्षित है। व्यापारी कल्याण बोर्ड, भामाशाह सम्मान और व्यापारी सुरक्षा फोरम जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। अंत में श्री सिंह ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि जातिवाद का जहर फैलाकर उत्तर प्रदेश के विकास और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ मत कीजिए। प्रदेश आज विकास की राह पर है और इसे कोई जातिवादी मानसिकता पीछे नहीं खींच सकती। आपको बता दें कि बीते शनिवार को ही लोक भवन, लखनऊ में आयोजित 'भामाशाह सम्मान समारोह' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रेष्ठ जीएसटी योगदान देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा था कि ?9,956 करोड़ का अप्रैल जीएसटी संग्रह और 21.98 बिलियन का विदेशी व्यापार दर्शाता है कि यूपी का व्यापारी अब राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है।

भू-माफियाओं से ईवीएम गोदाम की ज़मीन मुक्त, अवैध निर्माण ढहाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रयागराज प्रशासन ने गुरुवार को अतीक गैंग के गुर्गे भू-माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ईवीएम और वीवीपैट गोदाम के लिए आरक्षित सरकारी ज़मीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। यह कार्रवाई थाना पुरामुफ्ती क्षेत्र में हुई, जहाँ लंबे समय से भू-माफिया मोहम्मद जफर पुत्र खालिद और उनके सहयोगियों ने कब्जा जमा रखा था।

जानकारी के अनुसार, तहसील सदर के अंतर्गत आने वाली खसरा संख्या 92 की खतौनी में यह ज़मीन ईवीएम गोदाम के लिए चिह्नित है। ज़मीन के अधिकांश हिस्से पर पहले से आबादी बसी हुई है, जबकि शेष हिस्से में गोदाम के लिए पटाई कर रास्ता बनाया गया था। शिकायत के बाद लेखपाल सुधीर कुमार की रिपोर्ट पर 27 जून को पुरामुफ्ती थाने में अपराध संख्या 117/25 के तहत बीएनएस की धारा 329(3) तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत 3 और 5 का मामला दर्ज किया गया।

स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया कि इस भूमि पर मोहम्मद जफर, जो माफिया अतीक अहमद का करीबी माना जाता है, उसने अपने सहयोगियों के साथ कब्जा कर रखा था। जफर के भाई जैद सहित इनके खिलाफ कई अन्य मुकदमे भी विभिन्न थानों में दर्ज हैं। राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन, ACP, DCP और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और ज़मीन को कब्जा मुक्त करा लिया। प्रशासन के इस कदम से क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ सख़्त संदेश गया है। प्रशासन ने साफ कहा है कि सरकारी संपत्तियों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कड़ी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

भीम आर्मी प्रमुख को पुलिस ने रोका, किया हाउस अरेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । कौशांबी के बहुचर्चित लोहदा कांड को लेकर रविवार को प्रयागराज पहुंचे भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण को पुलिस ने एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही रोक लिया। सुरक्षा के मद्देनज़र उन्हें प्रयागराज के सर्किट हाउस में हाउस अरेस्ट कर दिया गया। चंद्रशेखर रावण के आगमन की सूचना पाते ही कौशांबी से लेकर प्रयागराज तक पुलिस ने कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर दी और सुरक्षा घेरा कस दिया। जैसे ही रावण प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचे, भारी पुलिस बल ने उन्हें घेर लिया और आगे जाने की अनुमति नहीं दी। चंद्रशेखर रावण ने एक वीडियो बयान में कहा, ल्लप्रयागराज एयरपोर्ट के पास मुझे रोकने के लिए सात-आठ सौ पुलिसकर्मी और एडिशनल स्टार के अधिकारी लगाए गए हैं। मुझे कौशांबी जाने से रोका जा रहा है और पीड़ित परिजनों से मिलने नहीं दिया जा रहा है।

सांसद चंद्रशेखर को कौशांबी जाने से रोका, समर्थक हुए उग्र, पुलिस पर पथराव

उन्होंने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि वह हर हाल में पीड़ित परिवार से मिलकर रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, अब पीड़ित परिवार प्रयागराज की सर्किट हाउस पहुंचकर चंद्रशेखर रावण से मुलाकात कर सकता है। प्रशासन की ओर से हालांकि कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, लेकिन माना जा रहा है कि सुरक्षा कारणों के चलते रावण को घटनास्थल पर जाने से रोका गया है। उल्लेखनीय है कि कौशांबी के लोहदा गांव में हाल ही में हुई घटना के बाद से इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है, और इसी के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ज। सांसद चंद्रशेखर आज़ाद को जिला कौशांबी जाने से पुलिस ने रोक दिया। इस कार्रवाई से नाराज़ उनके समर्थकों ने प्रयागराज में जमकर हंगामा किया। भीड़ ने पुलिस के कई वाहनों में तोड़फोड़ की और पुलिस बल पर पथराव कर दिया। हालात बेकाबू होते देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, सांसद चंद्रशेखर कुछ दलित परिवारों से मिलने जा रहे थे, जिनके साथ हाल ही में उत्पीड़न की घटनाएं हुई थीं। पुलिस के रोकने पर भीम आर्मी समर्थक भड़क गए। झड़प में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मोर्चा संभालकर भीड़ को खदेड़ा और स्थिति को नियंत्रण किया।

इनामी अन्तरजनपदीय अपराधी कुलदीप गिरफ्तार

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसटीएफ प्रयागराज और थाना मान्धाता पुलिस ने संयुक्त अभियान में 50 हजार रुपये के इनामी अन्तरजनपदीय अपराधी कुलदीप को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कुलदीप को गुरुग्राम, हरियाणा के सेक्टर-34 इन्फो सिटी उ-19 के सामने, थाना सदर क्षेत्र से दबोचा। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त प्रयागराज और प्रतापगढ़ जनपद में चोरी, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट सहित कुल 6 संगीन मामलों में वांछित था। लंबे समय से कुलदीप की तलाश चल रही थी। इस कार्रवाई के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी से क्षेत्र में बड़ी राहत मिली है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बेवफाई से टूटे अधिवक्ता ने फांसी लगाकर दी जान

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। झूँसी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक अधिवक्ता अजय शाहू (27) ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से मिले सुसाइड नोट में अजय ने अपने 9 साल के अधूरे प्रेम की पीड़ा लिखी है। अजय ने अपने सुसाइड नोट में लिखा, ''आई मिस यू पूनम, आई हेट यू पूनम। तुम खुश रहना, मैं जा रहा हूं।'' उन्होंने पुलिस और मीडिया से अपने परिवार और दोस्तों को परेशान न करने की अपील भी की है। जानकारी के मुताबिक अजय शाहू की शादी भदोही की एक युवती से तय हुई थी, लेकिन अजय ने शादी से इनकार कर दिया था। इसके बाद वह झूँसी में अकेले रहने लगे थे। शुक्रवार रात मकान मालिक ने दरवाजा खटखटाया, जवाब न मिलने पर खिड़की से झांककर देखा तो अजय का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मोहर्रम-कांवड़ यात्रा को लेकर थाना कोरांव मे हुई बैठक

कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को थाना कोरांव में आगामी मोहर्रम, ताजिया त्यौहार और कांवड़ यात्रा के संबंध में कानून, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा और क्राइम इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिंह ने उच्चाधिकारियों के निर्देशों के क्रम में काम किया। बैठक में कस्बा कोरांव और आसपास के क्षेत्र के सम्मानित लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नगर अध्यक्ष अपने आवास पर सुनी मन की बात

कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को नगर पंचायत कोरांव के अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी दास राणा अनुप केशरी सुमित पाण्डेय घनश्याम स्वर्णकार मंगला केसरी ऋषि केसरी, राजेस्वरी पटेल उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट पुलिस ने 27 वर्षीय सुमित यादव को चिनहट पुलिस ने यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया है सुमित नामक युवक ने एक लड़की से शादी का झांसा देकर फंसाया। वह कुछ समझ पाती कि सुमित ने उसकी अस्मत पर डाका और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा था। इस पूरे मामले चिनहट क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने तहरीर देकर चिनहट पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी। युवती की तहरीर पर चिनहट इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने पूरे मामले की जांच की गई तो सही पाया। पुलिस ने गाजीपुर जिले के मखदूम पुर व हाल पता रानीखेड़ा मोहनलालगंज निवासी सुमित यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुमित यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

देवा रोड पर सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित सड़क किनारे अचेत अवस्था में एक युवक पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही मौके पर चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवक को लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड पर सड़क किनारे एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक अचेत अवस्था में पड़ा

संवाद जहां से शुरू होता है वहां पर गलत चीज होने की संभावना कम होती है : लू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद अयोध्या द्वारा आयोजित अंतर प्रांतीय पत्रकार सम्मेलन बार एसोसिएशन अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर न्यायमूर्ति श्री सुरेश कुमार गुप्ता सशस्त्र बल न्यायाधिकरण क्षेत्रीय पीठ लखनऊ व एल वेंकटेश्वर लू अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ थे। मुख्य वक्ता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता तथा अध्यक्षता महेंद्र नाथ सिंह प्रदेश अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या जनपद के संगठन द्वारा किया गया था। इस अवसर पर संगठन द्वारा संकलित स्मारिका ग्रामय गौरव गौरव का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों को संगठन द्वारा स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया बाहर से आए हुए पत्रकारों को भी अंग वास त्र स्मृति चिन्ह वी बाग का वितरण किया गया सम्मान पत्र भी दिया गया। मुखिया का चुनाव सही होना चाहिए वह चाहे गांव का मुखिया हो या जिले का पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए एल वेंकटेश्वर लू अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ में पत्रकारिता और समाज विषय पर प्रकाश डालते हुए मानव जीवन के रहन-सहन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने स्वार्थ और परमार्थ पर व्याख्यान करते हुए कहा हर व्यक्ति को सोच समझकर महान बनाता है। सच्चाई को समझे बिना भला नहीं होता। संसार मिक्सर है। अपनी बुद्धि से अच्छाई के लिए संवाद करना जरूरी है संवाद जहां से शुरू होता है वहां पर गलत चीज होने की संभावना कम होती है। मुखिया का चुनाव सही होना चाहिए वह चाहे गांव का मुखिया हो या जिले का या देश का मुखिया ऐसा होना चाहिए जो सबका कल्याण करें सबको जरूरत के हिसाब से मजबूत बनाना है बुराई के लिए संघर्ष करना चाहिए जिसका उत्तम कार्य है वही ईश्वर को स्पर्श करता है प्राप्त करता है। हम लोगों को बिना मर्यादा को समझे आगे नहीं बढ़ना चाहिए जब गहराई से अपने को संवाद करते हैं तो समय ज्ञान ही समाज को संवाद करना पड़ता है झूठ की वार्ता छोड़कर सच्चाई के साथ अपना अपना कार्य करना चाहिए। कर्म योग ही कर्म क्षेत्र है आलसी नहीं बनना है पूरे मनोयोग से ईश्वर को साक्षी मानकर अपने कर्मों को करें । न्यायमूर्ति सुरेश कुमार गुप्ता ने पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी गांव के लोग सम्मान करना अच्छी तरह से जानते हैं। गांव में फिर भी पलायन हो रहा है जिसे रोकना चाहिए जिसके लिए गांव के लोगों को रोजगार परख बनाने की जरूरत है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो सब लोग महसूस कर रहे हैं। देवी प्रसाद गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने कहां की ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल द्वारा लगाया गया वृक्ष आज देश के विभिन्न प्रांतो में फैल चुका है और आज अंतरप्रांतीय पत्रकार सम्मेलन अयोध्या की धरती पर हो रहा है। उन्होंने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रारंभिक स्तर से लेकर आज राष्ट्रीय स्तर तक विस्तार से बताया और कहां की पत्रकारिता समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है। उसमें भी ग्रामीण पत्रकार जिस तरह से मेहनत और सच्चाई के साथ समाचारों का संकलन करता है वह काबिले तारीफ है।

बीकेटी में एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन लखनऊ की कार्यकारिणी का हुआ गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । जनपद में कृषि विभाग द्वारा खाद,बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों पर लगातार छापे डालकर प्रताड़ित करके उनके लाइसेंस निलम्बन/निरस्त करने सहित ईसीए की धारा 3/7 की कार्यवाही की जा रही है,जिससे पूरे प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है एवं व्यापारी अपनी दुकानें बंद किये हुए हैं।इस परिप्रेक्ष्य में संगठन ने बक्शी का तालाब स्थित मिलन लॉन में संगठन के पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए एक जनसभा का आयोजन किया,प्रमुख रूप से सर्वसम्मत से लखनऊ गोमती बीज विक्रेता बीबी एस मलिक को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम लखन यादव एवं महामंत्री प्रताप सिंह तथा कोषाध्यक्ष सोनम गुप्ता एवं संगठन मंत्री रवि सिंह व दीपक यादव को बनाया गया समिति में सचिव, विधि सलाहकार प्रचार मंत्री एवं मीडिया प्रभारी की भी नियुक्त की गई।समिति के अध्यक्ष ने खाद, बीज एवं कीटनाशक के विक्रय में आ रही बिंदुओं पर चर्चा की उन्होंने बताया कि उर्वरक निर्माता कम्पनियो द्वारा यूरिया 242 से लेकर 246 तक होलसेलर को बिल किया जा रहा है और इस पर केवल 4 से 5 रूपये ही भाड़ा दिया जा रहा है जबकि भाड़ा 25 से लेकर 30 रूपये तक आ रहा है और लोडिंग अनलोडिंग का भी 10 रूपये लग रहा है।जबकि भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी खाद रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचने चाहिए लेकिन कोई भी कंपनी एफओआर नहीं दे रही है। इसके अलावा 30 से लेकर 40% तक अन्य उत्पाद भी टैगिंग किया जा रहा है, वह जबरन दिया गया अन्य उत्पाद व्यापारियों के गोदाम में पड़ा रह जाता है और उसके कारण व्यापारियों की लागत बढ़ती जा रही है।ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित रेट 266.50 पर यूरिया किसानों को कैसे दी जाये जब व्यापारी को मिल ही नहीं रही है।

संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम लखन यादव ने बताया कि डीएपी और पोटाश पर भी ऐतिहासिक टैगिंग की जाती है जिससे किसानों तक पहुंचने में इसकी दरें बढ़ जाती हैं।

विभाग द्वारा कीटनाशक की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर व्यापारी के खिलाफ लाइसेंस निलम्बन और मुकदमे की कार्यवाही की जा रही है,जबकि उनकी सेल परमीशन लखनऊ से ही होती है और सभी के गोदाम भी वही पर है क्या उनकी वहां बगैर जांच किये परमीशन दी जा रही है ।

कीटनाशक अधिनियम की धारा 30 (3) के तहत व्यापारियों को यह साबित करने के लिए समय दिया जाना चाहिए कि उसने कंपनी के मूल उत्पादन में बिना छेड़छाड़ किए माल बेचा है तो संपूर्ण जवाबदारी निर्माता कंपनी की है,विक्रेता की नहीं।ऐसी स्थिति में यदि कोई कीटनाशक अमानक पाया जाता है तो संपूर्ण जवाबदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए न कि विक्रेता की क्योंकि हम कंपनी के मूल पैकिंग में ही माल बेचते हैं,और सिर्फ वही कंपनियों का उत्पादन बेचते हैं जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में की अनुमति जारी की जाती है।एसोसियेशन की मांग है कि हम सरकार और किसानों के साथ है हमें फर्टिलाइजर शासन द्वारा निर्धारित रेट में दिलाया जाये और सभी प्रकार की टैगिंग बंद की जाए तथा कार्यवाही व्यापारी पर न होकर केवल निर्माता कम्पनी पर की जाये। तथा प्रदेश में जिन व्यापारियों पर कार्यवाही की गयी है और 3/7 का मुकदमा दर्ज हुआ है उसे निरस्त किया जाए ।संगठन के महामंत्री ने बताया कि बीज बेचने पर कंपनियों का प्रिंसिपल सर्टिफिकेट लाइसेंस पर अंकित करवाने के लिए बाध्य करना दूसरे जिले में बीज बेचने पर अलग से अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) लखनऊ से लेने के लिए बाध्य किया जाता है जबकि बीज अधिनियम 1966 बीज नियंत्रण आदेश 1983 में ऐसा कुछ दर्शाया नहीं गया है क्योंकि बीज व्यापारी जिला कृषि अधिकारी से अनुज्ञप्ति लेकर निर्यात कर सकता है तो पूरे प्रदेश या राष्ट्र में क्यों नहीं बेच सकता है यदि भारत सरकार द्वारा बीज अधिनियम 1966 बीज नियंत्रण आदेश 1983 में कोई परिवर्तन हुआ है तो इसकी एक गाइडलाइन स्पष्ट की जाए ताकि ये जो भ्रम की स्थिति है वो समाप्त हो बीज अधिनियम व वीज नियंत्रण आदेश के नियमानुसार व्यापार किया जा सके बीज व्यवसाय में दलहन तिलहन अनाज के बीजों को स्टॉक बोर्ड रेट बोर्ड पर अंकित हो तथा सब्जी के बीज इतने प्रकार के होते है कि उनको स्टॉक बोर्ड पर दर्शाना कठिन ही नहीं असंभव भी है।

संगठन मंत्री रवि सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार से अपील की है कि हमारी मांगों पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया जाए और इस स्थिति का उचित समाधान किया जाये अन्यथा हम सब व्यापारी लाइसेंस समर्पण करने का कार्य करेंगे। हमारी बातों पर विचार करते हुए कृषि मंत्रालय एवं कृषि विभाग को उचित मार्गदर्शन देकर व्यापारियों पर की जा रही अनीतिपूर्ण कार्रवाई को समाप्त करने का आदेश प्रदान करने तो कहा कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में खेती किसानी से किसान लाभान्वित हो रहे हैं किसानों की आय बढ़ रही है प्राइवेट कंपनियों का भी किसानों की आय बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान है इन्हें समय-समय पर प्रशिक्षित करके करने की आवश्यकता है।भारत सरकार बीएससी (ऑनर्स) कृषि स्नातक को ही उर्वरक,बीज एवं कीटनाशक बेचने का लाइसेंस देती है यदि इन्हें बिना टैगिंग के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएं तो समस्या का निदान निकल आएगा।साथ में जनमानस में हो रही गंभीर बीमारियों को ध्यान में रखते हुए जैविक कीटनाशक बनाने उनके उपयोग तथा उनका प्रचलन बढ़ने पर जोर दिया जाए।संगठन की बैठक में जनपद लखनऊ के 477 रिटेलर व्यापारी उपस्थित रहे सभी रिटेलर को अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सोमवार से आप सभी लोग किसान हित में दुकान खोलकर खाद कीटनाशक बीज बिक्री का काम नियमानुसार प्रारंभ करने को कहा।

कथा वाचक की रहस्यमयी मौत! भक्ति की वाणी पर भारी पड़ा मानसिक तनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ। श्रद्धा और भक्ति की आवाज़ अब सदा के लिए खामोश हो गई। दुबग्गा इलाके में रहने वाले 20 वर्षीय युवा कथा वाचक आलोक तिवारी की संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। जो युवक रामकथा और भागवत सुनाकर लोगों को आध्यात्म का मार्ग दिखाता था, वही खुद जिंदगी की सबसे कठिन परीक्षा में हार गया।

शनिवार सुबह जब आलोक अपने कमरे में मृत पाया गया, तो परिजनों के होश उड़ गए। पिता सोनू तिवारी ने आरोप लगाया है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक ल्लमानसिक हत्याङ्क है। उनका कहना है कि आलोक पिछले कुछ समय से गहरे तनाव में था, और एक युवती द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

परिजनों का दावा है कि आलोक रात करीब 1 बजे घर लौटा था और बहुत ही विचलित और बेचैन नज़र आ रहा था। अगली सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। आलोक के बैग और पर्स से कुछ निजी तस्वीरें और बातचीत के प्रमाण भी मिले हैं, जो इस मौत को सिर्फ एक 'आत्महत्या' नहीं रहने देते। सवाल ये है – क्या किसी ने भक्ति की शक्ति पर शक किया? क्या एक सच्चा संत बनने की राह पर चल रहे युवक को प्रेम की परीक्षा में जान देनी पड़ी? परिवार ने पुलिस आयुक्त को दिए गए शिकायती पत्र में मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और मानसिक उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में सख्त कार्यवाही की जाए। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है।

पूर्व राज्य मंत्री ने पौधारोपण कर कार्यकर्ताओं संग सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा । सरोजनीनगर मंडल के लगभग 80 बूथों के साथ साथ बूथ नं0-249 आजाद विहार कॉलोनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 123वें मन की बात कार्यक्रम को मुख्य अतिथि वीरेंद्र तिवारी पूर्व राज्यमंत्री ने सबके साथ सुना साथ ही डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस सप्ताह में उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम समापन के बाद वीरेंद्र तिवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। साथ ही सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। श्री तिवारी ने इस दौरान बूथ पर आयोजित ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क पर वृक्षारोपण भी किया । इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, बूथअध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सह बूथ अध्यक्ष अतुल शुक्ला शिवकुमार तिवारी पप्पू, बच्चा बाजपेई, आरधपीधसिंह सहित भाजपा पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

यूपी में जल निगम के कर्मचारियों को सरकार ने बनाया ज़िंदा लाश : वंशराज दुबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जल निगम के 23 हजार से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स के दर्द और उसपर योगी आदित्यनाथ सरकार की असंवेदनशीलता और चुप्पी के विषय पर आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने रविवार को इस महत्वपूर्ण विषय पर बयान जारी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जल निगम के लगभग 23,000 कर्मचारी व पेंशनर्स पिछले 6 महीनों से वेतन और पेंशन से वंचित हैं। वंशराज दुबे ने कहा कि 6 महीने से जल निगम कर्मचारियों के परिवारों की हालत इतनी गंभीर हो चुकी है कि उनके बच्चों की फीस, घर का राशन, इलाज, और बुजुर्गों की पेंशन तक रुकी हुई है। क्या यही है भाजपा का 'सबका साथ, सबका विकास' नीति? उन्होंने कहा कि वर्तमान में जल निगम के कर्मचारी 'ज़िंदा लाश' जैसे हालात में जीने को मजबूर हैं, कई कर्मचारियों ने तो आत्महत्या तक के विचार जताए हैं। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर विषय है जिसपर प्रदेश सरकार की चुप्पी भाजपा की असंवेदनशीलता और निकम्मेपन को दर्शाती है। वंशराज दुबे ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार में डीटीसी के रिटायर्ड कर्मचारियों की वृद्धावस्था पेंशन की लड़ाई लड़के उनकी सारी बकाया पेंशन को उनके खाते में पहुंचाने का काम किया, साथ ही उनकी रोकी गई पेंशन को फिर से शुरू कराया। वहीं, योगी आदित्यनाथ सरकार में जल निगम के कर्मचारी और पेंशनर्स अपने हक के पैसों के ना मिल पाने पर जिंदा लाश की तरह जीने को मजबूर है।

गुड़म्बा थाना क्षेत्रो में करेंट लगने से गायों की हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।नगर निगम जोन सात अंतर्गत शंकरपुरवा प्रथम, केशव विहार, कल्याणपुर, लखनऊ में एक अत्यंत दुखद घटना हुई जहाँ करंट की चपेट में आने से चार गायों की मृत्यु हो गई। इस घटना का संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने तत्काल नगर निगम की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने गायों के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।घटना की सूचना गुडंम्बा थाना पुलिस को दी गई है, जो मामले की जांच कर रही है। साथ ही जिला पशु चिकित्सा अधिकारी को भी जानकारी दी गई है।नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि मौके पर लगे एक बिजली के लोहे के पोल में करंट उतरने से यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलने पर लेस विभाग को अवगत कराया गया, जिनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ कर दी है।यह भी स्पष्ट किया जाता है कि घटनास्थल पर नगर निगम लखनऊ का कोई भी बिजली का पोल नहीं लगा था।

मन की बात से प्रेरित होकर बूथस्तर पर मे मनाया वृक्षारोपण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। को मण्डल अध्यक्ष विमल कुमार चौधरी के निर्देशानुसार भाजपा महानगर पश्चिम मण्डल दो में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री द्वारा माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाली मन की बात को ध्यान पूर्वक सुना गया। इस अवसर पर जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी प्रत्येक बूथ पर किया गया।कार्यक्रम में नगर मंत्री यू एन पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष विमल कुमार चौधरी, ओपी चतुर्वेदी, ओंकार सिंह यादव, अनीता यादव, मनोज चौरसिया राधिका प्रसाद आदि ने सक्रिय रूप से सहभाग किया।

भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष दोनों पक्षों से तहरीर, दर्ज हुआ क्रॉस मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम। लखनऊ, नगराम थाना क्षेत्र के ममईमऊ गांव में रविवार सुबह एक जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से दर्जनों लोग घायल हुए हैं और एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज और जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष से राम मिलन निवासी ममई मऊ ने दी तहरीर में बताया कि रविवार की तड़के सुबह विपक्षी मेवालाल अपने पुत्रों नरेन्द्र, अजीत, बेला प्रताप और बहुओं के साथ उसके दरवाजे पर आ धमके और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर विपक्षियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आई उसकी पत्नी मिठाना, बहन रानी, भाभी उर्मिला, शन्नो, सुनीता आदि को भी बेरहमी से पीटा गया। राम मिलन का आरोप है कि विपक्षियों ने फावड़ा व डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाईं।

वहीं दूसरे पक्ष से वेला प्रसाद तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि राम मिलन , फूलचंद्र, राजकुमार, शन्नी, रामविलास, रामदयाल, भानू आदि लोग उसकी जमीन के पास आकर गाली-गलौज करने लगे और फिर हमला कर दिया। वेला प्रसाद ने आरोप लगाया कि उन्हें और अन्य परिजनों को लाठी-डंडों से बुरी तरह मारा-पीटा गया। बचाव में आई उनकी पत्नी रोशनी को भी नहीं बख्शा गया और हमलावरों ने उसे भी लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है ।

उप्र में पांच एक्सप्रेस–वे के किनारे लगाये जाएंगें ढ़ाई लाख पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से रविवार को जानकारी दी गयी कि प्रदेश के पांच एक्सप्रेस–वे के किनारे लगभग ढ़ाई लाख पौधे लगाये जाएंगें। एक जुलाई से सात जुलाई तक वन महोत्सव के तहत चलने वाले अभियान ये पौधे लगाने की तैयारी है।

यूपीडा से मिली जानकारी के अनुसार बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे पर सर्वाधिक एक लाख 20 हजार पौधे लगेगें। इसी तरह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर साठ हजार, गंगा एक्सप्रेस–वे पर चालीस हजार, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे पर बीस हजार और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सबसे कम दस हजार पौधे लगाने की तैयारी है।

एक जुलाई से एक सप्ताह तक उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव मनाया जाएगा और इस दौरान वर्षा काल में प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में पौधरोपण के लिए कुल 2586 पौधशालाओं में 52.43 करोड़ पौधे तैयार हुए है।

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की छात्रवृत्ति लंबित होने पर मायावती ने चिंता जताई

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अलीगढ़ के राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कई जिलों के कॉलेजों के हजारों एससी-एसटी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं की लंबित छात्रवत्ति को लेकर चिंता जाहिर की है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि, छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर अब तक सही से समय पर निपटारा नहीं होने के कारण उनके भविष्य के अधर में लटकने के खतरे से लोगों में भारी बेचैनी व आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने लिखा कि उन्हें जो विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन के इस सम्बंध में बार-बार पत्राचार के बावजूद लखनऊ स्थित समाज कल्याण विभाग स्तर पर असंवेदनशीलता व लापरवाही बरत रहा है। इसका परिणाम यह है कि लगभग 3,500 दलित छात्र व छात्राओं के शिक्षण जीवन पर भारी खतरा मंडरा रहा है। चूंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों से ही अलीगढ़ का उक्त विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है, इसके सुचारु संचालन में भी सही रूचि लेकर खासकर हजारों दलित छात्र-छात्राओं की इस गंभीर समस्या का समाधान वे तत्काल जरूर निकालेंगे, ऐसी उम्मीद है।

आपातकाल के समय भूमिगत आंदोलन में सक्रिय साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु बरेली में हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां- सीतापुर । आपातकाल के पचास वर्ष पूरे होने पर मेगासिटी अपार्टमेंट बरेली में आयोजित संगोष्ठी में जनपद के लब्ध प्रतिष्ठित कवि एवं आपातकाल में भूमिगत रहकर कार्य करने वाले जुझारू कार्य कर्ता साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को सम्मानित किया गया। बरेली के लोकतंत्र रक्षक सेनानी कला भूषण राजेन्द्र सिंह पुंडीर ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम बरेली के जिलाध्यक्ष रोहित राकेश ने वरिष्ठ गीतकार कमल सक्सेना व लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजेन्द्र सिंह पुंडीर का अंगवस्त्र से अभिनन्दन किया। उत्कर्ष ललित कला अकादमी के तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए श्री मृदु ने आपातकाल के अनेकानेक संस्मरण सुनाते कहा आपातकाल भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का कला व भयावह अध्याय था जिसे कांग्रेस सरकार की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए समूचे देश पर थोपा गया था। डीआईआर व मीसा जैसे कानूनों विपक्षी नेताओं सहित लगभग सवा लाख निर्दोष लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया था। मानवाधिकार समाप्त कर दिए गए थे व समाचार पत्रों पर सेंसर थोप दिया गया था। जेलों में और बाहर हजारों निर्दोष लोगों पर अमानुषिक अत्याचार किये गये व उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं। श्री मृदु ने बताया उस समय वे लखनऊ विश्वविद्यालय के सुभाष छात्रावास में रहकर विज्ञान स्नातक की पढ़ाई कर रहे थे व भूमिगत आंदोलन में सक्रिय थे व अनेक बार जेल जाते जाते बचे। उन्होंने उस समय की रचना के माध्यम से अमानुषिक अत्याचारों का जीवंत चित्रण किया

यदि कहीं यातना शिविरों का तुमने शतांश देखा होता ,तो सच कहता हूं असहनीय पीडा से हृदय दहल जाता।

पत्थर दिल व्यक्ति पिघल जाता।।

जब पैशाचिकता के आगे मानवता चीखी चिल्लाई।

लेकिन दानवता के मन में बिल्कुल भी दया नहीं आई।।

जब काशी के गुदोलिया चौराहे पर संघ के प्रचारक श्री जवाहर को कुत्तों से नुचवाया।

कितने ही छात्रों को नंगा कर जलती सिगरेटों से दगवाया।।

अब भी लखीमपुर के स्वदेश के नाखूनों में विद्यमान।

जो गईं चुभोईं आलपिने उन के जीवित जागृत निशान।।

जब शाहजहांपुर के अध्यापक श्रीराम को पीट पीट कर उनका जबड़ा तोड़ दिया।

कितनों के घुटनों को तोड़ा लूला लंगड़ा कर छोड़ दिया।।

दम तोड़ दिया कितनों ने ही यह विकट यातनाएं सहते।

थक जाओगे सुनते गिनते।।

यदि पत्रकार यदुनंदन को तुमने पिटते देखा होता तो सच कहता हूं असहनीय पीडा से हृदय दहल जाता।

पत्थर दिल व्यक्ति पिघल जाता।।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजेन्द्र सिंह पुंडीर ने कहा उस समय का आलम तो यह था कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थान स्थान से तैयार की गई सूचीके आधार पर बग़ैर किसी जांच-पड़ताल के पुलिस जिसे चाहे जेल भेज देती थी। कहीं सुनवाई नहीं थी न दलील न अपील न वकील। उस समय जयप्रकाश नारायण के संरक्षण में गठित लोकतंत्र रक्षक समिति के माध्यम से पूरे देश में भूमिगत आंदोलन चलाया गया जिससे घबरा कर अंततोगत्वा उन्नीस माह पश्चात लोगों को जेलों से छोडा गया।

इसी क्रम में कमल सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त किये । संगोष्ठी का संचालन रोहित राकेश ने किया। वंदेमातरम् के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

हुसैन ने कहा कभी जालिम के आगे सर मत झुकाओ चाहे सर कटाना पड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। तीन मोहर्रम की मजलिस को मौलाना आबिद फतेहपुरी ने हुसैनिया बादल खॉ इमामबाड़े में पढ़ी। उन्होंने कहाकि इमाम हुसैन अलैहिस्लाम से जब पूछा गया कि भाई और दोस्त में फर्क क्या है, हुसैन ने कहा भाई सोना है दोस्त हीरा है, सोने में दरार पड़ने पर उसको भरा जा सकता है, हीरे में दरार पड़ने पर उसको नहीं भरा जा सकता। हुसैन ने कहा एक जमाना ऐसा आयेगा कि लोग कीमती लेबास/कपड़ा पहनकर बाजारों में अकड़कर चलेंगे लेकिन उनको यह पता न होगा कि उसी बाजार में उनका कफन भी मौजूद है। यहा पर कहने का तात्पर्य यह हैकि इन्सान को उस पालने वाले को कभी भूलना नहीं चाहिए बल्कि हमेशा याद रखना चाहिए और हमेशा हक व सच्चाई के साथ रहना चाहिए।मजलूमो की मदद हमेशा करनी चाहिए।

चोरी की योजना बनाते 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर, अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री दिनेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 04 शातिर अभियुक्तगण 1.राजकुमार पुत्र शत्रुहन लाल निवासी ग्राम बेनीपुर मजरा जफराबाद थाना बिसवां जनपद सीतापुर 2.महेन्द्र यादव पुत्र काशीराम यादव निवासी ग्राम सलेमपुर थाना मानपुर,सीतापुर 3.धनपाल पासी पुत्र स्व0 मेवालाल पासी निवासी ग्राम जफराबाद थाना बिसवां,सीतापुर 4.शिशुपाल पासी पुत्र स्व0 मेवालाल पासी निवासी ग्राम जफराबाद थाना बिसवां,सीतापुर को इटदहा गांव के मोड़ पर रोड के पार स्थित मंदिर के पीछे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण उपरोक्त से चोरी करने के उपकरण एक अदद चाभियों का गुच्छा, एक अदद पेचकस, एक अदद प्लास, एक अदद लोहे की सरिया, एक अदद प्लास्टिक की टार्च तथा अभियुक्त राजकुमार उपरोक्त से एक अदद देशी तमंचा नाजायज .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुए। बरामदगी/गिरफ्तारी के संबंध में अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

झोला छाप डॉक्टरों पर सीएचसी अधीक्षक की कार्रवाई

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। खैराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहिल फरीद एवं बीपीएम अनुज तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को मधवापुर चौराहे पर झोला छाप चिकित्सकों के क्लीनिकों पर छापा मारा। हाल ही में इलाज के दौरान एक महिला की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई।छापेमारी के दौरान कुछ झोला छाप चिकित्सक अपने-अपने क्लीनिक बंद कर मौके से फरार हो गए। टीम ने मृत महिला के इलाज से जुड़ी जानकारियां जुटाईं और क्लीनिकों में उपलब्ध संसाधनों की जांच की।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहिल फरीद ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त डिग्री व रजिस्ट्रेशन के यदि कोई व्यक्ति क्लीनिक या अस्पताल संचालित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसे फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग का यह कदम अवैध और जानलेवा चिकित्सा गतिविधियों पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गैगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष मैलानी के नेतृत्व में थाना मैलानी पुलिस द्वारा, मु0अ0स0 274/25 धारा 2(ख)(द्व)/3 गैगस्टर एक्ट थाना मैलानी खीरी में वांछित अभियुक्त रहीश पुत्र बाबू मंशूरी उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम कुकरा थाना मैलानी जिला खीरी को कुकरा जटपुरा जाने वाली रोड पर सोसाइटी के पास से गिरफ्तार कर विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया है गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में.उ0नि0 अबलीश कुमार थाना मैलानी जनपद खीरी हे0का0 कुलदीप कुमार थाना मैलानी जनपद खीरी .का0 सौरभ यादव थाना मैलानी जनपद खीरी

थाना सम्पूर्णानगर पुलिस टीम ने लोगों को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व मे थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, खजुरिया खडंजा शमशान घाट के पास ग्राम कमलापुरी से अभियुक्त परमजीत सिंह उर्फ पम्मी पुत्र गुरुमुख सिंह निवासी बाजारघाट थाना हजारा जनपद पीलीभीत को एक प्लास्टिक की बोरी मे 800द्वद्य के कुल 40 पाउच की पन्निया में करीब 32 लीटर अवैध कच्ची शराब व उसमे प्रयुक्त एक अदद मोटर साईकिल बजाज पल्सर पंजीयन सं0- 26 0158 सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 120/2025 धारा 60/72 EX ACT पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। पुलिस टीम में उ0नि0 राजकुमार यादव थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी .का0 दुष्यन्त कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी .का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी.का0 नरेन्द्र कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी.का0 प्रदीप कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

लखीमपुर खीरीः सेन्ट्रो कार से 2 क्विंटल भैंस का मांस बरामद, युवक गिरफ्तार* थाना खीरी पुलिस ने एक सेन्ट्रो कार से अवैध रूप से ले जाया जा रहा 2 क्विंटल भैंस का मांस बरामद किया है। पुलिस ने मौके से शाहरुख पुत्र नफीस अहमद, निवासी मोहल्ला बाजार, खीरी को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 28 जून को मुखबिर की सूचना पर की गई। आरोपी लहरपुर से मांस लेकर खीरी कस्बा बेचने आ रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर कार को पकड़ा, जिसमें मांस मिला। पशु चिकित्सक की जांच में मांस भैंस का पाया गया।

बरामद मांस को कब्जे में लेकर उचित प्रक्रिया के तहत जमीन में दफनाया गया है। आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम व उगट्ट की धारा 325 के तहत केस दर्ज कर कार सीज कर दी गई है। गिरफ्तारी टीम में शामिल रहेः उनि साधना यादव, कां. जगदीश यादव, कां. जितेंद्र, कां. दीपक।

कांग्रेस ने राष्ट्रीय अखंडता को चोट पहुंचाने का प्रयास किया - संजय सेठ

कानपुर। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश, एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर अपना बलिदान दिया था। देश में 1947 में आजादी मिलने और 1950 में संविधान लागू होने के तत्काल बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया। डॉ मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे, लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर में धारा 370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया। यह बातें रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कही। जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा दक्षिण जिले के सभी 1162 बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एक पेड़ अपनी मां के नाम वृक्षारोपण कर सरल ऐप पर सेल्फी अपलोड करी।

सीएचसी में दो नए एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को परेशानी हो रही थी। पिछले काफी समय से सिर्फ दो एमबीबीएस डॉक्टरों के भरोसे सीएचसी चल रही थी। लेकिन अब लखनऊ से आए नोडल अधिकारी के निरीक्षण के बाद दो नए एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती की गई है। डॉ जीतू गौतम और डॉक्टर प्रियंका गौतम को पूरनपुर सीएचसी में भेजा गया है।जिससे अब सीएचसी में चार एमबीबीएस डॉक्टर हो गए हैं। इससे मरीजों को काफी लाभ मिलेगा और उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। हालांकि,अभी भी सीएचसी में सर्जन डॉक्टर की कमी है।नए डॉक्टरों की तैनाती से मरीजों को अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद है। सीएचसी प्रशासन ने नए डॉक्टरों का स्वागत किया है और उन्हें अपने कार्यों में सहयोग करने का आश्वासन दिया है।आपको बताते चले कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तौफीक अहमद कादरी एवं नादिर रजा बरकाती पूर्व में डॉक्टरों की कमी को लेकर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री सहित स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं।

भीरा-पलिया रेलवे ट्रैक पर रेलवे विभाग ने शुरू किया अनुरक्षण कार्य, प्रशासन सतर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी।जिला प्रशासन, लखीमपुर खीरी भीरा-पलिया रेलवे ट्रैक को जलभराव और पानी के रिसाव से होने वाली संभावित क्षति से बचाने के लिए रेलवे विभाग ने आज ट्रैक अनुरक्षण एवं सुरक्षा कार्य प्रारंभ कर दिया है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह समस्त कार्य रेलवे विभाग के अधीन है, इसका बाढ़ खंड से कोई संबंध नहीं है। प्रशासन की सख्ती, कानून व्यवस्था दुरुस्त स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एसडीएम पलिया और सीओ पलिया स्वयं मौके पर मौजूद हैं और पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं।

पूर्व में इस क्षेत्र में जो जाम की स्थिति उत्पन्न हुई थी, उसे प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समाप्त करा दिया है।

यातायात सामान्य, डरने की जरूरत नहीं

फिलहाल पलिया-भीरा मुख्य सड़क मार्ग पर यातायात पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित हो रहा है और किसी प्रकार की बाधा की सूचना नहीं है।

मौके की तस्वीरें और वीडियो प्रशासन ने साझा किए

स्थिति की पारदर्शिता और सटीक जानकारी के लिए जिला प्रशासन ने मौके की ताज़ा तस्वीरें और वीडियो भी संलग्न कर जारी किए हैं, जिससे क्षेत्र की स्थिति का आकलन किया जा सके।

रेलवे विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आमजन को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

राष्ट्रपति का दो दिवसीय गोरखपुर दौरा कल से, एम्स के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 30 जून को गोरखपुर पहुंचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार हैं। दो दिन में राष्ट्रपति यहां तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी। दोनों दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार (30 जून) को दोपहर को गोरखपुर आएंगी और एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति 1 जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर भी जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है।

राष्ट्रपति मुर्मु गोरखपुर में एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी और अपने कार्यक्रमों के हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही सफर करेंगी। राष्ट्रपति पहले दिन एयरपोर्ट, सर्किट हाउस, एम्स और गोरखनाथ मंदिर आने-जाने में कुल मिलाकर 37 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से पूरी करेंगी। जबकि अगले दिन सर्किट हाउस, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पिपरी भटहट, गोरखनाथ मंदिर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम सोनबरसा और एयरपोर्ट तक आवागमन में कुल 92 किलोमीटर सड़क मार्ग से यात्रा करेंगी।

आठ साल में गोरखपुर में राष्ट्रपति का चौथा दौरा

मुख्यमंत्री योगी अपने आठ साल के कार्यकाल में चौथी बार गोरखपुर में राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे। इससे पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का गोरखपुर में स्वागत कर चुके हैं। अब वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत कर मुख्यमंत्री योगी एक नया कीर्तिमान रचेंगे।द्रौपदी मुर्मु ऐसी पहली राष्ट्रपति होंगी, जो गोरखपुर में इतनी लम्बी सड़क यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति के आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और दोनों स्थानों तक के रूट का जायजा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ले चुके हैं। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

सेंट मार्क्स चर्च में यूथ संडे मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । रविवार को गोरखपुर महानगर के पादरी बाजार परिक्षेत्र के स्टर्पुर में स्थित सेंट मार्क्स चर्च में यूथ संडे मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता रेव्ह रोशन लाल(डीन ऑफ गोरखपुर) रहे।जिनका स्वागत युथ के अध्यक्ष सैमी जूलियस और उपाध्यक्ष स्मिथ प्रकाश ने किया,और चर्च कमेटी की सदस्य संगीता और संडे स्कूल की टीचर एलविना मसीह,डब्ल्यू0 एफ0 सी0एस0 की प्रेसिडेंट अरुणा सोलेस ने बुके देकर रेव्ह रोशन लाल जी का स्वागत किया।ईवा जुलिअस ने सेंट मार्क्स युथ के बारे में एक संछिप्त परिचय प्रस्तुत किया। ईवा जूलियस,लैप्शिबा लॉरेंस,आश्रिता मसीह ने प्रभु के सुंदर गीतों को प्रस्तुत किया।शालिनी,स्मिथ प्रकाश, लैप्शिबा लॉरेंस ने बाइबिल के पाठ को पढ़ा रितिका, अंशिका,रोमा,अमरीशा ने देश/प्रदेश में शांति एकता, बेरोजगारों, बीमारों, कलिसिया, छात्रों, धर्मगुरुओं के लिए बारी बारी प्रार्थना की।आर्यन,रोहन,अर्पित,कैटरीना,आशरिता ने स्किट/मायम के द्वारा खोई हुई भेड़ों का जीवंत रूप में लघु नाट्य प्रस्तुति किया ।

रेव्ह रोशन लाल ने प्रभु का वचन देते समय यह बताया कि प्रभु यीशु मसीह ही अच्छा चरवाहा है जो अपने भेड़ के लिए अपनी जान देता है,और खोई हुई भेड़ों को खोजता है।जो लोग भटक कर गलत रास्ते पर चले गए है उनको सही रास्ते पर लाना ही अच्छे चरवाहे का काम है। चर्च के सचिव अमित रॉबर्ट ने रेव्ह रोशन लाल के पुनः वाईस प्रेसिडेंट डायसिस चुने जाने पर कलिसिया के ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि आपके नेतृत्व में डायसिस और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। इस मौके पर युथ के निम्नलिखित सदस्य ईवा जूलियस, स्मिथ प्रकाश,कैटरीना दयाल,अमरीशा दयाल, एलवीना दयाल, रितिका,रोमा याक़ूब,शालिनी,रॉनी जेकब,एलिशिबा,लैप्सीबा,रोहन,आर्यन,अभिषेक याक़ूब,अर्पित और चर्च कमेटी के वरिष्ठ सदस्य गृजेश दयाल ,रवि एडवर्ड,संजीत पॉल,आदि उपस्थित रहे।यूथ के प्रेसिडेंट सैमी जूलियस ने अंत मे सबको धन्यवाद प्रेषित किया।

खेत जोत रहे किसान पर 11000 लाइन का तार गिरा

खैराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अंतर्गत ग्राम दतेली में बीती देर शाम अपनी खेत में टैक्टर से जुताई कर रहे किसान पर 11000 लाइन का तार गिर पड़ा वह अपने बेटे को ट्रैक्टर को बैठा खेत जोत रहा था। तार गिरने से उसका पैर तथा हाथ बुरी तरीके से जख्मी हो गया तथा उसको छुड़ाने का प्रयास कर रहे हैं वह उसका पुत्र भी जख्मी हो गया जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम 6:00 बजे ग्राम दतेली में जयकार 40 वर्ष पुत्र पूरन अपने 22 वर्षीय बेटे सुधीर के साथ ट्रैक्टर से अपना खेत जोत रहा था कि अचानक 11000 लाइन का तार टूट कर उसके ट्रैक्टर पर आ गिरा। जिससे कि उसकी एक टांग तथा एक हाथ बुरी तरीके से जल गया उसको छुड़ाने के चक्कर में उसका पुत्र भी बुरी तरीके से घायल हुआ परिजनों ने पिता पुत्र को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में भर्ती कराया जहां से उन्हें जिला अस्पताल सीतापुर के लिए रेफर दिया गया है परिजनों ने बताया कि दोनों की हालत अभी खतरे से बाहर नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर तार कई बार गिर चुका है बीते 8 महीने पहले तार गिरने से एक किसान की मौत हो गई थी लेकिन तब भी विभाग प्रार्थना पत्र के बावजूद की ध्यान नहीं दे रहा है थाना अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि घटना के विषय में जानकारी हुई है।

मकसूद उर्फ मस्सन को धम्मौर पुलिस ने किया गिरफ्तार

धम्मौर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस को मिली बड़ी सफलता थाना अध्यक्ष अंजू मिश्रा ने कहा अपराध करने वाले किसी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे। थानाध्यक्ष अन्जू मिश्रा मय हमराही कर्म0गण द्वारा थाना धम्मौर में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 122/25 धारा 69 /351(3) बी0एन0एस0 थाना धम्मौर जनपद सुलतानपुर से सम्बन्धित अभियुक्त मकसूद उर्फ मस्सन पुत्र मो0 अहमद उर्फ रोज्जन निवासी ग्राम लौहर दक्षिण थाना धम्मौर जनपद सुलतानपुर को मुखबिर की निशादेही पर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने उसे एम0एस0 मैरेज लान की तरफ जाने वाली रोड दूबेपुर भाँई रोड तिराहे के पास वहद ग्राम लौहर दक्षिण से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष अंजू मिश्रा, उप निरीक्षक अनिल कुमार अवस्थी, हेड कांस्टेबल सुशील शुक्ला ,हेड कांस्टेबल हीरामन साहनी, प्रदीप चौधरी आदि शामिल रहे।

निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान हुई मौत पर नहीं हुई कार्यवाही

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएमओ और उनके स्वास्थ्य विभाग के जांच अधिकारियों का कारनामा सामने आया है। हनुमंत हॉस्पिटल में महिला की मौत के मामले में जांच रिपोर्ट में लापरवाही की पुष्टि हुई थी। बावजूद इसके अब तक हॉस्पिटल सीज नहीं किया गया। और रजिस्ट्रेशन भी रद नहीं हुआ। दोषी डॉ. मानसी तोमर समेत अन्य पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। शानादेश के विपरीत डॉ. डीबी सिंह हनुमंत हॉस्पिटल में ड्यूटी कर रहे थे। इस बात की जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई है। हाईकोर्ट की फटकार पर शासन ने जनवरी में डॉक्टरों की प्रैक्टिस पर रोक लगाई थी। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की गई थी। बावजूद इसके खुलेआम पत्नी के नाम से संचालित हॉस्पिटल को डॉ. डीबी सिंह चला रहे हैं। आखिर क्यों हॉस्पिटल संचालक से लेकर डॉ. डीबी सिंह तक को सीएमओ बचा रहे हैं।

दो दिवसीय दौरे पर ब्रज भ्रमण को पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री ने किए बांकेबिहारी जी के दर्शन

मथुरा। दो दिवसीय दौरे पर ब्रज भ्रमण पर पहुंचीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार की सुबह बांकेबिहारी मंदिर पहुंची। जहां पर उन्होंने परिवार सहित बांकेबिहारी के दर्शन कर सुख शांति की कामना की। इस मौके मंदिर सेवायतों द्वारा पूजन अर्चन कराया गया। सेवायतों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को प्रसादी पटका और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और ठाकुरजी का प्रसाद भेंट किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज बांकेबिहारी लाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। बड़ा ही सौभाग्य का दिन है कि बांकेबिहारी की देहरी पर अपना माथा टेका है। इससे पूर्व दिल्ली की मुख्यमंत्री ने गोवर्धन में गिरिराज जी की तलहटी में पहुंचकर प्रभु की सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई थी। दानघाटी मंदिर में गिरिराज प्रभु की पूजा अर्चना सम्पन्न होने के बाद उन्होंने गिरिराज जी की 21 किलोमीटर परिक्रमा शुरू की।

उत्तर प्रदेश सरकार पंचगव्य इकाइयां, गोबर पेंट और जैविक खाद संयंत्र करेगी स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के सभी 75 जिलों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और गाय आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए उपंचगव्य औषधि, गोबर पेंट और जैविक खाद की इकाइयां स्थापित करेगी।

इस पहल के लिए प्रत्येक जिले से एक गौशाला का चयन किया गया है और इसे राज्य के 'एक जिला-एक नवाचार' ढांचे के तहत आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार न केवल गाय आधारित अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित कर रही है बल्कि एक आत्मनिर्भर और समृद्ध ग्रामीण उत्तर प्रदेश का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है। ये आत्मनिर्भर गौशालाएं जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए केंद्र के रूप में काम करेंगी साथ ही स्थानीय समुदायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगी। सरकार ने स्थानीय शक्तियों और संसाधनों के आधार पर जिला-विशिष्ट ग्रामीण नवाचार रणनीति तैयार की है। महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और युवाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों, गोबर आधारित ईंटों, बायोगैस, जैव उर्वरकों, गोमूत्र दवाओं और जैव बीजों के उत्पादन और विपणन में प्रशिक्षित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने रविवार को यहां बताया कि प्रत्येक चयनित गौशाला को गाय संरक्षण और गाय आधारित आर्थिक गतिविधियों दोनों के लिए एक केंद्र में तब्दील किया जाएगा। स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए इन आश्रयों में बायोगैस संयंत्र भी लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, निर्माण और ईंधन के उपयोग के लिए उपयुक्त गाय के गोबर की ईंटों का उत्पादन किया जाएगा ताकि टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा सके।

यह नवाचार-संचालित पहल ग्रामीण युवाओं को स्थानीय रोजगार के अवसरों से सशक्त बनाएगी, पलायन को रोकेगी और स्वदेशी संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करेगी।

दलित व जनजाति वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति की समस्या का समाधान करें

मायावती ने की मुख्यमंत्री योगी से अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से संबद्ध कई जिलों के दर्जनों कालेजों के दलित व जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति का मामला उठाते हुए मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) से इसके समाधान का अनुरोध किया है।

बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से संबद्ध कई जिलों के दर्जनों कालेजों के हजारों एससी/एसटी वर्ग (अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग) के छात्र व छात्राओं की छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर अब तक सही से समय पर निपटारा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि इसके कारण छात्र-छात्राओं के भविष्य के अधर में लटकने के खतरे से लोगों में भारी बेचैनी

व आक्रोश व्याप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री ने ख़ुद को मिली जानकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की ओर से भी इस सम्बंध में बार-बार पत्राचार के बावजूद लखनऊ स्थित समाज कल्याण विभाग स्तर पर असंवेदनशीलता व लापरवाही बरती गई है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि लगभग 3,500 दलित छात्र व छात्राओं के शैक्षणिक जीवन पर भारी खतरा मंडरा रहा है। मायावती ने एक पोस्ट में कहा, चूंकि माननीय मुख्यमंत्री जी के विशेष प्रयासों से ही अलीगढ़ का उक्त विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है, इसलिए आशा है कि वह इसके सुचारु संचालन में रूचि लेकर खासकर हजारों दलित छात्र/छात्राओं की गंभीर समस्या का तत्काल समाधान निकालेंगे। राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में स्थित एक राज्य विश्वविद्यालय है, जिसका 14 सितंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिलान्यास किया था। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध कई जिलों के कॉलेजों में पढ़ने वाले दलित और जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलती है। कुछ छात्रों ने शिकायत की है कि उनके छात्रवृत्ति फॉर्म विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं।

एक कार्ड, एक विश्वविद्यालय' योजना को साकार करने की ओर काशी हिन्दू विवि

एजेंसी

केन्द्रीय ग्रंथालय में पायलट परियोजना के रूप में लागू, विद्यार्थियों को वितरित किये जा रहे हैं रेडियो फ्रिक्वेंसी से लैस आईडी

वाराणसी। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य सदस्यों को बेहतर व सुविधाजनक परिसर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने एक खास पहल की है। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय ने रेडियो फ्रिक्वेंसी से लैस आई डी कार्ड जारी करने आरंभ कर दिये हैं। शुरुआत में विश्वविद्यालय स्थित सयाजी राव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रंथालय में पायलट परियोजना के रूप में यह पहल की गई है। इन कार्ड के इस्तेमाल से पुस्तक निर्गमन एवं वापसी की प्रक्रिया और अधिक सरल, त्वरित और पारदर्शी हो सकेगी। इस तकनीक की मदद से विद्यार्थी आसानी से यह जान सकेंगे कि कौन सी पुस्तक उपलब्ध है और वह पुस्तकालय के किस खंड में रखी गई है। साथ ही स्मार्ट आरएफआईडी कार्ड की सहायता से पुस्तकालय में प्रवेश और उपस्थिति की प्रक्रिया भी डिजिटल हो गई है। अब विद्यार्थियों और कर्मचारियों को लंबी कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्ड को केवल टर्मिनल पर टैप करने से उपस्थिति स्वतः दर्ज हो जाएगी, जिससे मैनुअल एंट्री और रजिस्टर पद्धति समाप्त हो जाएगी। ये कार्ड लागू होने से सयाजी राव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रंथालय अब अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित स्मार्ट लाइब्रेरी के रूप में नई पहचान प्राप्त कर रहा है। केन्द्रीय ग्रंथालयी डॉ. डी. के. सिंह ने बताया कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय संभवतः देश का पहला ऐसा संस्थान है, जहाँ इतनी विशाल पुस्तक संपदा वाले पुस्तकालय में इस तकनीक को लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रंथालय में वर्तमान में 16 लाख से अधिक पुस्तकें, लाखों बाउंड पीरियॉडिकल्स, 13,795 जर्नल्स और 12,556 दुर्लभ पांडुलिपियाँ संग्रहित हैं। इसके लगभग 36,000 उपयोगकर्ता हैं, जिनमें विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक और कर्मचारी शामिल हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में इस स्मार्ट आरएफआईडी कार्ड तकनीक का विस्तार विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों, संकायों, महाविद्यालय और विभागीय पुस्तकालयों तक किया जाएगा। साथ ही साथ ग्रंथालय के संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन एवं उपयोगकर्ताओं द्वारा सहज प्रयोग संभव हो सकेगा। छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा ने बताया कि आरएफआईडी कार्ड विश्वविद्यालय द्वारा लागू एक नई व प्रभावी सुविधा है। विश्वविद्यालय में इन कार्ड का वितरण आरंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस कार्ड का प्रयोग उपस्थिति दर्ज करने तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर हेल्थ डायरी के रूप में भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय द्वारा उठाए गए अनेक क़दमों की दिशा में आरएफआईडी कार्ड नवीनतम कदम है। 'एक कार्ड, एक विश्वविद्यालय' योजना को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे विश्वविद्यालय की अनेक सुविधाओं से जोड़ने का प्रस्ताव है, जैसे तरणताल, खेल सुविधाएं आदि। इस कार्ड के पूरी तरह से प्रयोग में आने पर न सिर्फ अनेक पहचान पत्रों की ज़रूरत ख़त्म हो जाएगी बल्कि यह वर्तमान में जारी प्लास्टिक कार्ड का भी बेहतर विकल्प साबित होगा।

भुइयारानी मंदिर मेला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हमीरपुर। रविवार को कुरारा क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित प्राचीन भुवनेश्वरी भुइयारानी मंदिर में आषाढ़ मास के तीसरे रविवार को मेला आयोजित किया गया। देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में भौरियां बनाकर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कई प्रदेशों व गांव क्षेत्र के भक्तों की भीड़ एकत्रित रही।

झलोखर गांव में प्राचीन मां भुवनेश्वरी भुइयारानी का मंदिर स्थित है, इस मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक रविवार को भक्तों का आवागमन रहता है। यहां की ऐसी मान्यता है कि बात, गठिया रोग में इस मंदिर की मिट्टी के लेप करने से दूर हो जाता है। मंदिर में कुम्हार बिरादरी के पुजारी हैं। पुजारी निर्भय दास प्रजापति ने बताया कि आषाढ़ मास में इस मंदिर की महत्ता बढ़ जाती है तथा प्रत्येक रविवार को ब्लाक क्षेत्र के गांवों के लोग मंदिर परिसर में आग के उपले में भौरियां बनाकर खाते हैं तथा मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। वहीं ग्राम के बालेंद्र सिंह ने बताया कि इस मंदिर की रज (मिट्टी) का महत्व विशेष हो जाता है।

बाइक में ट्रैक्टर ने सामने से मारी टक्कर, युवक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर मोड पर अपनी बुआ के घर जा रहा एक 28 वर्षीय युवक की बाइक में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर दशा में घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तत्काल घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई।

मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर उसे सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना हरचंदपुर क्षेत्र के गांव अडोबर पोस्ट चौहानिया का रहने वाला अमरीश मिश्रा (28) पुत्र उमेश मिश्रा शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ढ़ेकवा पहाड़पुर गांव अपनी बुआ के यहां जा रहा था। जैसे ही वह हसनपुर मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर होकर सड़क पर बाइक समेत गिर गया और उसके जबड़े फटगए। स्थानीय लोग दौड़े, तत्काल घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायल को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार होता न देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। परिजनों ने बताया कि, घायल अमरीश मिश्रा का सड़क हादसे में जबड़ा फट गया था। जिसके कारण जिला अस्पताल में 10 टांके अंदर से और 10 टांके बाहर से लगाए गए हैं तथा इलाज के बाद गर्मी अधिक होने के कारण डॉक्टर ने घर जाने की अनुमति दे दी है, और सोमवार को पुनः अस्पताल में जांच करने की बात कही गई है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि, घटना की जानकारी हुई है। यदि परिजनों द्वारा तहरीर दी गई तो ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करी जाएगी।

शिविर में ऑटिज्म एवं ब्रेल शैक्षणिक पद्धति पर दिया ज़ोर : डॉ. मुक्ता गर्ग

एजेंसी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मानव विकास विभाग में संचालित चार दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का समापन पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने सामान्य एवं दिव्यांग बच्चों के लिए बनाई गई शैक्षणिक सामग्री की प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह जानकारी रविवार को कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुक्ता गर्ग ने दी।

डॉ. मुक्ता गर्ग ने बताया कि इस चार दिवसीय शिविर में डॉ. सुमेधा चौधरी और रेनू के मार्गदर्शन मे छात्राओं ने आयोजित अलग-अलग क्रियाओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसके साथ ही संगीत, क्राफ्ट, आर्ट एवं खेलों द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य एवं अस्वस्थ भोजन, विभिन्न जलवायु, विज्ञान के तथ्यों आदि की

जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि बच्चों ने फायरलेस कुकिंग के ज़रिये व्यंजन बनाए तथा उनका आनंद लिया।कहानी एवं नाटक के माध्यम से वन्य जीवो के प्रति प्रेम एवं मानव जीवन में उनके महत्व का ज्ञान दिया गया।

छात्राओं ने डॉ अदिति दत्त के मार्गदर्शन में सामान्य एवं दिव्यांग बच्चों के मानसिक, सामाजिक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए तैयार सामग्री का प्रदर्शन किया। इन सभी क्रियाओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से ऑटिज्म एवं ब्रेल पद्धति पर शैक्षणिक सामग्री प्रस्तुत की गई। साथ ही संज्ञानात्मक विकास, संवेदनात्मकविकास, सामाजिक विकास एवं आई-हैंड कोऑर्डिनेशन से संबंधित क्रियाओं और मॉडल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान संकाय डॉ सीमा सोनकर ने छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा की तथा कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी। बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए पक्षियों के लिए परांदा भी लगाए गए। इस कार्यक्रम में उपस्थितजनो, शिक्षिकाओ एवं प्रतिभाग करने वाले बच्चों के परिजनों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर सामुदायिक विज्ञान की शिक्षिकाएं डॉ.ऋतु पाण्डेय,डॉ. एकता शर्मा, डॉ. अर्चना सिंह एवं डॉ. संघमित्रा महापात्रा आदि उपस्थित रही।

सीओ ऑफिस में आयोजित किया गया विदाई समारोह

डलमऊ,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डलमऊ सीओ ऑफिस में उर्दू अनुवादक (बाबू) के सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समस्त पुलिस स्टाफ व क्षेत्र वासियों के द्वारा सेवानिवृत्ति हुए उर्दू अनुवादक (बाबू)को अंग वस्त्र बुके व फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया। रविवार को सीईओ ऑफिस में डलमऊ कोतवाल श्याम पाल की अध्यक्षता में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया । सीईओ ऑफिस में लाइक अहमद उर्दू अनुवादक(बाबू) के पद पर तैनात कई सालों से सेवा दे रहे थे उनकी कार्यशैली और हंसमुख व्यवहार से से क्षेत्र के लोग काफी भी प्रभावित थे लाइक बाबू के सेवानिवृत्ति की खबर सुनकर क्षेत्रवासी सीईओ ऑफिस में फूल माला व गिफ्ट लेकर पहुंचने लगे क्षेत्र वासियों ने आपस में उनके व्यवहार की चर्चा करते हुए नम आंखों से विदाई दी। इस अवसर पर डलमऊ कोतवाल श्याम पाल सब इंस्पेक्टर अबरार हुसैन नसीरुद्दीन दीवान पुष्पेंद्र सिंह कांस्टेबल रविकांत रोहित कुमार पीयूष कुमार होमगार्ड राम सुमेर धमधामा प्रधान मुबीन अहमद मो फारूक सरदारगंज बचोले मिश्रा सुनील कुमार एडवोकेट सरवर खान नेमल हसन राम शंकर मौर्य राजू खान आज़मी खान सैकड़ो सभ्रांत नागरिक व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

चोरी के सामान के साथ 6 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत चलाया गया वहां वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर गुरु बक्शगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शिव बाबू सिंह चौहान पुत्र राजकरण निवासी राम पुर कुलही मजरे रूपामऊ में रवि पुत्र छोटेलाल, राहुल पुत्र राजेश पासवान, धर्मेंद्र मोर्य पुत्र रामकुमार मौर्य, भोला सिंह पुत्र समर सिंह सहित सभी अभियुक्तों को मिल एरिया थाना क्षेत्र के दतौली मोड़ के पास से चोरी के सामान के साथ 22 अगस्त को पायल 255 अदद बिछिया 3 अगस्त को नाक की पीली धातु की 5 अदद की बाली पीली धातु की कुछ 9100 सौ रुपए के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधि कार्रवाई करते हुए न्यायिक मे भेजा गया।अपराधियों से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपराध करने का तरीका बताया कि यह लोग रिकी कर गिरोह बनाकर आर्थिक भौतिक लाभ अर्जित करने हेतु चोरी की घटना को अंजाम देते हैं तथा चोरी से प्राप्त माल को आपस में बराबर बांट लेते हैं। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त होने कड़ाई से पूछता अच्छा के दौरान बताया कि ज्वेलर्स की दुकान से चोरी की थी जिस संबंध में थाना गुरबख्शगंज पर मुकदमा अपराध संख्या 157 /2025 धारा 305/331 बीएस पंजीकृत है 31 में 2025 की रात्रि को थाना श्रेणी क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर माझी माझी गोवा में एक घर में चोरी की थी इसी तरह इन लोगों ने कई जगह चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

विधायक ने किया पौधरोपण

उन्नाव पुरवा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधायक अनिल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में चल रहे ''एक पेड़ माँ के नाम'' वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्यालय के निकट पौधरोपण किया। उन्होंने कहा यह केवल एक पेड़ नहीं, माँ के प्रति हमारी भावनाओं और प्रकृति के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी का प्रतीक है। हमने न केवल एक पौधा लगाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, मानवता की सुरक्षा और भावी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प भी लिया। चलो फिर से हरियाली की ओर बढ़ें — माँ के स्नेह को प्रकृति में रूपांतरित करें। उन्होंने कार्यालय पर ही मन की बात कार्यक्रम के कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ सुना।

भाजपा नेता की पत्नी से रथ यात्रा में चेन चोरी

उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भाजपा नेता जितेंद्र अवस्थी की पत्नी विनीता अवस्थी की सोने की चेन चोरी हो गई। घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है। विनीता अवस्थी रथ यात्रा में पूजा-अर्चना के लिए शामिल हुई थीं। नेहरू नगर स्थित रूचि शिखा ज्वैलर्स के पास प्रसाद ग्रहण करने के बाद वापस लौटते समय भीड़ में किसी अज्ञात चोर ने उनके गले से दो तोले की सोने की चेन चुरा ली। विनीता को चोरी का पता तब चला जब वह घर लौटने लगीं। भाजपा नेता की पत्नी समेत दो महिलाओं के गले से सोने की चेन छीनी, जिसके बाद समाजवादी पार्टी के और अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट कर तंज कसा है। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है। आपको बताते कि इस घटना के बाद जितेंद्र अवस्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ने इस घटना को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ''दूरबीन के साथ छानबीन की जरूरत है'' लिखकर सरकार पर कटाक्ष किया। तब राजनीतिक दबाव के बाद गंगाघाट पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चेन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

मासूम से दरिंदगी पर जन आक्रोश, मासूम बच्ची से रेप व हत्या के विरोध में बवाल

उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता। औरास थाना क्षेत्र में शुक्रवार को छह वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी और फिर हत्या की दिल दहला देने वाली घटना के बाद शनिवार गांववालों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीणों ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे को जाम कर दिया जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। हाथों में लाठी, नारों में आक्रोश सड़क पर बैठे ग्रामीणों ने बलात्कारी के घर चलाओ बुलडोजर पुलिस प्रशासन हाय-हाय जैसे नारों से पूरा इलाका गुंजा दिया। आपको बताते कि परिजन आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में फांसी दी जाए पीड़िता के परिवार को मुआवजा और सुरक्षा मिले आरोपी के घर पर बुलडोजर चले औरास थाने पर लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई हो, बवाल की सूचना पर एग बांगरमऊ अरविंद चौरसिया एसओ औरास और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। करीब तीन घंटे के जाम और प्रदर्शन के बाद एग के आश्वासन पर एक्सप्रेसवे से जाम हटाया गया। आरोपी को कठोरतम सजा दिलाई जाएगी, पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाएगी। गुरुवार रात लापता हुई मासूम बच्ची का शव शुक्रवार को गांव के बाहर राजबहे में पड़ा मिला। पोस्टमार्टम में बलात्कार और गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। गांव में मातम, न्याय की मांग तेज पूरे गांव में ग़म और ग़ुस्से का माहौल है। लोग नजीर बनने वाली कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने सीएम योगी का जताया अभार

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करके रविवार को मुरादाबाद लौटे जनपद की कुंदरकी विधानसभा से भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की। ठाकुर रामवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं आवश्यक परियोजनाओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने कुन्दरकी-डींगरपुर-रतनपुर कंला-पाकबड़ा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 40 करोड़ स्वीकृत करने के लिए कुंदरकी की जनता की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया। विधायक रामवीर सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया था कि मुरादाबाद में स्पेशल इकोनोमिक जोन (एसईजेड) वर्षों पहले बनाया गया था। उस दौरान औद्योगिक यूनिट लगाने के लिए सैकड़ों किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया था, जिनको बहुत कम मुआबजा मिला था। उस समय तक 4 गुना मुआवजा का प्रावधान नहीं था।

एलएलबी के इंट्रेंस एक्जाम में यूपी में टॉप करने पर किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। विधि स्नातक की प्रवेश परीक्षा (एलएलबी) में मेडिकल स्टोर संचालक की बेटी यशांशी अवस्थी प्रदेश की टॉपर बनी है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने जनपद का नाम गौरवान्वित करने वाली छात्रा को शुभकामनाएं देकर उत्साह वर्धन किया। वहीं शिव परिवार ने छात्रा सहित माता पिता का सम्मान किया। कस्बा के रघुवीरगंज बाजार निवासी व्यवसायी, समाजसेवी आशीष अवस्थी की पुत्री यशांशी अवस्थी ने 13 जून को इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लखनऊ के सिटी मार्डन अकैडमी में विधि स्नातक की प्रवेश परीक्षा दी। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में यशांशी अवस्थी ने 300 के सापेक्ष 196 अंक हासिल करके प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।कुशाग्र बुद्धि की यशांशी ने

दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा हासिल की। न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज महाराजगंज से बीए किया। यशांशी को बचपन से भाषण, वाद विवाद, कविता, निबंध लिखने का हुनर रहा हैं। नेहरू युवा केंद्र द्वारा जनपद स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में यशांशी को प्रथम, द्वितीय स्थान, मंडल स्तरीय युवा उत्सव में कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। बिगत वर्ष जनवरी के महीने में सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा पुणे महाराष्ट्र में सम्पन्न हुए मेक इन इंडिया कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला लेकिन बड़ी बहन श्रेयांशी के वैवाहिक समारोह के चलते यशांशी कार्यक्रम में भाग नहीं नहीं ले पायीं। कविता, भाषण लेखन के शुरुआती दौर में मिली सफलता से यशांशी बढ़ गया। जिससे कानून की पढ़ाई करने की प्रेरणा हासिल हुई। मूल रूप से गुलूपुर गांव के निवासी मेडिकल के व्यवसाय और समाज सेवा से जुड़े छात्रा के पिता आशीष अवस्थीपरा स्नातक, मां सुधा अवस्थी स्नातक हैं। मां बाप ने भी बिटिया का हौसला बढ़या। यशांशी के बाबा गंगाधर अवस्थी और मां सुधा अवस्थी गुलूपुर की प्रधान रह चुकी हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर यशांशी अवस्थी ने आखिरकार सफलता की इबारत लिख दी हैं। शिव परिवार के सदस्य अनूप अवस्थी, बाबा आलोक सिंह, सतीश मिश्र, हिमांशु सिंह, आयुष अवस्थी, विक्रम चौरसिया, विनीत त्रिपाठी, अविनाश मिश्र आदि ने यशांशी अवस्थी, पिता आशीष अवस्थी, मां सुधा अवस्थी को फूल माला भेंटकर स्वागत, सम्मान किया।

मंदिर का रास्ता खराब, ग्रामीण हलकान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जनपद के लालगंज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बैरूआ पूरे बल्दी गांव में संकट मोचन हनुमान मंदिर से हाता तक खड़ंजा से बना रास्ता खराब होने की वजह से ग्रामीणों को तमाम दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अहम बात यह है कि यह समस्या आज से नहीं कई सालों से चलती आ रही है। मगर फिर भी इसका समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से भी की। स्थिति जस की तस बनी बनी हुई है। वही संतोष कुमार वर्मा,चंद्र कला ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार प्रशासन के समक्ष शिकायत की गई। मगर कुछ नहीं हुआ। समस्या कई साल से चलती आ रही है। यहां से निकलने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार इस रास्ते की वजह से गिरने का भी खतरा बना रहता है। बरसात के समय में यह रास्ता और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है

क्योंकि यहां पर कई फुट पानी जमा हो जाता है जिस वजह से यहां से गुजरना किसी खतरे से कम नहीं होता है।वहीं पास ही स्कूल में पढ़ रही बच्ची सुइटी ने बताया कि घर वाले स्कूल नही जाने देते डरते हैं कि कही कुछ हो न जाए। परेशानी तब ज्यादा होती है जब जलभराव के बाद यह रास्ता बद से बदतर हो जाता है। बरसात खत्म होने के बाद भी यहां पर पानी इसी तरह जमा रहता है। पानी की निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं होने की वजह से अधिक समस्या हो रही है। पैदल बच्चों और बुजुर्गों को हो रही अधिक परेशानी बता दें कि इस रास्ते से पैदल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी होती है। क्योंकि रास्ता खराब होने की वजह से यहां से पैदल गुजरना बुजुर्गों और बच्चों के लिए असंभव जैसा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही प्रशासन इस समस्या का समाधान करने के लिए उचित कदम उठाए। रात में सबसे अधिक परेशानी सबसे अधिक समस्या रात के समय यहां से गुजरने वालों के लिए है। कारण, रात के समय यहां की सड़क की स्थिति खराब होने की वजह से बाइक चालकों को के गिरने का खतरा मंडराता रहता है। कई बार पानी इतना अधिक जमा हो जाता है कि मोटरसाइकिल बीच में ही फंस जाता है। जिस वजह से बाइक चालकों के लिए इस रास्ते से गुजरना आफत को मोल लेना जैसा है। इस रास्ते से रोज स्कूली बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कत होती है वहीं पास ही स्कूल में पढ़ रही बच्ची सुइटी ने बताया कि घर वाले स्कूल नही जाने देते डरते हैं कि कही कुछ हो न जाए।परेशानी तब ज्यादा होती है जब जलभराव के बाद यह रास्ता बद से बदतर हो जाता है। ऐसी स्थिति इस रास्ते से यदि एम्बुलेंस भी नही जा पाती हैं। मगर फिर भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। पानी की निकासी ना होना मुख्य समस्या है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की निकासी व संकट मोचन हनुमान मंदिर का कुल 1200 का रास्ते का प्रबंध न होने की वजह से यह समस्या हो रही है। अगर प्रशासन द्वारा इस पर घ्यान दिया जाता तो यह समस्या कब की दूर हो जाती।

ब्लॉक हलधरमऊ मनरेगा योजना में बह रही है भ्रष्टाचार की गंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मनरेगा योजना में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता जैन काफी सख्त हैं।इसके बाव जूद सिस्टम बेपटरी है और केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने का खेल लगातार राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहा है।मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर धांधली को लेकर जिले का बेलसर ब्लॉक इन दिनों सुर्खि यों में है।आरोप है कि यहां ब्लॉक प्रमुख व कुछ अन्य लोगों की छांव में इस योजना को पलीता ल गाने का खेल खेला जा रहा है,आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख व कुछ अन्य लोगों की छांव में इस योजना को पलीता ल गाने का खेल खेला जा रहा है ब्लॉक हलधरमऊ की ग्राम पंचायत वीरपुर , हरसिंहपुर, बमडेरा, धोबहाराय, गुड़सरा, बरवलिया कुर्मी, उमरिया सोनवार और असरना में जिस तरह मनरेगा योज ना को पलीता लगाने का खेल ब्लॉक प्रमुख व वि धायक के कुछ अन्य करीबियों के संरक्षण में चल रहा है।हलधरमऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायतो में न सि र्फ वित्तीय अनियमितता की पटकथा लिखी जा र ही है बल्कि विधायक और ब्लॉक प्रमुख के नाम को भी बदनाम कि या जा रहा है।स्थिति यह है कि गांवों में दबी जुबान लोग कहने लगे हैं।ऐसे में चाहे जो करें।सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का।वही ग्राम पंचायतो में ढीठ और राजनीतिक संरक्षण प्रा प्त ग्राम प्रधानो ने उमस भरी गर्मी के दौरान भी का गजों में मनरेगा श्रमिकों से काम करा रहे थे।वीरपुर हरसिंहपुर, बमडेरा, धोबहाराय गुड़सरा, बरवलिया कुर्मी, उमरिया, सोनवार और असरना में में फर्जी तरी के से मस्टर रोल चल रहा था।वही ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरेगा योजना में भ्रष्ठ चार पर कब नकेल लगेगी।बताते चलें कि हलधर मऊ विकास खंड की ग्राम पंचायत वीरपुर और सो नवार में मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है।ग्रा मीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के ना म पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लि या जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इसके लिए खंड विका स अधिकारी और एपीओ को ज्यादा जिम्मेदार ब ता रहे हैं।जिले के हलधर मऊ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में लूट मची हुई है।यहां की ग्राम पंचायत गुड़सरा, सोनवार, वीरपुर, हरसिंह पुर और धोबहाराय में तो प्रधान के रसूख और पद के नशे के चलते केंद्र सरकार की इस अति महत्वा कांक्षी योजना का बंटाधार किया जा रहा है। एक दिन में कहीं 155,तो कही 128 तो कही 127 तो कही 118 तो कही 80 तो कहीं 75 श्रमिकों का मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की न सिर्फ बंद रबांट की जा रही है,बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरा जा रहा है।सूत्र बताते हैं प्रधान खुद को बीजेपी विधायक और ब्लॉक प्रमुख का करीबी ब ताता है,जिससे वह सत्ता की छत्रछाया में अपना दबदबा प्रदर्शित कर क्षेत्र के लोगों के साथ ही अधि कारियों पर भी दबाव बनाने का काम करता है य ही वजह है कि उक्त ग्राम पंचायत में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खु दाई व नाला सफाई का कार्य दिखाकर धन की बंद रबांट की जा रही है।हद तो यह है कि यहां एक दि न में कही 155,तो कही 128 तो कही 127 तो क ही 118 तो कही 80 तो कहीं 75 श्रमिकों की हा जिरी लगाई जा रही है,जबकि सूत्र बताते हैं कि ध रातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं।इ स कारनामे को अंजाम में सिर्फ प्रधान ही जिम्मेदा र नहीं है, बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर ब्लॉ क प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हि स्सेदारी बताई जाती है,जो कमीशन के चक्कर में अपना ईमान तक बेच देते हैं।फर्जी मस्टर रोल भर कर सरकारी धन की जमकर लूट की जा रही है। प्रधान ने गांव में कागजों में विकास की गंगा बहा दी है।बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए ग्राम पं चायत गुड़सरा,सोनवार, वीरपुर, हरसिंह पुर और धो बहाराय के प्रधान ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे साहब भी गच्चा खा गए। गांव वालों का आरोप है कि ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अ पनी नौकरी को दांव पर लगाकर इस लूट में शामि ल बताए जाते हैं।इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके हेराफ़ेरी की जा रही है।साथ ही एनएमएमएस ऐप जो पारदर्शिता के लि ए बनाया गया था,अब भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया गया है।पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनी टरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं,जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं,जो प्रश्न चिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं।इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।इस संबंध में डीसी मनरेगा जनार्दन यादव का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

जमीन हड़पने वाला जालसाज लईक खान हरिद्वार से गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पुलिस ने हरिद्वार से एक अंतरराज्यीय जाल साज लईक खान को गिरफ्तार किया है आरोपी ल ईक खान ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए फर्जीवाड़ा कर जमीन अपने नाम करवा ली थी।नगर कोतवा ली पुलिस ने आरोपी लईक खान को कोर्ट में पेश किया जहां न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।मामला श्रावस्ती के नरपतपुर गांव के तव्वाब खान की शिकायत पर सामने आया जब तव्वाब ने एक जमीन का एक ति हाई हिस्सा खरीदा था।बाद में उन्होंने बाकी दो-ति हाई हिस्सा भी अन्य सहखातेदारों से खरीद लिया।वह इस जमीन पर काबिज थे विक्रेताओं में से एक शब्बीर अली का नाम गलती से खतौनी में दर्ज रह गया था।शब्बीर की मृत्यु के बाद उनके बेटों ने फ र्जी तरीके से उत्तराधिकार दिखाकर जमीन अपने नाम करवा ली।फिर उन्होंने इस जमीन को किसी और के नाम कर दिया।कोतवाली नगर में लईक खान समेत छः लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया।आरोपियों के खिलाफ गंभीर मामला दर्ज है।नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी के मुताबिक,लईक खान लंबे समय से फरार चल रहा था।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

लायंस क्लब गोंडा सेवा के अध्यक्ष बने बसंत नेवटिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। बीते शाम हर क्षेत्र में सेवा भाव करने वाली जनपद की अग्रणी संस्था लायंस क्लब गोंडा सेवा 2024-25 सत्र की अंतिम मासिक बैठक संपन्न हुई।जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं आगामी वर्ष के लिए होने वाले एक्टिविटी पर विशेष चर्चा हुई,जिसमें पर्यावरण, वृक्षारोपण,निशु ल्क चिकित्सा कैंप,ब्लड डोनेशन,विभिन्न जागरू कता अभियान,बाढ़ पीड़ितों की मदद,गरीबों की मदद आदि सेवा कार्य शामिल रहा।नई गठित कार्य कारिणी में अध्यक्ष पद पर लायन बसंत नेवटिया, कोषाध्यक्ष लायन राजीव अग्रवाल, सचिव लायन अमित पांडे,संयुक्त कोषाध्यक्ष लायन अजय गर्ग, पीआरओ लायन पवन जायसवाल,डायरेक्टर्स ला यन अजीत सिंह सलूजा, लायन अशोक कुमार गुप्ता,लायन राजकुमार जायसवाल,लायन अजय कुमार मित्तल,लायन डॉक्टर मृणाल पांडे,लायन डॉक्टर केके मिश्रा,लायन शिव अग्रवाल,लायन सुशील जालान,लायन अरविंद श्रीवास्तव,लायन संदेश गर्ग एवं चेयरपर्सन लायन विवेकमणि श्रीवास्तव व लायन अरुन बंसल एवं कोऑर्डिनेटर लायन विवेक लोहिया मनोनीत हुए हैं।बैठक के दौ रान बताया गया कि शीघ्र ही भव्य रूप से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष लायन चंद्रकेश मिश्रा,लायन अरुण दीप मल्होत्रा, लायन कमल श्रीवास्तव,लायन विज य गुप्ता,लायन राजेश जायसवाल, लायन डॉक्टर पीबी सिंह, लायन आलोक सिन्हा, लायन विपुल मोदी,लायन आनंद नेवटिया, लायन दुर्गेश श्रीवा स्तव लायन देवेंद्र जायसवाल आदि शामिल थे।वहीं लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा आज रविवार को डॉ संजय क्लिनिक पर शुगर चेकअप कैम्प एवं मधुमेह के लक्षण एवं बचाव संबंधी जन जाग रूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिस में 142 लोगों का निःशुल्क शुगर जांच किया गया। लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा हर माह के आखिरी रविवार को यह कैम्प आयोजित किया जाता है।

नागिन डांस के बाद युवक को सांप ने डसा, बदला या महज संयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में अजब गजब घटना सामने आई है कहते हैं कि कई बार जिंदगी हकीकत से ज्यादा फिल्मी लगती है और ऐसा ही एक हैरान कर देने वाला मामला उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से सामने आया है।जहां शुक्रवार को नागिन की धुन पर डांस करने वाला युवक शनिवार को जिंदगी और मौत की जंग से मेडिकल कॉलेज में आईसीयू में लड़ रहा है।वजह ये है कि नागिन डांस के अगले ही दि न उसे एक जहरीले सांप ने डस लिया।इसे अजीब संयोग कहे या फिर कुछ और जहां सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,वहीं गांव में दहशत और अंध विश्वास का माहौल बन गया है।जानकारी के मुता बिक गोण्डा जिले के लौवाबीरपुर गांव के डिहवा मजरा निवासी तिलक राम पुत्र विष्णु कोरी ने शुक्र वार को गांव में एक कार्यक्रम के दौरान नागिन गा ने की धुन पर जमकर डांस किया।किसी ने उसका नागिन डांस करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया,जो अ ब तेजी से वायरल हो रहा है।28 जून शनिवार की सुबह करीब दस बजे जब तिलकराम अपने घर में चारपाई पर लेटा हुआ था,तभी अचानक एक जह रीला सांप उसके पास आया और उसे डस लिया। परिजन उसे तुरंत नवाबगंज के सामुदायिक स्वा स्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए,जहां पर डॉक्टरों ने प्रा थमिक उपचार के तौर पर उसे एंटी वेनम इंजेक्शन दिया।हालांकि उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।इस अ जीब संयोग ने गांव में अफवाहों और अंधविश्वास को जन्म दे दिया है।कोई इसे सांपों का बदला बता रहा है तो कोई कहानी बना रहा है कि तिलकराम के नाचने से 'नागदेव' नाराज हो गए थे।वहीं, कुछ लोग इसे महज संयोग मान रहे हैं और इलाज पर भरोसा जता रहे हैं।फिलहाल तिलकराम अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रहा है और नागिन डांस से जुड़ी यह घटना गांव की गलियों में हर किसी की जुबान पर है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वी डियो और उसके बाद हुई घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

जिले में प्रशासनिक फ़ेरबदल कई अधिकारियों व कर्मचारियों का तबादला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में प्रशासनिक तंत्र को अधिक पारदर्शी, सक्षम एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक मह त्वपूर्ण पहल करते हुए जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर अधिकारियों एवं कर्मचा रियों का स्थानांतरण किया है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न इस फ़ेरबदल के तहत अभी तक 101 अधिकारियों और कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।इस व्यापक तबादला सूची में सहायक विकास अधिकारी,पंचायत सहाय क विकास अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी,ग्राम पंचायत अधिकारी,लेखाकार,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा तकनीकी,सहायक ग्राम पंचायत वरिष्ठ सहायक,कनिष्ठ सहायक,उर्दू अनुवादक सह प्रधान सहायक शामिल हैं।मुख्य विकास अधिका री अंकिता जैन ने स्पष्ट किया कि यह कदम विका स योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,समयबद्धता एवं सेवा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तर दायित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया ग या है।उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्दे शित किया है कि वे नवीन कार्यस्थल पर अविलंब कार्यभार ग्रहण कर विभागीय दायित्वों का निष्पाद न पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इ सी प्रकार की नियमित समीक्षा एवं आवश्यक तानु सार स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी रहेगी,ताकि वि भागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।जि ला प्रशासन ने आमजन को आश्वस्त किया है कि इस पहल से शासन की योजनाओं का लाभ अंति म पंक्ति के व्यक्ति तक पारदर्शी एवं न्यायसंगत तरी के से पहुंचाना सुनिश्चित होगा।

नागपंचमी पर होगा भव्य रुद्राभिषेक, मंदिर समिति ने की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मन्दिर कृष्णपुरी रुपईडीहा रोड नानपारा के प्रांगण में मन्दिर समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष डी के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अयोजित की गयी। बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। मन्दिर के महाआचार्य पण्डित राम उजागर मिश्र ने बताया आगामी 29 जुलाई को नागपंचमी के दिन प्रातः 8 बजे सेनाग सर्प योग, रुद्राभिषेक एवम हवन पूजन की शुरुआत होगी। इस पूजा में अधिक से अधिक 21 ग्रुप में सामूहिक पूजन के कार्ययोजना की जानकारी श्री मिश्र द्वारा दी गयी। मन्दिर के सौजन्य से माइक एवम प्रकाश व्यवस्था का दायित्व सचिव डॉ वीरांगना कान्त को दिया गया। टेंट एवं भण्डारे की व्यवस्था का दायित्व आशीष ओझा और प्रचार सामग्री उपलब्ध कराने के दायित्व डा राजेन्द्र मित्तल को दिया गया। अध्यक्ष जी ने मंदिर में बीते दिनों की चोरी की घटना की जानकारी देते हुए मन्दिर की सुरक्षा के प्रति चिन्ता व्यक्त की गयी। सुरक्षा के दृष्टिगत मन्दिर में शीघ्र कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंडित राम उजागर मिश्र, राम समुज वर्मा, डा वीरांगना कान्त, राजेन्द्र प्रकाश मित्तल, राम गोपाल मिश्र, संतोष पाण्डेय, राम देव और पंडित अनुपम आदि उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार पति की मौत, पत्नी गंभीर

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत मथुरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को स्कूटी में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। भरतपुर गेट क्षेत्र स्थित खारी कुंआ निवासी जाकिर (54) पुत्र रियाजुद्दीन रविवार सुबह सात बजे अपनी पत्नी सितारा (50) के साथ स्कूटी पर सवार होकर कोसी की ओर जा रहे थे। तभी जैंत थाना क्षेत्र अन्तर्गत लावली ढाबे के सामने उनके स्कूटी में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। कुछ देर बाद तड़पने के बाद जाकिर की मौत हो गई। आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

सूचना पर पहुंची जैंत पुलिस ने घायल सितारा को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर ट्रक को पकड़ने के प्रयास में जुटी है। मृतक जाकिर के पोस्टमार्टम के दौरान बड़ी संख्या में खारीकुआं भरतपुर गेट दरेशी रोड के लोग मौजूद थे।

भुइयारानी मंदिर मेला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हमीरपुर। रविवार को कुरारा क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित प्राचीन भुवनेश्वरी भुइयारानी मंदिर में आषाढ़ मास के तीसरे रविवार को मेला आयोजित किया गया। देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में भौरियां बनाकर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कई प्रदेशों व गांव क्षेत्र के भक्तों की भीड़ एकत्रित रही। झलोखर गांव में प्राचीन मां भुवनेश्वरी भुइयारानी का मंदिर स्थित है, इस मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक रविवार को भक्तों का आवागमन रहता है। यहां की ऐसी मान्यता है कि बात, गठिया रोग में इस मंदिर की मिट्टी के लेप करने से दूर हो जाता है। मंदिर में कुम्हार बिरादरी के पुजारी हैं। पुजारी निर्भय दास प्रजापति ने बताया कि आषाढ़ मास में इस मंदिर की महत्ता बढ़ जाती है तथा प्रत्येक रविवार को ब्लाक क्षेत्र के गांवों के लोग मंदिर परिसर में आग के उपले में भौरियां बनाकर खाते हैं तथा मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। वहीं ग्राम के बालेंद्र सिंह ने बताया कि इस मंदिर की रज (मिट्टी) का महत्व विशेष हो जाता है। इस मिट्टी में औषधीय तत्व पाए जाते हैं। जिसमें हाथ पैर में होने वाले बात, गठिया रोग में राहत मिलती है। इस मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है। अन्य जनपदों व प्रांतों के लोग आकर शनिवार की रात मंदिर में रुकते हैं तथा रविवार को सुबह पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के बाहर मेले का आयोजन होता है। जिसमें महिलाएं रोजमर्रा के सामान की खरीदारी करती हैं। वहीं भुइयारानी मंदिर व मेले का 1854 के ब्रिटिश गजेटियर में भी उल्लेख है।

मृतक के परिजनों से वीडियो काल पर बात कर सांत्वना देंगे सपा प्रमुख

हमीरपुर,। रविवार को बंद यमुना पुल से मां का शव लेकर गांव जाने वाले पुत्रों से सपा मुखिया वीडियो कॉल के माध्यम से बात करके पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रदान करेंगे। इसके लिए उन्होंने पार्टी नेताओं के माध्यम से परिजनों का नंबर लिया। शनिवार सुबह 6 बजे से लेकर सोमवार सुबह 6 बजे तक मरम्मत के चलते यमुना पुल बंद रखा जाता है। टेढ़ा निवासी मानसिंह उर्फ बिंदा यादव की मां का इलाज के दौरान शनिवार को तड़के कानपुर में निधन हो गया था। मानसिंह अपने छोटे भाई जय सिंह के साथ मां शिव देवी का शव कानपुर से लेकर करीब 9,30 बजे यमुना पुल पर आया। पुल बंद होने के कारण सुरक्षा कर्मियों ने एंबुलेंस को पुल के उस पार ही रोक लिया। आरजू मिन्नत के बाद एंबुलेंस को नहीं निकाला गया। तब दोनों भाई एंबुलेंस चालक की मदद से मां के शव को स्ट्रेचर में रखकर पैदल यमुना पुल पार किया। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। शनिवार को जिलाध्यक्ष इदरीश खान सहित सपा नेताओं ने अखबारों की कटिंग सपा मुखिया अखिलेश यादव को भेजकर घटनाक्रम से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सपा मुखिया ने पार्टी नेताओं से वार्ता करके पीड़ित परिवार से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत करके सांत्वना प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने पीड़ित परिवार का फोन नंबर सपा मुखिया को उपल्ब्ध करा दिया गया है। शाम तक बात होने की उम्मीद है। पार्टी नेताओं ने पीड़ित परिवार को सपा मुखिया के संदेश से अवगत करा दिया है। पीड़ित परिवार सपा मुखिया के फोन आने का इंतजार कर रहा है।

मछली का शिकार करने गये युवक की यमुना में डूबने से मौत

हमीरपुर। रविवार को घर से मछली का शिकार करने गया युवक यमुना नदी में डूब गया। तलाश करने के बाद भी देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। रविवार को यमुना नदी किनारे उसका पानी में उतराता शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के भिलावां मोहल्ला निवासी नंदकिशोर निषाद (४५) मछली का शिकार करने के लिए यमुना नदी गया था। जहां पैर फिसलने से वह नदी के गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बूथ पर सुना मन की बात कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच । भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने जरवल मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। कैसरगंज विधानसभा के जरवल मण्डल के बूथ संख्या 380 बम्भौरा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सुनने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच गए। मन की बात कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री द्वारा संवाद को बूथ पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना, मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश जायसवाल,निवर्तमान अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ शरीन पाण्डेय, ऋषि कुमार राजपूत,ग्राम प्रधान मनोज कुमार राव, मोनू पंडित बूथ अध्यक्ष विक्रम राव समेत तमाम भाजपा कार्यकर्त्ता व बूथ के कार्यकर्त्ता रहे मौजूद।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने राष्ट्रनायक के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्षम: प्रकाश पाल

कानपुर। कानपुर- बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जनपदों में स्थित कुल 19,456 बूथों पर प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात, एक पेड़ मां के नाम व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ऐतिहासिक सफलता एक साथ तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुए। यह जानकारी भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दीं। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' का सामूहिक श्रवण सभी बूथों पर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ऐतिहासिक सफलता, तीर्थ यात्राओं, आपातकाल के काले अध्याय, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और वियतनाम में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों जैसे विविध विषयों पर देशवासियों को संबोधित किया। इसी के साथ जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके राष्ट्रवाद एवं बलिदान पर संक्षिप्त गोष्ठियों का आयोजन हुआ। प्रकाश पाल ने बताया कि इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनजागरण लाने के लिए ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर 10 वृक्षों का रोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना है, साथ ही मातृ शक्ति के सम्मान को वृक्षारोपण से जोड़कर भावनात्मक चेतना को जागृत करना भी है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले राष्ट्रीय, प्रांतीय, क्षेत्रीय पदाधिकारीगण, सांसद, राज्यसभा सदस्य, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख एवं जिला अध्यक्ष सक्रिय रूप से अपने-अपने आवंटित बूथों पर उपस्थित रहे।

व्यापारी कल्याण दिवस पर पांच सर्वाधिक करदाताओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । शासन के निर्देशानुसार दानवीर भामाशाह जी की जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर आज तहसील गौरीगंज के सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद अमेठी के पांच सर्वाधिक करदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीशपुर के विधायक सुरेश पारसी, जिलाधिकारी संजय चौहान, ब्लॉक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा दानवीर भामाशाह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तदोपरांत लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री के व्यापारियों के सम्मान व उद्बोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व व्यापारियों ने आत्मसात किया। इसके पश्चात संस्कृति विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दल अंतर्राष्ट्रीय कलाकार अशोक त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा स्वागत गीत सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जनपद अमेठी में सर्वाधिक करदाताओं क्रमशः एस0एल0एम0जी0 बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड, सैनिक मोटर्स, गंगा बैग उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, महोना ट्रेडर्स तथा कप्तान ट्रेडर्स के प्रतिनिधियों को मा. विधायक व जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मा. विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी जी ने उपस्थित व्यापारी बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह जी की जयंती को प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसके लिए आप सभी व्यापारी बंधुओ को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई। उन्होंने कहा कि जब भी देश व प्रदेश को कोई संकट होता है तो सबसे पहले हमारे व्यापारी बंधु आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं जब आप लोग टैक्स देते हैं तो उसी से देश व प्रदेश चलता है आपके द्वारा दिए गए टैक्स से ही देश व प्रदेश के सभी कार्य होते हैं

दानवीर भामाशाह जी की जयंती की पूर्व संध्या पर तहसील गौरीगंज के सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

लखनऊ के लोकभवन सभागार में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

जरूरतमंद लोगों को सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित किया जाता है व्यापारी बंधुओ को इस कार्यक्रम की बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यवस्था को चलाने के लिए पहली जरूरत होती है संसाधनों की और वह संसाधन आप लोगों के द्वारा दिए गए टैक्स से ही सुनिश्चित कर पाना संभव है आप लोग इस समय के भामाशाह हैं। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर जीएसटी अशोक गुप्ता, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी, व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

आउट रीच आयाम कार्यशाला का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अधिवक्ता परिषद अवध के तत्वाधान में अधिवक्ता परिषद अवध इकाई द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से सायं 5बजे तक सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंदनगर शास्त्रीनगर सुल्तानपुर हाल में आउट रीच आयाम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय संजोजक हरिबोरिकर जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश राय, क्षेत्रीय आउट रीच आयाम के प्रमुख अमित राय, एवं प्रदेश कार्यकारिणी की महामंत्री मिनाक्षी परिहार सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष द्वे अनिल पाण्डेय एडवोकेट, अनिल दुबे एडवोकेट, उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह एडवोकेट मंत्री सिद्धार्थ शंकर दुबे एडवोकेट, कुमारी रंजीता बाल्मीकी एड., कोषाध्यक्ष प्रेमचंद राय एडवोकेट, अमरबहादुर सिंह एडवोकेट प्रांतीय मंत्री अजय त्रिपाठी एडवोकेट, विशेष आमंत्रित सदस्य अमरनाथ मिश्र एडवोकेट, मुख्य स्थायी अधिवक्ता अजय पाण्डेय एडवोकेट तथा 17 जनपद इकाई के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा आउट रीच आयाम के प्रमुखों का आगमन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता, डॉ भीम राव अम्बेडकर, मा. दत्तोपंत ठेंगडी जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, दीपप्रज्वलन व वन्देमातरम गीत से हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्तापरिषद अवध जिला इकाई सुल्तानपुर के अध्यक्ष द्वारा अतिथि परिचय के उपरांत आये हुये अतिथिओ का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुये, जनपद सुल्तानपुर के प्राचीन नगर कुशभवनपुर के इतिहास तथा पौराणिक महत्व व स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल बाबा राम लाल, तथा राष्ट्र कवि मालिक मोहम्मद जायसी व मशहूर गीत कार मजरूह सल्तानपुरी तथा ऋषि चयवन की तपोस्थली कालिकन धाम, प्राचीन पारिजात बृक्ष, एवं धोपापधाम के बारे में बताया। तथा अपनी इकाई द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे चर्चा की तथा नये आयाम, आउट रीच के जुड़ने से समाज के विभिन्न वर्गो में अधिवक्ता परिषद को सुगमता से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस विषय पर प्रसन्नता व्यक्त की. कार्यक्रम मुख्य रूप से चार बैठको में संचालित हुआ जिसमे 17जनपद इकाईयो से पधारे जिलाध्यछ, महामंत्री, आउट रीच आयाम के प्रमुखों ने तथा विषय के विशेषज्ञओं ने कार्यक्रम में आउटरीच आयाम विषय पर विस्तृत परिचर्चा की। श्री हरि बोरिकर, सत्य प्रकाश राय, एवं प्रदेश महामंत्री ने आउट रीच आयाम के बारे मै बिस्तृत चर्चा की। जिससे जनपद की इकाइयों को भविष्य की कार्ययोजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

महिला अस्पताल में प्रशव के बाद दो हजार रुपए लेने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी के रहने वाले अनुज वर्मा ने शनिवार दोपहर तीन बजे बताया कि उनकी पत्नी को प्रशव पीड़ा होने पर पूरनपुर सरकारी महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ ने प्रशव के बाद छोटा ऑपरेशन करने की बात कहकर दो हजार रुपए लिए और उसके बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दी है।अनुज वर्मा ने मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकारी अस्पताल होने के बाद भी मरीजों से रुपए लेकर स्टाफ काम कर रहा है। मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

परचून ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की अनिश्चित काल हड़ताल शुरू

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रशासन द्वारा ट्रांसपोर्टर्स की समस्याओं का समाधान न करने पर आखिरकार उन्होंने हड़ताल पर जाने का फैसला कर लिया। उनकी रविवार रात से ही हड़ताल शुरू हो गई। ट्रांसपोर्टर की हड़ताल से दवाओं सहित सभी जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होगी।ट्रांसपोर्टर ने चेतावनी दी है।कि अगर प्रशासन ने शीघ्र ही परचून वाहनों के प्रवेश में छूट नहीं दी तो सभी ट्रांसपोर्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।दी परचून ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन फुटकर एवं थोक कुछ दिनों से रोज जिलाधिकारी से नो एंट्री में छूट की मांग कर रही है। उनका कहना है।उन्हें दिन में तीन बजे से पांच बजे तक ट्रक को अंदर लाने की अनुमति मिल जाये, पर जिलाधिकारी द्वारा इस पर कोई सुनवाई नहीं की गयी और ना ही कोई एक्शन लिया गया।ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन फुटकर एवं थोक ने आपात बैठक चुंगी मॉल गोडाउन में रखी। तय किया कि प्रशासन द्वारा उनकी शर्तो और मांगो को पूरा नहीं किया है इसलिये आज रविवार की रात से वो दो दिन की स्ट्राइक करेंगे। यदि फिर भी कोई मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो हड़ताल आगे भी बढ़ती रहेगी और पीलीभीत जिले में होने वाले व्यवसाय में नुकसान की जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी। बैठक में जिले की विक्रम ट्रांसपोर्ट, चोपड़ा ट्रांसपोर्ट, सूरज ट्रांसपोर्ट, लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट, संजी ट्रांसपोर्ट, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, विजय ट्रांसपोर्ट, साबरी रोड लाइन्स, अम्बर गोल्डन, सिंह ट्रांसपोर्ट के प्रोपराइटर शामिल हुए। सब ने इस हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। व्यापार मंडलों से भी संपर्क साधा जा रहा है। अगर यह हड़ताल लंबी चलती है। तो व्यापार मंडल भी इसमें शामिल होगा।

तीन बच्चों की माँ को मीटर रीडर लेकर फरार शिकायत के बाद भी नही हुई कार्रवाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी चंदिया हजारा के एक गांव निवासी युवक ने रविवार दोपहर तीन बजे बताया कि वह वहार काम करने गया था। घर बनाने के लिए घर में पाँच लाख रुपए रखे थे। आरोप है कि उसके घर पर बिजली का बिल निकालने शुभंकर घाड़ा आता था। वह उसकी पत्नी को मौजूदा प्रधान व अपने भाईयों के सहयोग से तीन माह पूर्व बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। इस दौरान घर में रखे घर निर्माण के लिए पाँच लाख रुपए और पुत्री को भी साथ ले गई। मामले में पुलिस से शिकायत की पर पुलिस ने अभी तक कार्रवाई नही की। अब मामले में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

स्वामी प्रेम सुगंध के मिलन महोत्सव मे खलल अन्नदाता किसान यूनियन ने दर्ज किया विरोध भेजा डीएम को पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नहरों के बीच में विशाल आश्रम बनाकर चर्चा में आए हरियाणा के विभोर बत्रा उर्फ स्वामी प्रेम सुगंध जी महाराज एक जुलाई को पूरनपुर नगर के आसाम रोड स्थित चैतन्य टेक्नो स्कूल में विशाल मिलन समारोह में भाग लेंगे। जिसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैआपको बताते चले कि खमरिया पुल पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। पीलीभीत शहर के असम चौराहे पर भी स्वागत की योजना है। जबकि पीलीभीत से पूरनपुर तक स्वागत की तैयारी पूरनपुर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के पुत्र ऋतुराज पासवान को सौंपी गई है। श्री पासवान ने बिठौरा गजरौला जरा पूरनपुर में भव्य स्वागत की रूपरेखा तैयारियां की है। बताते हैं कि सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ उन्हें कार्यक्रम स्थल चैतन्य टेक्नो स्कूल लाया जाएगा। जहां भी मिलन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्र राज्य सरकार के तमाम प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। स्वामी प्रेम सुगंध जी महाराज से जुड़े अमित खंडेलवाल बताते हैं। कि उनके स्वागत की भव्य तैयारियां की गई है। उनका कहना है कि पिछले दिनों बाबा के खिलाफ दुष्प्रचार किया गया था।जिसमें कोई सच्चाई नहीं है। ध्यान रहे कि बाबा के आश्रम में तमाम वीवीआईपी लोग आते रहे हैं। उनका आश्रम भी तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे के कार्य काल में बनाया गया था। जिसके बराबर में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अमृत सरोवर बनाया गया है।अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश सचिव बलजिंदर सिंह एक जुलाई को होने वाले सम्मान समारोह की परमिशन डीएम से ना देने की मांग करते हुए चेतावनी दी ।कि अगर हरियाणा का 50000 का ईनामी विभोर बत्रा के सम्मान समारोह हुआ तो में उसका काले झंडे दिखाकर विरोध जताया जायेगा।

बाराबंकी का शातिर अपराधी तीस लाख रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली पुलिस ने पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत तीन सौ दस ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसकी अनुमानित कीमत तीस लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान प्रेम कुमार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम सिधियांवा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र करीब इकतालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में शातिर अपराधी के कब्जे से तीन सौ दस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद बाराबंकी व जनपद अमेठी में लूट, डकैती, हत्या का प्रयास आदि गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि उक्त स्मैक की अनुमानित कीमत तीस लाख रुपया बताई जाती है। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ शातिर अपराधी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

सपा से निष्कासन के बाद विधायक के आगमन पर स्वागत की जोरदार तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज से तीन बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीत चुके राकेश प्रताप सिंह सपा से निष्कासन के बाद तीस जून को गृह क्षेत्र के साथ ही विधानसभा गौरीगंज पहुंच रहे हैं जहां पर उनके समर्थकों द्वारा उनके स्वागत की जोरदार तैयारी की गई है। बताते चलें कि गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह जूझारू और संघर्षशील नेता माने जाते हैं और अधिक से अधिक समय अपने क्षेत्र में देते हैं और आम जनमानस के सुख दुख में राकेश प्रताप सिंह जरूर नज़र आते हैं।राज्यसभा चुनाव में वोटिंग को लेकर खड़े हुये विवाद के बाद राकेश प्रताप सिंह ने अमेठी से अयोध्या तक पदयात्रा की और लगातार सनातन धर्म को लेकर अपने बयानों पर अडिग रहे।इसी बीच गत दिनों समाजवादी पार्टी के मुखिया

जनपद में समर्थकों द्वारा ''आप जहां हम वहां'' और ''पूर्ण समर्थन जय सनातन'' के पोस्टर के साथ लगाई गई होर्डिंग

अखिलेश यादव ने राकेश प्रताप सिंह समेत तीन अन्य विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया।समाजवादी पार्टी से निष्कासन के बाद राकेश प्रताप सिंह तीस जून को पहली बार अपने घर और विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज पहुंच रहे हैं। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह का काफिला जनपद अमेठी में प्रवेश करने पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा सैकड़ो गाड़ियों की काफिले के साथ कस्बा इन्हौना में एक बजे उनका स्वागत करेंगे। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के स्वागत और समर्थन में कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह '' आप जहां हम वहां '' की होर्डिंग और पोस्टर लगाये गये हैं।इसके साथ ही स्वागत द्वार बनाये गये हैं। विधायक राकेश प्रताप सिंह का इन्हौना, जगदीशपुर कादू नाला के साथ ही पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में स्वागत किया जायेगा।गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के स्वागत की तैयारी में भारी संख्या में ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य,ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि स्वागत की तैयारी में लगे हुये हैं।

योगी राज में किसान की जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत धरमंगदपुर के रहने वाले पीड़ित किसान इरशाद अख्तर पुत्र अख्तर खा ने इस मामले की पुलिस से शिकायत की है। शिकायत में कहा कि मकरंदपुर मे उनकी जमीन पर कुछ दबंग व्यक्ति कब्जा करना चाहते है।इरशाद ने दिए शिकायती पत्र मे बताया कि बह अपनी कृषि भूमि पर धान लगाने की तैयारी कर रहा था तभी सोनू कुरैशी उर्फ शाहनवाज कुरैशी,अर्सी, सानू, और 4,5 अज्ञात व्यक्ति ने गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से जबरन कब्जा करने का प्रयास किया दबंगई के बल पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे और विरोध करने पर उन्हें खेती करने से रोक रहे है। पीड़ित ने निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

राहुल नगर मजदूर बस्ती के पास शारदा नदी कटान रोकने को लेकर की जा रही खानापूर्ति, ग्रामीण परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती, चंदिया हजारा, खिरकिया बरगदिया, बूंदीभूड नौजलिया सहित कई गांव शारदा नदी के पास में है। हर वर्ष नदी कटान कर हजारों परिवारों को बेघर कर देती हैं और कृषि भूमि व फसलें भी बर्बाद हो जाती हैं। उसके बाद भी शासन प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। हर वर्ष शारदा नदी कटान रोकने को लेकर कार्य कराए जाते हैं। उसके बाद भी नदी कटान कर हजारों परिवारों को बेघर कर देती हैं। रविवार शाम पाँच बजे स्थानीय ग्रामीण बोले नदी कटान को लेकर कराए जा रहे कार्य हवा हवाई है और बारिश का मौसम शुरू हो गया है पर अभी तक कार्य भी पुरा नही हो सका तो नदी कटान को कैसे रोका जाएगा इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं।

50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों को लेकर अभिभावकों और शिक्षकों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। प्रदेश सरकार की 'पेयरिंग नीति' के तहत 50 से कम नामांकन वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित किए जाने की प्रक्रिया को लेकर जनपद में विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपदीय संयुक्त कार्य समिति की एक वर्चुअल बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसमें आगामी रणनीति और अभिभावक-शिक्षक संवाद पर निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मांडलिक संगठन मंत्री एवं जनपदीय अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने की। बैठक में जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि पेयरिंग नीति को लेकर प्रदेश नेतृत्व को लगातार शिक्षक एवं अभिभावकों से फोन पर आक्रोशपूर्ण संदेश प्राप्त हो रहे हैं। कई अभिभावकों ने बच्चों

शिक्षक संघ की वर्चुअल बैठक में बना रणनीति का खाका

के भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। इसी पृष्ठभूमि में शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने निर्देश जारी किया है कि 30 जून को सभी ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों की एक संयुक्त बैठक आयोजित कर जमीनी स्तर पर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट तैयार की जाए। जनपदीय कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक में यह तय किया गया कि जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्ष 30 जून को अपने-अपने क्षेत्र में उक्त बैठकें आयोजित करेंगे। बैठक में अभिभावकों की राय, बच्चों की उपस्थिति, विद्यालय की भौगोलिक स्थिति आदि पहलुओं पर चर्चा कर एक प्रस्ताव तैयार कर प्रांतीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। इसी प्रस्ताव के आधार पर आगे संगठन यह तय करेगा कि पेयरिंग व्यवस्था का समर्थन किया जाए अथवा विरोध। वर्चुअल बैठक में जनपद के तमाम पदाधिकारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव, दूबेपुर अध्यक्ष राम बहादुर मिश्र, भदैया से अंजनी शर्मा, कादीपुर से अनिल यादव, बल्दीराय से राज बख्श मौर्य, कुड़वार से निजाम खान, करौंदी कलां से अखिलेश सिंह, दोस्तपुर से गोमती मिश्र, मोतिगरपुर से अखिलेश उपाध्याय, लंभुआ से केदारनाथ दूबे, बल्दीराय मंत्री शिव नारायण वर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धीरेंद्र राव, बिमलेश कुमार, रवि यादव आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ल्लराष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षण के 75 सालङ्क रखी गई, जिसमें सांख्यिकी के महत्व और इसके राष्ट्रीय विकास में योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. राहुल, डॉ. वर्षा, डॉ. श्रुति और पीजी स्कॉलर्स ने अपनी श्रेष्ठता दिखाई और सांख्यिकीय ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि सांख्यिकी आंकड़ों का विज्ञान है, जो नीतिगत निर्णयों और विकास के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता

राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षण के 75 साल थीम के साथ कार्यक्रम संपन्न

है।उन्होंने महान वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के योगदान को याद करते हुए बताया कि उनके जन्मदिवस 29 जून को उनकी स्मृति में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. महालनोबिस ने न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सांख्यिकी की पहचान और उपयोगिता को नई दिशा दी।

कार्यक्रम में बताया गया कि राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षण कार्यालय देश की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर प्रस्तुत करने वाला एक प्रमुख संस्थान है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी जैसी बुनियादी जानकारियाँ जुटाने का कार्य करता है। इन आंकड़ों के आधार पर ही देश की विभिन्न नीतियाँ और योजनाएँ बनती हैं।सांख्यिकी के उपयोग को रेखांकित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि यह विज्ञान न केवल सरकारी निर्णयों, बल्कि व्यवसाय, अनुसंधान, शिक्षा, मौसम पूर्वानुमान, खेल, गुणवत्ता नियंत्रण और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों में भी अत्यंत उपयोगी है। यह डेटा विश्लेषण, भविष्यवाणी और निर्णय लेने में सहायक होता है।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अन्वेषिका संस्था द्वारा निरंतर सांख्यिकी जागरूकता के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे समाज में इस विषय की उपयोगिता और समझ को नई गति मिल रही है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में सांख्यिकी को एक निर्णायक और उपयोगी विज्ञान मानते हुए इसे भविष्य की दिशा निर्धारण का आधार बताया।

देश प्रेमी हो तो हो जैसे थे भामाशाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गोमती मित्र मंडल का हर रविवार होने वाला साप्ताहिक श्रमदान 29 जून को भी तपती धूप में प्रातः 6:00 बजे से शुरू होकर 9:00 तक चलता रहा, जैसे-जैसे सूरज ऊपर चढ़ता गया गोमती मित्रों को श्रमदान की थकान महसूस होने लगी और पूरा जिस्म पसीने से लथपथ हो गया लेकिन फिर भी क्योंकि पूरा परिसर साफ करना था साफ करके ही रुकना था इसलिए ना जल्दबाजी थी ना धूप की परवाह और 3 घंटे की अथक मेहनत के बाद पूरा परिसर साफ हो गया तब गोमती मित्रों ने श्रमदान से विश्राम लिया। मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप के विश्वस्त सहयोगी व्यवसायी भामाशाह की जयंती पर गोमती मित्रों ने मां गोमती के तट पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने जब

गोमती मित्रों को भामाशाह के देश प्रेम एवं दानवीरता के किस्से बताये तो गोमती मित्र भावुक हो गये, सभी ने एक स्वर में कहा देश प्रेमी हो तो भामाशाह जैसा।

श्रमदान कार्यक्रम में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष , प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी, आलोक तिवारी, मुन्ना सोनी मुन्ना, पाठक, राकेश सिंह दद्दू,विपिन सोनी, राम क्विंचल मौर्य, अजय प्रताप सिंह, सुजीत कसौधन, अमित पांडा, आयुष, अर्पित, यश, अर्जुन आदि उपस्थित रहे।

अविश्वास का बीमा

जीवन में असुरक्षा, स्वास्थ्य व अपनों के भविष्य की तमाम चिंताओं से मुक्ति के लिये कोई व्यक्ति बीमा का सुरक्षा कवच लेने को बाध्य होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह विश्वास होता है कि ऊंच-नीच के वक्त में यह बीमा मददगार साबित होगा। लेकिन विडंबना यह है कि जिस बीमा क्षेत्र का आधार विश्वास होना चाहिए, उसको लेकर पॉलिसी धारकों में लगातार अविश्वास बना रहता है। बीमा कराने वाले एजेंटों और कंपनियों की ढकी-छिपी शर्तें उपभोक्ताओं के मन में अकसर संशय के बीज बोती हैं। जब बीमाधारकों को पॉलिसी का लाभ लेने का वक्त आता है तो उन्हें तमाम जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। हाल में आयोजित किए गए सर्वेक्षण ने इस वास्तविकता पर मोहर ही लगायी है। सर्वेक्षण बीमा क्षेत्र की तमाम विसंगतियों को उजागर ही नहीं करता बल्कि एक कठोर वास्तविकता की ओर भी इशारा करता है। सर्वेक्षण का निष्कर्ष है कि बीमा क्षेत्र में व्याप्त तमाम विसंगतियों को दूर करने के लिये लगातार निगरानी करने वाले एक सख्त नियामक तंत्र की आवश्यकता है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष कई गंभीर खामियों की ओर इशारा करते हैं। इसके निष्कर्षों के अनुसार भारत के लगभग 65 फीसदी बीमा पॉलिसी धारकों को नहीं पता होता है कि उन्हें पॉलिसी लेने से कौन-कौन से लाभ होते हैं। उन्हें नहीं मालूम कि पॉलिसी से बाहर निकलने की प्रक्रिया कैसी है। यह भी नहीं मालूम कि दावा प्रक्रिया की आवश्यक कार्यवाही को उन्हें कैसे अंजाम देना है। इतना ही नहीं लगभग 60 फीसदी आश्रितों को यह भी नहीं पता कि वे किसी पॉलिसी के अंतर्गत कवर हैं। वे इस बात से अनजान हैं कि उन्हें किस चीज व किस स्थिति में बीमा लाभ मिलेगा। कमोबेश यह स्थिति तब है जब देश में बीमा उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। निस्संदेह, यह समझ की कमी केवल उस शब्दावली से ही नहीं उपजी है जिसे समझना मुश्किल है, बल्कि बीमा करते समय उपभोक्ता को उसकी प्रक्रिया और लाभों का सिर्फ एक पक्ष ही बताया जाता है। कई वास्तविकताएं शब्दजाल में छिपा ली जाती हैं। निश्चित रूप से बीमा का मूल उद्देश्य तब विफल हो जाता है, जब बीमाकर्ता उपभोक्ताओं को सही ज्ञान और लाभ लेने की वास्तविक प्रक्रिया की जानकारी देने के मूल कर्तव्य में विफल हो जाता है। दरअसल, विभिन्न क्षेत्रों में वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री भी एक प्रमुख चिंता का विषय बनी हुई है। जो कि पहले ही चरण में वित्तीय सुरक्षा के अंतिम लक्ष्य को कमजोर कर देती है। आम धारण बन गई है कि बीमा उद्योग इससे जुड़ी कंपनियों के आर्थिक हितों और जन के हितों के टकराव के रूप में स्थापित है। इसमें जनहित की प्राथमिकता नहीं होती बल्कि कंपनी का मुनाफा कमाने को तरजीह दी जाती है। अपना टारगेट पूरा करने के लिये उपभोक्ताओं को जबरन पॉलिसी चिपकाने वाले एजेंटों से लेकर ऐसे फील्ड अफसरों की लंबी सूची है, जिनकी प्राथमिकता बीमा कंपनी को लाभ पहुंचाने की ही होती है। विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में रोगी की कीमत पर बीमाकर्ता व अस्पतालों के अपवित्र गठबंधन ने इसकी विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाये हैं। दरअसल, विनियामक नियंत्रण अपर्याप्त पाए गए हैं। इसके अलावा जवाबदेही का घोर अभाव पाया गया है। इसके साथ ही बीमा पॉलिसियों को लेकर पारदर्शिता की भारी कमी पायी जाती है। बीमा पॉलिसी के प्रावधानों और लाभ को लेकर सरलीकृत भाषा की हमेशा कमी महसूस की जाती है। इन मुद्दों को लेकर विभिन्न परिवारों और मित्रों में बीमा कवरेज को लेकर उत्साहजनक चर्चाएं समय की मांग है। वास्तव में जिस चीज को प्राथमिकता दी जाने की जरूरत है, वह है लेन-देन के दृष्टिकोण में बदलाव लाना। निस्संदेह, बीमा महज व्यापारिक लेन-देन मात्र नहीं है। बीमा उत्पादों से मानवीय पक्ष सशक्त रूप में जुड़ा होता है। हर हाल में उपभोक्ता कल्याण को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बीमा धोखाधड़ी में जोखिम कारक को ध्यान में रखते हुए, जांच पर निर्भर रहना सामान्य बात है। यह किसी भी तरह से दावेदारों पर एक जटिल और परेशान करने वाली प्रणाली का बोझ डालने को उचित नहीं ठहरा सकता। दावों को अस्वीकार करने के बजाय उनका सम्मान करना उद्योग का मानक होना चाहिए।

रेयर अर्थ मिनरल्स और ईंधन-तेल में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम

रेयर अर्थ मिनरल्स आज चीन के पास सर्वाधिक 42 मिलियन टन हैं , जबकि इसके शोधित प्रारूप की दृष्टि से दुनिया की 90% आपूर्ति ये करता है। भारत के पास भी 7 मिलियन टन का वर्तमान रिजर्व है और दुनिया में रूस के बाद पांचवें नंबर पर है; जबकि अमेरिका के पास दुनिया का केवल 2% ही है। वैसे भारत में अभी एक्स्प्लॉरेशन चल रहा है, और संभावना है ये क्षमता 15 मिलियन टन के ऊपर पहुँच सकती है। अभी स्थिति ये है कि भारत को इसे चीन से आयात करना पड़ रहा है। क्योंकि अब से पहले इसका नियंत्रण देश के पब्लिक सेक्टर 'इंडियन रेयर अर्थ मिनरल्स लिमिटेड' के अधीन था। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इन सरकार नियंत्रित सेक्टर्स की सुस्त कार्य प्रणाली से सब सुपरिचित हैं। लेकिन अमेरिका के टैरिफ़-वार के चलते अब चीन ने इसको शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। साथ ही औद्योगिक विस्तार के साथ भारत की भी आवश्यकता बढ़ गई है। पिछले वर्ष हमें जरूरत थी 4.5 हजार टन की, जबकि देश में उत्पादन हुआ कुछ सौ टन। इसलिए भारत ने अब एक 1000 करोड़ की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेन्टीव -स्कीम भी शुरू कर दी है, साथ ही पब्लिक सेक्टर का एकाधिकार खत्म कर प्राइवेट सेक्टर को आमंत्रित किया जा रहा है। कहते हैं राजस्थान के रेगिस्तान में इसका अथाह भंडार पड़ा है, जहां अभी तक गहरी खुदाई हुई ही नहीं। क्योंकि जिसे करना था वो था पब्लिक सेक्टर का उपक्रम। उसके लिए अब रास्ता खोल दिया गया है, अश्विनी वैष्णव के द्वारा। अब ये काम प्राइवेट सेक्टर सम्पन्न करेगा। इतना भर नहीं, ऑस्ट्रेलिया के पास 6 टन रेयर अर्थ मिनरल्स है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने समझौता कर निश्चित किया है कि इस दिशा में मिलकर काम करेंगे। दूसरी तरफ खबर है कि देश में अंडमान के समुद्री तट के निकट तेल का 4.5 बिलियन बैरल्स का बड़ा भंडार मिला है। इतना बड़ा कि जब यहाँ से तेल निकलना शुरू हो जाएगा, तो इसकी मात्रा कम से कम 2.50 लाख बेरल्स प्रति दिन होगी। जबकि वर्तमान में बॉम्बे हाई से सर्वाधिक 1.35 लाख बैरल्स प्रतिदिन प्राप्त होता है। यहाँ 1970 से हमें तेल मिल रहा है जो कि वर्तमान में प्राप्त कुल मात्रा का 35% है। कुछ समय पहले ही हमें बॉम्बे-हाई के पास ही दो जगह तेल के भंडार मिले हैं- सूर्यमणि और वज्रमणि। साथ ही त्रिपुरा में कुछ दिन पूर्व 200 तेल के कुएं में से कुछ में ऑईल एक्स्प्लॉरेशन (अन्वेषण) चल रहा है, तो कुछ में से तेल निकालना भी शुरू कर दिया है। इसी प्रकार कृष्ण-गोदावरी बेसिन में 5 कुँओं में से 45 हजार बैरल्स प्रतिदिन तेल मिलने का अनुमान है। फिर बिहार के समस्तीपुर और यूपी के बलिया जिले में भी तेल पाया गया है। क्या कारण है कि पिछले कुछ समय से लगातार नित्य नए तेल भंडार का पता चल रहा है ? ऑईल-फील्ड से सामान्यता जहाँ तेल मिलता है, वहाँ गैस भी पायी जाती है। आज की स्थिति में सोनार और राडार तकनीकी और साथ ही रिसोर्स- सेटेलाइट से तेल को खोज निकलने का काम भी शुरू हो चुका है. जबकि इसके पहले पता नहीं क्यों इस और ध्यान ही नहीं दिया गया।

कभी केवल तेल था, अब इसके साथ रेयर अर्थ मिनरल्स भी आ जुड़ा है किसी देश की आर्थिक संप्रभुता को प्रबल बनाए रखने के लिए। क्योंकि जहां कोई भी उत्पादन होता है, वहाँ मैगनेट की जरूरत पड़ती है, जैसे विंड टर्बाइन, विद्युत जेनेरेटर्स ; इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स, एयरक्राफ्ट इंजन, कार आदि। मैगनेट चाहिए तो जरूरी है आपके पास रेयर अर्थ मिनरल्स हों, जिससे ये बनकर तैयार होती है। रेयर अर्थ मिनरल्स आज चीन के पास सर्वाधिक 42 मिलियन टन हैं , जबकि इसके शोधित प्रारूप की दृष्टि से दुनिया की 90% आपूर्ति ये करता है। भारत के पास भी 7 मिलियन टन का वर्तमान रिजर्व है और दुनिया में रूस के बाद पांचवें नंबर पर है; जबकि अमेरिका के पास दुनिया का केवल 2% ही है। वैसे भारत में अभी एक्स्प्लॉरेशन चल रहा है, और संभावना है ये क्षमता 15 मिलियन टन के ऊपर पहुँच सकती है। अभी स्थिति ये है कि भारत को इसे चीन से आयात करना पड़ रहा है। क्योंकि अब से पहले इसका नियंत्रण देश के पब्लिक सेक्टर 'इंडियन रेयर अर्थ मिनरल्स लिमिटेड' के अधीन था। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इन सरकार नियंत्रित सेक्टर्स की सुस्त कार्य प्रणाली से सब सुपरिचित हैं। लेकिन अमेरिका के टैरिफ़-वार के चलते अब चीन ने इसको शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। साथ ही औद्योगिक विस्तार के साथ भारत की भी आवश्यकता बढ़ गई है। पिछले वर्ष हमें जरूरत थी 4.5 हजार टन की, जबकि देश में उत्पादन हुआ कुछ सौ टन। इसलिए भारत ने अब एक 1000 करोड़ की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेन्टीव -स्कीम भी शुरू कर दी है, साथ ही पब्लिक सेक्टर का एकाधिकार खत्म कर प्राइवेट सेक्टर को आमंत्रित किया जा रहा है। कहते हैं राजस्थान के रेगिस्तान में इसका अथाह भंडार पड़ा है, जहां अभी तक गहरी खुदाई हुई ही नहीं। क्योंकि जिसे करना था वो था पब्लिक सेक्टर का उपक्रम। उसके लिए अब रास्ता खोल दिया गया है, अश्विनी वैष्णव के द्वारा। अब ये काम प्राइवेट सेक्टर सम्पन्न करेगा। इतना भर नहीं, ऑस्ट्रेलिया के पास 6 टन रेयर अर्थ मिनरल्स है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने समझौता कर निश्चित किया है कि इस दिशा में मिलकर काम करेंगे। दूसरी तरफ खबर है कि देश में अंडमान के समुद्री तट के निकट तेल का 4.5 बिलियन बैरल्स का बड़ा भंडार मिला है। इतना बड़ा कि जब यहाँ से तेल निकलना शुरू हो जाएगा, तो इसकी मात्रा कम से कम 2.50 लाख बेरल्स प्रति दिन होगी। जबकि वर्तमान में बॉम्बे हाई से सर्वाधिक 1.35 लाख बैरल्स प्रतिदिन प्राप्त होता है। यहाँ 1970 से हमें तेल मिल रहा है जो कि वर्तमान में प्राप्त कुल मात्रा का 35% है। कुछ समय पहले ही हमें बॉम्बे-हाई के पास ही दो जगह तेल के भंडार मिले हैं- सूर्यमणि और वज्रमणि। साथ ही त्रिपुरा में कुछ दिन पूर्व 200 तेल के कुएं में से कुछ में ऑईल एक्स्प्लॉरेशन (अन्वेषण) चल रहा है, तो कुछ में से तेल निकालना भी शुरू कर दिया है। इसी प्रकार कृष्ण-गोदावरी बेसिन में 5 कुँओं में से 45 हजार बैरल्स प्रतिदिन तेल मिलने का अनुमान है। फिर बिहार के समस्तीपुर और यूपी के बलिया जिले में भी तेल पाया गया है। क्या कारण है कि पिछले कुछ समय से लगातार नित्य नए तेल भंडार का पता चल रहा है ? ऑईल-फील्ड से सामान्यता जहाँ तेल मिलता है, वहाँ गैस भी पायी जाती है। आज की स्थिति में सोनार और राडार तकनीकी और साथ ही रिसोर्स- सेटेलाइट से तेल को खोज निकलने का काम भी शुरू हो चुका है. जबकि इसके पहले पता नहीं क्यों इस और ध्यान ही नहीं दिया गया। इसी प्रकार इस व्यवसाय से जुड़े अन्दर की खबर रखने वालों की मानें तो आयातकों से मिलने वाले भारी कमीशन के चलते कभी निजी कंपनियों को इस क्षेत्र से दूर रखा गया जिससे यथास्थिति बनी रहे लेकिन अब जब से मोदी सरकार केंद्र की सत्ता में आयी 'ओपन लाइसेंसिंग पालिसी' के तहत जो अब तक अप्राप्त रहा उसे पाने के लिए इन निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी मौका दिया जाना शुरू हो चुका है। 2016 में सिंगल हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एण्ड लाईसेंसिंग पालिसी (HELP) लागू कर पहले से स्थिति को आसान किया गया है। आज सुनने में विचित्र लग सकता है, लेकिन पहले तेल के कुएं से अगर कोई कंपनी को तेल निकालने का ठेका मिलता था, तो तेल के साथ निकलने वाली गैस भले हवा में उड़कर व्यर्थ नष्ट हो जाये पर ठेके की शर्त से बंधी कंपनी उसको स्टोर नहीं कर सकती थी। लेकिन अब नई नीति के अंतर्गत कुएं से प्राप्त होने वाली हर उपयोगी चीज़ देश हित में कंपनी स्टोर कर सकती है। इतना भर नहीं, अब ओपन एरिया लाइसेंसिंग पालिसी (OALP)के अंतर्गत कोई कंपनी तेल को खोज निकालने के काम के प्रस्ताव को भी लेकर आ सकती है। जबकि पहले सरकार के पास ही ये अधिकार सुरक्षित थे और जो कि अपनी सुस्त गति से चलने के लिए अभिशिप्त थे। पहले डीआरडीओ, कोस्ट गार्ड और इसरो जैसे संगठनों ने बहुत बड़े क्षेत्र को सामरिक दृष्टि से प्रतिबंधित कर रखा था। लेकिन अब सरकार ने इन क्षेत्रों को ऑइल एक्स्प्लॉरेशन के लिए खोल दिया है; साथ ही एक्स्ट्रैक्शन (निकालने) के लिए भी। खबर है, शेवेरॉन, एक्सोन मोबिल, फ़्रांस की टोटल एनेरजीस जैसी ऑइल एक्स्प्लॉरेशन कॉम्पनियों ने भारत से संपर्क करना शुरू भी कर दिया है। बताया जाता है, अंडमान में जिस तेल भंडार का पता चला है अगर उसकी पूरी क्षमता का उपयोग किया जाए तो उससे हमारी अगले 70 साल की कुल जरूरत संभव हो सकेगी। दूसरी ओर, पहले कभी तेल के लिए हम खाड़ी देशों पर ही निर्भर थे। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इसके साथ ही दायरा बढ़ाते हुए वेनेजुएला, गुयाना और यूक्रेन-रशियन युद्ध के बाद हमने रूस से तेल लेना शुरू किया। वो भी रुपए में साथ ही 30% डिस्काउंट रेट पर। फिर क़तर से भी हमारी डील रुपए में है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अभी हम 30 से भी अधिक देशों से तेल आयात कर रहे हैं। इतना ही नहीं अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगा रखा था, डॉलर में तेल ले नहीं सकते था। तो हमने चावल के बदले ईरान से तेल खरीदना शुरू कर दिया। साथ ही हमने कतर-गुयाना जैसे देशों के साथ लॉन्ग टर्म ट्रैड-डील साइन कर ली, जिसमें तेल की कीमत शर्तों के अधीन ही तय होंगी, बदलते हालातों से नहीं। आर्कटिक नॉर्थ पोल पर तेल के बड़े भंडार का पता चला और रूस वहाँ पहुँच गया। तो भारत ने कहा हम भी आ रहे हैं आप के साथ। सऊदी अरब में कुछ समय पहले नरेन्द्र मोदी का दौरा हुआ। इसमें सहमति बनी कि सऊदी अरब अपने तेल को भारत में रिफाइन्ड करवाएगा। अंडमान में सालों से एक गैस-ज्वालामुखी स्थल है। और जो वहाँ घूमने जाता है, वो यहाँ भी आता है। लेकिन हम तेल आयात करते रहे, इस ओर ध्यान ही नहीं दिया गया। कृष्ण-गोदावरी बेसिन में 20 साल पहले तेल मिल चुका था, अब उसको निकालने की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा। बॉम्बे हाई पर रिलायंस रिग 40-50% की क्षमता पर काम कर रही थी। अब उसको कहा गया है, ये अधिकतम स्तर तक ले जाया जाए। **-इंजी. राजेश पाठक**

प्राथमिक छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण देने का महाराष्ट्र सरकार का निर्णय अनुचित

डॉ. अरुण मित्रा

महाराष्ट्र सरकार द्वारा कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण देने का निर्णय बेतुका, खतरनाक और शिक्षा के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। राज्य के शिक्षा मंत्री दादा भूसे ने कहा कि कक्षा एक से बच्चों को सैन्य प्रशिक्षण देने का विचार युवा शिक्षार्थियों में कम उम्र से ही देशभक्ति, अनुशासन और शारीरिक फिटनेसश को बढ़ावा देना है। हालांकि यह बच्चे की देखभाल के किसी भी पहलू पर लागू नहीं होता है। यह बाल विकास के प्रति मानवतावादी दृष्टिकोण के विरुद्ध है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा इस तरह से बच्चों के दिमाग को अनुशासित करना कुछ मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्रतिपादित इस अवधारणा पर आधारित है कि बच्चों पर सहज प्रेम बरसाने के बजाय उन्हें नियंत्रित, अलग-थलग और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इस कम उम्र में उन्हें सैन्य प्रशिक्षण में धकेलना अनुशासन के नाम पर उनके दिमाग में बैरक जैसे विचार भरना है। नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. परम सैनी के अनुसार ये विचार 18वीं और 19वीं सदी के सामाजिक मानदंडों से प्रभावित थे जिन्हें अब काफी पुराना माना जायेगा। आधुनिक पालन-पोषण स्नेह, गर्मजोशी, पोषण, सहानुभूति, सकारात्मक सुदृढ़ीकरण, सुरक्षित लगाव आदि को महत्व देता हैऔर इन्हें अब स्वस्थ भावनात्मक और सामाजिक कौशल विकसित करने के लिए आवश्यक माना जाता है। माता-पिता और परिवार द्वारा इन्हें प्रदान किया जाना चाहिए और स्कूलों में शिक्षकों द्वारा सुदृढ़ किया जाना चाहिए। बच्चों को एक-दूसरे के साथ घुलने-मिलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथियों के साथ खेलना, चर्चा करना, बहस करना हमेशा विकास का एक स्वस्थ संकेत है। यही कारण है कि हम कई बार देखते हैं कि बच्चे एक-दूसरे से झगड़ते हैं लेकिन जल्द ही दोस्त बन जाते हैं। शिक्षा का उद्देश्य एक ऐसे व्यक्ति का विकास करना है जो तर्कसंगत रूप से सोच सके और घटनाओं का विश्लेषण कर सके। उसे समाज, परिवार और राज्य द्वारा बतायी गयी बातों का पालन करने की आवश्यकता नहीं है। बच्चे का दिमाग खाली होता है और उसे सकारात्मक मूल्यों से भरना होता है। इस छोटी उम्र में सैन्य जैसा अनुशासन लागू करने का विचार ही बच्चों में रचनात्मक विचारों, तर्कसंगत सोच और जिज्ञासा को नष्ट कर देगा। सैन्य कर्मियों द्वारा छोटी उम्र में बच्चों को अनुशासित करने से उनकी रचनात्मकता अवरुद्ध हो जायेगी और वे आज्ञाकारी अधीनस्थ की तरह सोचने लगेंगे। इस उम्र में कोमल मन कई प्रश्नों से भरा होता है जिनका उत्तर उसके व्यक्तित्व के विकास के लिए दिया जाना चाहिए। बच्चे द्वारा उठाये गये किसी भी प्रश्न को अनदेखा करने से विकासशील मन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। चूंकि बच्चे के लिए आस-पास की बहुत सी चीजें या घटनाएं बहुत नयी होती हैं, इसलिए उसे सवाल पूछने और संदेहों को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बच्चे को प्रकृति के प्रति प्रेम विकसित करना, उसका संरक्षण और संवर्धन करना, प्रकृति के उत्पादों के साथ खेलना सिखाना चाहिए। जिज्ञासा को शांत करना और तर्कसंगत विश्लेषणात्मक सोच विकसित करना माता-पिता और शिक्षकों का कर्तव्य है। स्कूली छात्रों के प्रारंभिक वर्षों के लिए दुनिया भर में कई शिक्षा कार्यक्रम पहले से ही तैयार किये गये हैं। मनोचिकित्सक डॉ. एस के प्रभाकर ने कहा कि अनुशासन को लागू नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि आर्थिक स्थिति, जाति, पंथ, लिंग और शैक्षिक स्थिति के बावजूद दूसरों के प्रति प्रेम और सम्मान के विचारों के माध्यम से उन्हें विकसित किया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करना जो बहादुर सैनिक हैं, लेकिन बच्चों को शिक्षित करने के तरीके के बारे में बहुत कम जानते हैं, बच्चे के व्यवहार के लिए जोखिम भरा होगा। बच्चे कल्पनाओं और एक काल्पनिक दुनिया में रहते हैं। धीरे-धीरे वे वास्तविक दुनिया के मामलों के बारे में सीखते हैं। सैन्य प्रशिक्षण के तहत वे काल्पनिक दुश्मन के विचारों के साथ रहते हैं और कैसे उन्हें पराजित करें या मारें इसकी योजना बनाते हैं। ऐसे बच्चे अपने साथियों के प्रति भी हिंसक चरित्र विकसित कर सकते हैं। कुछ दशक पहले बच्चे जानवरों, पेड़ों, पहाड़ों आदि जैसे प्रकृति पर आधारित खिलौनों से खेलते थे। पुराने खेल बच्चों को बंदूक संस्कृति से दूर रखती थीं। परन्तु आजकल के खिलौने, यहां तक कि होली खेलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रंग भी बंदूक की तरह काम करते हैं।

सेहत मंत्र

बॉडी को टोन करने में मदद करता है उत्कटासन

वेटलॉस करना तो आसान है लेकिन शरीर का वजन कम होने के बाद शरीर में एक ढीलापन आ जाता है। ऐसे में बॉडी को टोन करने की जरूरत पड़ती है। अगर आप वजन कम करने के साथ-साथ बॉडी को टोन करना चाहते हैं तो आपको उत्कटासन का अभ्यास करना चाहिए। उत्कटासन को चेयर पोज भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें आपकी बॉडी एक कुर्सी की भांति नजर आती है। वैसे उत्कटासन का अभ्यास करने से ना सिर्फ बॉडी टोन होती है, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई लाभ होते हैं। यह वजन कम करने के साथ-साथ पैरों की मसल्स को टोन करने में मदद करता है। उत्कटासन का नियमित अभ्यास करने से आपका स्टेमिना बढ़ता है। यह आसन आपके पीठ के निचले हिस्से को मजबूती प्रदान करता है। इससे बैक पेन और ज्वाइंट पेन से राहत मिलती है। उत्कटासन के नियमित अभ्यास से शरीर का संतुलन बेहतर होता है। उत्कटासन का अभ्यास करने से पैरों, घुटने, एड़ियां व जांघ की मांसपेशियां मजबूती मिलती है। उत्कटासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। इसके बाद दोनों पैरों को थोड़ा?थोड़ा फैलाएं और दोनों हाथों को आगे की तरफ फैलाएं। इस दौरान आपकी हथेली नीचे की तरफ रहेगी। अपने हाथों को सीधे रखें। आपकी कुहनियां भी मुड़ी हुई नहीं होनी चाहिए। इसके बाद आप घुटनों को धीरे?धीरे मोड़ें और पेल्विस को नीचे की तरफ ले जाएं। इस दौरान झुकते हुए आप कल्पना करें कि जैसे आप किसी काल्पनिक कुर्सी पर बैठे हुए हों। इस स्थिति में आप सहज ही रहें। आपके हाथ जमीन के समानांतर और कमर को सीधा व आराम की अवस्था में रखे। याद रखें कि रीढ़ की हड्डी पूरी लंबाई में सीधी होनी चाहिए। अब गहरी सांस लें। जैसे?जैसे आप सहेज होते रहें, अपने घुटनों को थोड़ा और मोड़ते हुए नीचे की तरफ दबाव डालें। इस दौरान आपकी कमर एकदम सीधी होनी चाहिए। अब कुछ क्षण इसी अवस्था में रूकें।

धर्म मंत्र

फेंगशुई कछुआ ला सकता है आपके जीवन में तरक्की और समृद्धि

कछुआ या कश्यप का हिंदू धर्म में भी विशेष महत्व है। भगवान विष्णु का एक अवतार, जिसे कश्यप अवतार के नाम से जाना जाता है, कछुए का ही एक रूप है, इसलिए माना जाता है कि जहां कछुए के रूप में भगवान विष्णु रहते हैं, वहां विष्णुप्रिया मां लक्ष्मी का स्वतः आगमन होता है। उस घर में धन, सम्पत्ति और समृद्धि की कभी कोई कमी नहीं रहती, फेंगशुई में कछुए को सकारात्मक ऊर्जा और लम्बी आयु का प्रतीक माना जाता है। फेंगशुई के अनुसार, फेंगशुई कछुए को अपने घर या ऑफिस में रखने से कार्य में प्रगति होती है और तरक्की मिलती है। नया व्यापार शुरू करते समय अपने ऑफिस या दुकान में चांदी का बना हुआ फेंगशुई कछुआ रखना शुभ माना जाता है। अगर आप अपने करियर में तरक्की चाहते हैं, तो आपको काले रंग के कछुए को अपने कार्य स्थल की उत्तर दिशा में रखना चाहिए। कछुए को फेंगशुई में संरक्षक या गार्जियन भी माना जाता है, इसलिए घर के पश्चिम दरवाजे पर फेंगशुई कछुए को रखना घर की सुरक्षा को बढ़ाता है। जिन दंपत्ति को संतान का सुख नहीं मिल रहा हो, उन्हें अपने घर में पीठ पर छोट कछुआ लिए हुए मादा फेंगशुई कछुए को अपने घर में रखना चाहिए। कछुए के परिवार को अपने ड्राइंग रूम में रखने से घर का माहौल अच्छा बना रहता है। परिवार में मेलजोल और तरक्की में वृद्धि होती है।

पर्यटन

देखने में सुंदर और सुकून भरा है सिक्किम के शहर

भारत अपनी संस्कृति के साथ-साथ कई सुंदर दृश्यों के लिए भी काफी मशहूर है। यहां के कई राज्य तो ऐसे हैं जिनकी पहचान ही उनकी खूबसूरत वादियां और शांत वातावरण है। यहां हर तरह के मौसम का आनंद उठाने के लिए विभिन्न राज्य और उनके शहर मौजद हैं। इन्ही में से एक सिक्किम है जो अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है। वहीं, आज हम आपको सिक्किम के एक ऐसे खूबसूरत शहर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दुनियाभर में अपने प्राकृतिक नजारों और सुंदर दृश्यों के लिए मशहूर है। यहां की खूबसरती को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। अपनी खूबसूरती के लिए दुनिया में प्रसिद्ध सिक्किम की राजधानी गंगटोक है। आप यहां से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चोट कंचनजंगा पर्वत भी देख सकते हैं। बेहतरीन नजारे और सिक्किम की राजधानी होने के साथ ही गंगटोक यहां का सबसे बड़ा शहर भी है। ताशी व्यू पॉइंटः यूं तो गंगटोक में ऐसे बहुत पॉइंट हैं जहां से आप माउंट सनिलोच और कंचनजंगा पर्वत की सुंदरता को देख सकते हैं। इन्हीं में से एक ताशी व्यू पॉइंट भी है, जहां से आप बर्फ की चादर से ढके पहाड़ों को देख सकते हैं। ये पॉइट चारों ओर से खूबसूरती से भरा हुआ है। आपको ये जगह पहाड़ों और बादलों से घिरी दिखेगी। इतना ही नहीं, आप यहां से साफ तौर पर हिमालय भी देख सकते है। नाथुला पासः गंगटोक की खूबसूरत जगहों में से एक नाथुला पास है, जोकि भारत और चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है। यहां की सीमा पर आप पास के बिना एंट्री नहीं कर सकते हैं। यहां प्रवेश करने के लिए एक परमिट की जरुरत पड़ती है। यहां आकर्षण का प्रमुख केंद्र त्सोंगमो झील है, जो इस जगह की खूबसूरती को ओर ज्यादा बढ़ाती है। एमजी रोडः गंगटोक शहर का दिल कहलाया जाने वाला एमजी रोड काफी मशहूर है। एमजी रोड की खासियत है कि यहां कोई गाड़ी नहीं चलती है और इस रोड पर सिर्फ पैदल चला जा सकता है। शॉपिंग करने के लिए गंगटोक की इस प्रमुख मार्केट को सबसे अच्छा माना जाता है। सेवेन सिस्टर्स वॉटरफॉलः गंगटोक में सेवेन सिस्टर्स के नाम से ये वॉटरफॉल काफी मशहूर है।

वर्दी की हनक में आमजन पर अत्याचार करणी सेना आज करेगी थाना घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी । जिस वर्दी पर जनता विश्वास करती है, वही जब अभिमान और अहंकार का प्रतीक बन जाए, तो न्याय की उम्मीद भी दम तोड़ने लगती है। ऐसा ही एक मामला थाना असंद्रा में सामने आया है, जहाँ तैनात एक पुलिसकर्मी की कथित अभद्रता ने स्थानीय नागरिकों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। इस रवैये के विरोध में करणी सेना आज थाना असंद्रा का घेराव कर विरोध-प्रदर्शन करेगी।

करणी सेना के जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिसकर्मी अमित कुमार द्वारा लगातार नागरिकों को वर्दी की धमक दिखाकर न केवल मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, बल्कि उनका आत्मसम्मान भी आहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस मित्र की अवधारणा को ध्वस्त करते हुए यह पुलिसकर्मी आमजन को अपराधी की तरह व्यवहार कर रहा है।

पीड़ितों की स्थिति बेहद दयनीय

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन नागरिकों के साथ अभद्रता की गई, वे सामाजिक रूप से सम्मानित और शालीन जीवन जीने वाले लोग हैं। कुछ बुजुर्गों ने तकरीबन रोते हुए बताया कि वे सिर्फ अपनी समस्या बताने थाने गए थे, लेकिन जवाब में उन्हें अपमानित किया गया। एक पीड़ित ने बताया कि उन्हें खुलेआम डांट-फटकार लगाई गई और धमकी भी दी गई कि ''जो करना है कर लो''।

इस प्रकार का व्यवहार कानून के रक्षक की छवि को गहरा धक्का पहुंचाता है। लोग जहां न्याय की उम्मीद लेकर थाने का रुख करते हैं, वहीं जब वहीं से उन्हें अपमान और दुव्यवहार मिले, तो लोकतंत्र की सबसे निचली परत पर खड़े व्यक्ति की आवाज आखिर कौन सुनेगा?

प्रशासन बना मौन दर्शक

करणी सेना ने बताया कि इस मामले की शिकायत क्षेत्राधिकारी रामसनेही घाट से लेकर उच्चाधिकारियों तक की गई, लेकिन आज तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यह लापरवाही न सिर्फ पुलिस महकमे पर सवाल खड़े करती है, बल्कि पीड़ितों के न्याय के अधिकार का भी हनन करती है।

करणी सेना का चेतावनी भरा ऐलान

करणी सेना ने साफ कहा है कि यदि संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ त्वरित विभागीय कार्रवाई नहीं की गई तो यह आंदोलन जिला स्तर तक विस्तारित होगा। संगठन का कहना है कि वे आम नागरिकों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

जनता में रोष, पुलिस-जन संवाद पर संकट

इस पूरे प्रकरण ने स्थानीय जनता में भी गहरा असंतोष भर दिया है। लोग दबी जुबान में कहते हैं कि थाने में अब जाने से डर लगता है। समाज में पुलिस की भूमिका अगर डर और आतंक की बन जाए, तो फिर कानून का शासन कैसे कायम रहेगा?

बरसात ने खोली नगर पंचायत की जल निकासी और सफाई व्यवस्था की पोल, फैली गंदगी और बदबू से जीना हुआ मुहाल

रामनगर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार की बारिश ने नगर पंचायत प्रशासन की पोल खोलकर रख दी। जल निकासी की अव्यवस्थित व्यवस्था और नालों की सफाई न होने से पूरा कस्बा जलमग्न हो गया। मुख्य बाजार से लेकर गली-मोहल्लों तक पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुख्य नाला जो बड़ी बाजार से होकर गुजरता है, बारिश के दौरान उफन कर सड़कों पर बहने लगा। छाया कुआं के पास तो हालत और भी बदतर हो गई जब नाले का गंदा पानी खेतों में जा पहुंचा। स्थानीय लोगों के अनुसार इस स्थान पर नाला इतना संकरा कर दिया गया है कि पानी की निकासी संभव नहीं हो पा रही। डिग्री कॉलेज रोड पर बने नाले की हालत भी कुछ अलग नहीं रही। नाला पूरी तरह जाम था, जिसके कारण सड़क पर ही गंदा पानी भर गया और बदबूदार कीचड़ चारों ओर फैल गया। तहसील रोड पर बना नाला भी बारिश के पानी को निकालने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ। बारिश के साथ गंदगी और बदबू का आलम यह रहा कि राहगीरों और दुकानदारों को नाक पर रुमाल रखकर गुजरना पड़ा। नगर पंचायत की लापरवाही और भ्रष्टाचार अब आमजन की परेशानी का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हर वर्ष लाखों रुपये नालों की सफाई और निर्माण के नाम पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे ठीक उलट है। जनता ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी, नाला सफाई और सार्वजनिक स्वास्थ्य की अनदेखी बंद की जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। अन्यथा यदि यही हालात बने रहे तो आगामी दिनों में रामनगर में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

श्रद्धा से याद किए गए डॉक्टर मुखर्जी, मां के नाम पर वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत रहरामऊ मजरे भगापुरवा मे रविवार को भाजपा कार्यकराओ द्वारा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम मे वृक्षारोपण किया गया।और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन के कार्यक्रम को सुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश मे लोकप्रिय है लोग इस कार्यक्रम को सुनने के लिए लोग इंतजार करते है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे का विरोध किया था। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 1953 में आज ही के दिन श्रीनगर की एक जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल वर्मा एव हिमांशु पटेल ने अपनी माँ ग्राम प्रधान उर्मिला वर्मा के नाम चीकू का पेड़ रोपित किया। माँ के नाम रोपित किये गये वृक्ष को पानी देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि वृक्षों की देखरेख बहुत ज़रूरी है। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल है, क्योंकि वे हमें फल, फूल, छाया, लकड़ी, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से, सांस लेने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, वृक्ष पर्यावरण को संतुलित रखने, मिट्टी के कटाव को रोकने, और जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा, ग्राम प्रधान उर्मिला रावत, प्रतिनिधि अनिल वर्मा , नितिन मौर्य, डा0 सुधाकर सोनी, बलराज वर्मा, रामविलास यादव, सुरेश मिस्त्री, ठाकुर ब्रजराज सिंह, मुनेजर रावत, ब्रजेश मौर्य, रुपलाल राहुल, राम सुमेर , ओमकार सिंह वर्मा, सुखमीलाल, कैलाश वर्मा आदि लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना।

सहारा ने किया बेसहारा शाह भी साबित आश्वासन शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।तहसील क्षेत्र के रामनगर कस्बे सहित आस पास के गांवों और कस्बों के लाखों लोगों ने अपने भविष्य की आशाओं और सपनों को साकार करने के उद्देश्य से वर्षों तक अपनी मेहनत पसीने और त्याग से कमाई गई गाढ़ी पूंजी को कंपनी में जमा किया था।इनमें अधिकांश लोग मजदूरी करने वाले छोटे दुकानदार गृहिणी महिलाएं किसान बेरोजगार युवा और रिटायर पेंशनधारी जैसे वे वर्ग शामिल हैं।जो सीमित संसाधनों में भी अपने बच्चों की शिक्षा बेटियों के विवाह और बुज़ुर्ग अवस्था की सुरक्षा के लिए योजनाएं बनाकर धन निवेश करते रहे।सहारा इंडिया के रामनगर स्थित कार्यालय जो कस्बे के निकट फतेहपुर मोड़ पर था बीते कई वर्षों से बंद पड़ा है।इस कार्यालय के बंद होने के बाद से खाताधारक अपने जमा धन के भुगतान को लेकर इधर उधर भटकने को मजबूर हैं।उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अब वे अपनी फरियाद लेकर आखिर कहां जाएं।गत वर्ष देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सार्वजनिक मंच से यह भरोसा दिलाया गया था कि सहारा इंडिया में फंसे लोगों की पूंजी शीघ्र उन्हें वापस दिलाई जाएगी।आज तक उस वादे को मूर्त रूप नहीं दिया गया।ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम खाताधारकों ने घर चलाने के लिए कर्ज उठाया खेत गिरवी रखे यहां तक कि बेटियों की शादी के लिए उन्हें गहने तक बेचने पड़े।बावजूद इसके उनका सहारा में जमा धन वर्षों बाद भी नहीं मिल पाया।रामनगर कस्बे के एक सहारा एजेंट जो वर्षों तक लोगों से जमा राशि एकत्र कर सहारा इंडिया में जमा कराता रहा जब खाताधारकों का भुगतान कराने में असमर्थ हुआ तो मानसिक तनाव और सामाजिक दबाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली। यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए एक चेतावनी बन गई और साथ ही सहारा इंडिया के प्रति आक्रोश को और गहरा कर गई।अब हालात ये हो गए हैं कि खाताधारकों ने एजेंटों से भी कोई उम्मीद छोड़ दी है।सभी की अब बस एक ही आस है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से।लोगों को विश्वास है कि यदि कोई उनके धन को वापस दिला सकता है तो वह केवल मोदी जी ही हैं।क्षेत्र के लाखों खाताधारक हैं जो वर्षों से अपने धन की वापसी का इंतजार कर रहे हैं।ये सभी अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह कर रहे हैं कि सहारा इंडिया में जमा उनकी रकम उन्हें ब्याज सहित दिलाई जाए।यह सिर्फ धन वापसी की बात नहीं है बल्कि यह लाखों परिवारों की आशाओं उनके जीवनयापन और आत्मसम्मान की रक्षा का सवाल बन गया है।यदि केंद्र सरकार इस दिशा में त्वरित और ठोस कार्रवाई कराती है और जमाकर्ताओं को उनका पैसा मिलता है तो न केवल इन परिवारों की आस्था भाजपा और सरकार में मजबूत होगी बल्कि यह प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीति का एक अविस्मरणीय उदाहरण बन जाएगा।यदि सरकार इस मामले में चुप रही और जमाकर्ताओं को उनका धन नहीं मिला तो यह निराशा का कारण बनेगा जो धीरे धीरे हताशा और रोष में बदल सकती है।क्योंकि आज जब हर ओर से निराशा मिली है तब भी करोड़ों सहारा पीड़ितों की एकमात्र आशा अब नरेंद्र मोदी जी ही हैं।

हैदरगढ़ के युवाओं की अनोखी आस्था यात्रा: साइकिल से बागेश्वर धाम की ओर रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फोटो डइ 0021

. बाराबंकी । आस्था और भक्ति जब जुनून का रूप ले ले, तो मार्ग की कठिनाइयाँ भी साधना बन जाती हैं। ऐसी ही प्रेरणादायी पहल की है हैदरगढ़ के तीन युवाओं–आशीष तिवारी, नितिन तिवारी और सत्यम सिंह–ने, जिन्होंने औवसानेश्वर महादेव की पावन भूमि से साइकिल यात्रा शुरू कर बाबा बागेश्वर धाम की ओर प्रस्थान किया। तीनों युवाओं ने न सिर्फ श्रद्धा का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य के महत्व को भी उजागर किया है। उनका यह साहसिक और धार्मिक यात्रा अभियान स्थानीय लोगों के बीच प्रेरणा का स्रोत बन गया है। यात्रा के शुभारंभ पर औवसानेश्वर मंदिर परिसर में एक संक्षिप्त आयोजन किया गया, जहाँ अधिवक्ता सोमिल शुक्ला, और गौरव पांडेय ने युवाओं का माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर भावभीना स्वागत किया तथा उनकी यात्रा की सफलता एवं मंगलमय पूर्णता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि ल्लऐसे प्रयासों से युवाओं में भक्ति, अनुशासन और धैर्य की भावना उत्पन्न होती है। समाज को इस प्रकार के सकारात्मक उदाहरणों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

तीनों युवाओं ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए केवल एक धार्मिक संकल्प नहीं, बल्कि आत्मिक साधना का माध्यम है। वे हर दिन निर्धारित पड़ाव तय कर बागेश्वर धाम पहुँचने की योजना बना रहे हैं और रास्ते में लोगों को भक्ति, एकता और सेवा भाव का संदेश भी देंगे। स्थानीय लोगों ने भी युवाओं के इस पहल की सराहना की और उनकी सफल यात्रा एवं सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना की।

अनुदेशक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति, बाराबंकी द्वारा संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जिले भर से अनुदेशकगण, पदाधिकारी एवं शिक्षाविद् सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्री राकेश पटेल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वयं पूर्व जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय महामंत्री शिक्षक संघ श्री अरविंद कुमार वर्मा 'मुन्ना भैया' ने की।रणवीर सिंह ने लगभग एक दशक तक अनुदेशक संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन को नई दिशा, सशक्त नेतृत्व एवं उल्लेखनीय उपलब्धियां प्रदान कीं। उनके नेतृत्व में संगठन ने न केवल मजबूती प्राप्त की, बल्कि अनुदेशकों के हितों की रक्षा हेतु संघर्षरत रहते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवाज भी बुलंद की। उनके योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें एक कुशल नेतृत्वकर्ता, संघर्षशील व्यक्तित्व और संवेदनशील संगठनकर्ता के रूप में संबोधित किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री रमाकांत वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्टजनों, अतिथियों और जिले के विभिन्न ब्लॉकों से पधारे अनुदेशकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह आश्वासन भी दिया कि वे संगठन की मर्यादा और उद्देश्य को आगे बढ़ाने हेतु सतत प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, लायक राम, सोनवीर, प्रदीप कुमार, गिरीश यादव, इंद्रेश कुमार, राज कपूर, रोहित, नरेंद्र, वंदना, अरुण, श्वेता, निधि सहित जिले के सभी ब्लॉकों से आए अनुदेशकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आत्मीयता एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया, जो संगठन की एकजुटता एवं भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक रहा। अंत में सभी ने रणवीर सिंह के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए विदाई दी।

शरद ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के सभी बूथों पर हुआ। ग्राम पंचायत शेषपुर टूटरु में ग्राम प्रधान संजय सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का 123वां एपिसोड सुना गया।पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम में गरिमा में उपस्थित दी। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाया। सरयू नदी के किनारे स्थित गांव में आयोजित कार्यक्रम में अवस्थी ने पर्यावरण संरक्षण । संदेश दिया। अवस्थी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात से नई ऊर्जा मिलती है। बारिश के मौसम में सभी लोग मां के नाम एक-एक पौधा लगाएं, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे। कार्यक्रम में संतोष पाण्डेय, नीरज वर्मा, अमित पांडेय, विशाल सिंह, रवीन्द्र अवस्थी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इसी तरह रसूलपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष सन्दीप रावत, प्रहलाद कुमार विमल आदि कार्यकर्ताओं ने पौध लगाया।

डिप्टी सीएमओ ने किया वृक्षारोपण

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के जैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा नेता राजन बक्सोर की अगुवाई में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। आमजन का मां के नाम पेड़ लगाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ. निशांत शर्मा उपस्थित हुए। इस मौके पर नजमुल हसन आरफीन भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, रामविलास वर्मा डॉ रामहेत विश्वकर्मा विनय वर्मा कमल राजपूत. सलामुद्दीन अर्जुन कश्यप मौजूद रहे।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स ने सौंपा मांग पत्र, जताया आक्रोश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेंवा संस्थान जिला इकाई के तत्वावधान में एकजुट पेंशनर द्वारा प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री भारत सरकार को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र जिला अधिकारी के प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी शिवकुमार वर्मा को सौंपा। संगठन की मांग है कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशन से जुड़े प्रतिगामी संशोधन को समाप्त किया जायें। और कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की भांति पेंशनरों को महंगाई राहत नियमित रूप सें एक साथ का आदेश जारी किया जाए। कोरोना काल में बन्द की गई रेलवे की छूट की सुविधाएं वरिष्ट नागरिको को पुन:बहाल की जाएं, पेंशन में राशिकरण की अवधि 15 वर्षों से घटाकर 11 वर्ष की जाएं, मांगे समेत सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। संयोजक / अध्यक्ष सुनील कुमार टंडन सह-संयोजक फरीदुल हसन, श्री शकील अहमद खान, श्री शशि मार अवस्थी एवं वकार अहमद समेत कई दर्जन वरिष्ठ पेंशन भोगी उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर

जहांगीराबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार दोपहर लगभग 1:50 बजे एक तेज़ रफ्तार डाला वाहन और प्लैटिना बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के सद्दीपुर रोड स्थित आजगना पानी टंकी के पास हुई। घायल युवक की पहचान कुलदीप वर्मा उर्फ राघवेंद्र, पुत्र अशोक निवासी गंगा का पुरवा, मजरा अकोहरा, थाना रामनगर के रूप में हुई है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचाया। हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शुक्ला स्वयं मौके पर पहुंचे और दुर्घटना के कारणों का पता लगाते हुए विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसे के लिए जिम्मेदार कौन था। थानाध्यक्ष श्री शुक्ला ने आम जनता से अपील की है कि सड़क पर सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं और गति सीमा का पालन करें ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

ट्रेन की चपेट में आया ग्रामीण ,मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम डलईपुरवा मजरे बिरौली मे बीती रात शौच गए ग्रामीण की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । बताते चले कि थाना क्षेत्र के ग्राम डलईपुरवा मजरे बिरौली निवासी 40 वर्षीय रामूपाल पुत्र ब्रजलाल पाल बीती रात्रि करीब 2 बजे शौच के लिए रेलवे लाइन की ओर गया था। जहां ट्रेन की चपेट में आया रामू की मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे 16 वर्षीय पुत्र सचिन व 14 वर्षीय पुत्री शालिनी व पत्नी सियारानी को छोड़ गया।

रजबहा कटी, मेंथा फसल प्रभावित

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नहर विभाग की लापरवाही के चलते बीते दो दिनों से कटी चल रही मसौली रजबहा नहर से तमाम किसानों की पिपरमेंट की फ़सल लबालब हो गयी है। बताते चले कि चार दिन पूर्व नहरों मे आये पानी के बाद शनिवार को मसौली रजबहा नहर बांसा धरौली मार्ग के निकट कट गयी जिसकी सूचना नहर विभाग को देने के बाद भी नहर को बांधी न जाने से नहर का पानी किसानो के खेतो मे भर गया जिसके चलते राम नवल वर्मा तीन बीघा मिर्च की खेती व बिरजू वर्मा दो बीघा रामराज की एक बीघा मिर्च खेती डूब गयी।

एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, कार्यकर्ताओं संग किया पौधरोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य रविवार को ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत रामनगर कस्बे के शक्ति केंद्र रामनगर-1 स्थित बूथ संख्या 239 पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके आगमन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष मौर्य ने कार्यकर्ताओं संग पौधारोपण करते हुए सभी से इस अभियान को जनांदोलन का रूप देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ''प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने हाथों से एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उसकी छाँव में बैठ सकें।'' उन्होंने आगे कहा कि भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक इंद्र मणि श्याम एवं पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी ने अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ''एक पेड़ माँ के नाम पहल के माध्यम से लाखों पौधे रोपे जाएंगे, जो न केवल पर्यावरण संतुलन में योगदान देंगे बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का संदेश भी देंगे।'' इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष पुष्कर मिश्रा, राहुल अवस्थी, मंगल अवस्थी, सर्वेश अवस्थी, रविकांत शुक्ला, अनुराग शुक्ला, विनय मिश्रा, दिव्य प्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

औद्योगिक क्षेत्र उमरा में बनेगा अत्याधुनिक मॉडल कंपोजिट विद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने किया स्थलीय निरीक्षण, सोमवार को भूमि पूजन

बाराबंकी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल करते हुए विधानसभा कुर्सी अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र उमरा में प्रदेश सरकार के 40वें मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की स्थापना की जा रही है। प्रस्तावित निर्माण स्थल–पुलिस चौकी उमरा के समीप स्थित भूमि–का रविवार को क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कहा कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा, बल्कि क्षेत्रीय छात्रों के लिए उत्कृष्ट भविष्य की नींव रखेगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें आधुनिक तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं खेल परिसर जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। सोमवार सुबह 10 बजे विधायक भूमि पूजन कर करेंगे निर्माण कार्य का शुभारंभ, जिसकी लागत लगभग 30 करोड़ रुपये आंकी गई है। विद्यालय का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लगभग 2000 विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। यह परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी, जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के छात्रों को समान अवसर प्राप्त होंगे।

रोहित शर्मा ने पिछले साल आज ही के दिन टी20 विश्व कप की जीत को किया याद

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट फैंस की यादों में 29 जून, 2024 की तारीख हमेशा के लिए बस गई है। एक साल पहले आज के दिन रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप का खिताब अपने नाम किया था। भारतीय टीम ने बारबाडोस में खेले गए विश्वकप फाइनल में साउथ अफ्रीका टीम को 7 रन से हराकर 11 साल बाद कोई आईसीसी का खिताब जीता था। आईसीसी टी20 विश्वकप 2024 के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 169 रन ही बना सकी थी। इस मैच में एक समय दक्षिण अफ्रीका जीत की ओर तेजी से बढ़ रही थी। उसे अंतिम 30 गेंदों में 30 रन चाहिए थे, लेकिन 16वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने हेनरिक क्लासेन को आउट कर मैच का रूख पलट दिया। क्लासेन ने 27 गेंदों में 52 रन बनाए थे। उसके बाद से भारतीय टीम ने दबाव बनाना जारी रखा। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के लिए तब भी उम्मीद थी जब उन्हें अंतिम ओवर में 16 रन की जरूरत थी और डेविड मिलर क्रीज पर थे, लेकिन सूर्यकुमार यादव ने एक ऐसा कैच पकड़ा जो आने वाले कई वर्षों तक भारतीय क्रिकेट में याद किया जाएगा। उन्होंने बाउंड्री पर मिलर का बेहतरीन कैच पकड़ा जिसने भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इस ऐतिहासिक कैच को रोहित शर्मा ने जियो हॉटस्टार के साथ बातचीत में याद किया। रोहित ने कहा कि मुझे लगा कि गेंद चली (छक्के के लिए) गई, क्योंकि मैं ही लॉन्ग ऑफ पर था। मैंने यह देखा और सोचा पांच गेंदों पर 10 (रन) बचे लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्या के हाथों में आ रही है। रोहित ने कहा कि इस कैच को पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि यह आसानी से बाउंड्री लाइन को पार कर जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं सूर्या के साथ खड़ा था। जब अंपायर कैच की जांच कर रहे थे और मैंने कहा, 'सूर्या, मुझे बताओ। तुम मुझे बताओ। मैं वहां नहीं देखना चाहता और उसने कहा कि भईया मैंने इसे पकड़ लिया है। हार्दिक पांड्या द्वारा अंतिम गेंद फेंके जाने के तुरंत बाद ही मैदान पर जश्न शुरू हो गया। खिलाड़ियों की आंखों में खुशी के आंसू थे। खिलाड़ी एक-दूसरे से गले मिल रहे थे।

दूसरी नयी गेंद से बुमराह के प्रभाव को कम करने के लिए मैच को जल्दी खत्म करना चाहता था: स्मिथ

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के पांचवें दिन 82वें ओवर में रविंद्र जडेजा के खिलाफ आक्रामक रूख अपना कर मैच को जल्दी जीतने का फैसला किया क्योंकि उन्हें लगा कि भारत विकेट की तलाश में अपने स्ट्राइक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गेंदबाजी पर लगा सकता है। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुभवी जो रूट और विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ सतर्कता से बल्लेबाजी कर रहे थे और टीम लक्ष्य के काफी करीब थी। स्मिथ ने हालांकि जडेजा के खिलाफ दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को पांच विकेट से यादगार जीत दिलाई। स्मिथ ने 'ईएसपीनक्रिकइंफो' से कहा, '' उस समय टीम को ज्यादा रन की जरूरत नहीं थी। उस समय बुमराह के गेंदबाजी पर आने की संभावना कम थी लेकिन क्रिकेट में आप किसी भी चीज को लेकर पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो सकते। इंग्लैंड का स्कोर उस समय पांच विकेट पर 355 रन था और टीम प्रबंधन को लगा कि अगर भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुमराह को गेंद थमाते है तो विकेट गंवाने का खतरा होगा। उन्होंने कहा, '' आप नहीं जानते कि क्या होगा। मैं हमेशा अपनी टीम का समर्थन करता हूं लेकिन कुछ अच्छी गेंदें हो सकती हैं और अचानक आप आठ विकेट गंवाने के बाद दबाव में हो सकते हैं। ऐसे में मैंने मैच को जल्दी खत्म करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ''मुझे पता था कि एक नयी गेंद आने वाली है और विकेट गिरने पर क्रिस वोक्स को बल्लेबाजी के लिए आना पड़ता लेकिन अगर मैं कुछ बड़े शॉट मार सका तो यह नौबत ही नहीं आयेगी। स्मिथ ने यह भी कहा कि भारत ने अंतिम दिन विकेट चटकाने की पूरी कोशिश की लेकिन इंग्लैंड ने चीजों को सरल रखते हुए (आक्रामक और रक्षात्मक खेल का मिश्रण) बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने चौथी पारी में बेन डकेट (149), जैक क्राउली (65), रूट (53 नाबाद) और स्मिथ (44 नाबाद) की शानदार बल्लेबाजी से आसान जीत दर्ज की।

ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है अल्काराज को लगातार तीसरे विम्बलडन खिताब पर निगाहें

एजेंसी

लंदन। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विम्बलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विम्बलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फ़ेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था।

दुर्घटना के बाद पंत का सर्जन से पहला सवाल था, क्या मैं कभी दोबारा खेल पाऊंगा

एजेंसी

लंदन। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनका डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि क्या वह फिर से खेल पाएंगे। यह खुलासा प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया जिन्होंने इस भीषण दुर्घटना के बाद इस स्टार क्रिकेटर का इलाज किया था। पंत ने 30 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय अपनी कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पारदीवाला ने डेली टेलीग्राफ से कहा, ''ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वे जीवित बच गए। वह वास्तव में बहुत भाग्यशाली थे। उन्होंने कहा, ''जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो उनका दाहिना घुटना उखड़ गया था। उनके दाहिने टखने में भी चोट थी, शरीर पर कई अन्य छोटी-मोटी चोटें थीं। उनकी त्वचा का बहुत ज़्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। पारदीवाला ने कहा, ''फिर कार से बाहर निकलते समय टूटे हुए कांच के कारण उनकी पीठ की त्वचा का काफी हिस्सा छिल गया। इस तरह की दुर्घटना में मौत का काफी जोखिम होता है। पंत ने हालांकि हार नहीं मानी और अपना जोश और जज्बा बनाए रखा तथा 635 दिनों के बाद क्रिकेट मैदान पर सफल वापसी की। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। पारदीवाला ने कहा कि पंत बहुत भाग्यशाली थे कि उनकी चोट की गंभीरता को देखते हुए उनके दाहिने पैर में रक्त की आपूर्ति बाधित नहीं हुई। उन्होंने कहा, ''जब आपका घुटना खिसक जाता है और सभी स्नायुबंधन टूट जाते हैं, तो तंत्रिका या मुख्य रक्त वाहिका के भी चोटिल होने की संभावना अधिक होती है। लेकिन इस भीषण दुर्घटना के बावजूद उनकी रक्त वाहिका को चोट नहीं पहुंची, वह बहुत भाग्यशाली था। पारदीवाला ने उस दिन को याद किया जब पंत को मुंबई के अस्पताल में लाया गया था, उनका पहला सवाल था, ''क्या मैं कभी दोबारा खेल पाऊंगा।'' उनकी मां हालांकि अधिक व्यावहारिक थी जिन्होंने डॉक्टर से पूछा कि ''क्या वह दोबारा चल पाएगा। पारदीवाला ने बताया कि सर्जरी के बाद कई सप्ताह तक यह युवा क्रिकेटर अपने दांत भी ब्रश नहीं कर पाया था। उन्होंने कहा, ''वह वास्तव में अपने हाथ नहीं हिला सकता था। वे पूरी तरह से सूज गए थे। वह वास्तव में शुरू में अपने दोनों हाथों को हिला नहीं सकता था। धीरे-धीरे वह बिना किसी सहायता के पानी पीने लगा और फिर चार महीने बाद बैसाखी के बिना चलने में कामयाब हो गया। लेकिन सर्जन को इस बात पर संदेह था कि पंत फिर से पेशेवर क्रिकेट खेल पाएंगे।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.02 अरब डॉलर घटकर 697.09 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 20 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.02 अरब डॉलर कम होकर 697.द्य9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 35.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 589.1 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 57.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 85.7 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 8.5 करोड़ डॉलर गिरकर 18.7 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 10 लाख डॉलर की कमी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.5 अरब डॉलर रह गया।

अपने स्वर्ण भंडार को 12.5 किलो की सोने की ईंट के रूप में रखता है आरबीआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में हर घर की तरह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने की अहमियत को समझता है। यही कारण है कि वह 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और वर्तमान में यह लगभग 870 टन पहुंच गया है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गयी है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। जहां अमेरिका में यह लगभग 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में कुल नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। 'आरबीआई अनलॉक्डः बियॉन्ड द रुपी' शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गयी है। इसमें पहली बार आरबीआई ने अपने 'गोल्ड वॉल्ट' (तिजोरी) को दिखाया है। वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार, ''केंद्रीय बैंक 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में लगभग 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। बहुत कम लोगों को ही सोने की तिजोरियों तक पहुंच है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन के स्वर्ण ईंट के रूप में रखा गया है। केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, ''सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश बनते रहेंगे, बिगड़ते रहेंगे। अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाये रहेगा। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा। वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार, ''आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है। उल्लेखनीय है कि पहले, आयातित कागज से नोटों की छपाई होती थी। यह कागज दुनिया की कुछ कंपनियां ही बनाती थीं, जिससे बाजार में इन कंपनियों का दबदबा रहता था और इस कारण बाजार में नकली नोट आने की आशंका बनी रहती थी। वृत्त चित्र में आरबीआई की पूर्व डिप्टी गवर्नर ऊषा थोराट कहती हैं, ''हमें करेंसी नोट के लिए कागज आयात करना पड़ता था।

सिग्नेचर ग्लोबल गुरुग्राम में नई आवासीय परियोजना पर 2,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल गुरुग्राम में एक नई आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए लगभग 2,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य कारोबार का विस्तार करना और चालू वित्त वर्ष में अपनी बिक्री बुकिंग में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल करना है। कंपनी ने हाल ही में गुरुग्राम के सेक्टर-71 में सदर्न पेरिफ़ेरल रोड (एसपीआर) पर 770 अपार्टमेंट वाली एक प्रीमियम आवासीय परियोजना 'क्लोवरडेल' पेश की है। सिग्नेचर ग्लोबल पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में बिक्री बुकिंग के मामले में पांचवें सबसे बड़े सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर के रूप में उभरी। उसने 10,290 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल की। गुरुग्राम स्थित इस कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 12,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का अनुमान लगाया है। सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया, हमने गुरुग्राम में एक नई आवास परियोजना शुरू की है। इस शहर में, खासकर प्रतिष्ठित बिल्डरों के लिए घरों की मांग मजबूत बनी हुई है। कंपनी आठ एकड़ में फैली इस परियोजना में चार करोड़ रुपये से सात करोड़ रुपये की कीमत के घर बेच रही है। परियोजना को 2031 तक पूरा करने की योजना है। पिछले महीने अग्रवाल ने कहा था कि कंपनी गुरुग्राम में अपनी आवासीय परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण और निर्माण गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष में लगभग 4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सिग्नेचर ग्लोबल ने पिछले वित्त वर्ष में हरियाणा के गुरुग्राम में 48 एकड़ जमीन खरीदने के लिए 1,070 करोड़ रुपये का निवेश किया था। उन्होंने कहा, जमीन रियल एस्टेट डेवलपर्स के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। हम जमीन के टुकड़ों के अधिग्रहण पर करीब 1,200-1,500 करोड़ रुपये खर्च करेंगे।

औद्योगिक उत्पादन और अमेरिकी आर्थिक आंकड़े पर रहेगी बाजार की नजर

शेयर समीक्षा

एजेंसी

मुंबई। इजराइल-ईरान तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट की बदौलत हुई लिवाली से बीते सप्ताह दो प्रतिशत तक के उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के साथ ही अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी दर जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1650.73 अंक अर्थात 2.00 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 84058.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 525.4 अंक यानी 2.1 प्रतिशत उछलकर 25637.80 अंक हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1060.99 अंक अर्थात 2.33 प्रतिशत की तेजी लकर सप्ताहांत पर 46541.25 अंक और स्मॉलकैप 1870.88 अंक यानी 3.6 प्रतिशत की मजबूती के साथ 54249.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ बंद हुए। मध्य-पश्चिम में भू-राजनीतिक तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट ने बाजार की तेजी को बल दिया। इससे निवेशकों की धारणा सुधरी और लगभग सभी समूहों में व्यापक स्तर पर खरीददारी देखने को मिली। हालांकि, आईटी समूह के कमजोर प्रदर्शन ने बाजार की तेजी को थोड़ी सीमा में जरूर रखा। दरअसल, आईटी दिग्गज एक्सेंचर द्वारा आउटसोर्सिंग सौदों में मंदी का हवाला देते हुए सतर्क रुख अपनाए जाने से इस सेक्टर में दबाव रहा। इससे ग्राहकों के खर्च और मांग को लेकर चिंता बढ़ी। दूसरी ओर, अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के कई गवर्नरों के नरम स्वर ने वैश्विक बाजारों में सकारात्मक माहौल बनाया। इससे यह संकेत मिला कि फ़ेड मौद्रिक नीति में लचीलापन दिखा सकता है। बाजार में जुलाई की शुरुआत में संभावित ब्याज दर कटौती को लेकर अटकलें भी तेज हो गई हैं। आगे नजर डालें तो पहली तिमाही के कॉर्पोरेट नतीजों का सीजन नजदीक है, जिसको लेकर निवेशक काफी सतर्क हैं। कारोबारी गतिविधियों और विकास के संकेत पाने के लिए बाजार की नजर कंपनियों के नतीजों पर टिकी है। इसके अलावा अमेरिका अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने जा रहा है, जिसे लेकर भी वैश्विक बाजारों में उत्सुकता बनी हुई है। इस बीच निवेशक भारत क औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी दर जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर भी करीब से नजर रख रहे हैं। ये आंकड़े वैश्विक और घरेलू आर्थिक हालात की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में चार दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट रही। ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, टेक और फोकस्ड आईटी समेत बारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 511.38 अंक का गोता लगाकर 81896.79 अंक और निफ्टी 140.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण 2.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 69,556.91 करोड़ रुपये बढ़कर 20,51,590.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 51,860.65 करोड़ रुपये बढ़कर 11,56,329.94 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 37,342.73 करोड़ रुपये बढ़कर 15,44,624.52 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,037.88 करोड़ रुपये बढ़कर 5,88,213.55 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 24,649.73 करोड़ रुपये बढ़कर 10,43,037.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,250.87 करोड़ रुपये बढ़कर 6,05,523.65 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 8,389.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,18,788.90 करोड़ रुपये हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सप्ताह के दौरान 3,183.91 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 12,45,761.80 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

गौतम अडानी ने पुरी के लाइफगार्ड्स को दिया सहयोग

एजेंसी

नई दिल्ली। ओडिशा में पुरी का समुद्र तट जहां लाखों पर्यटक और श्रद्धालु प्रतिदिन आते हैं, वहीं उनकी सुरक्षा का जिम्मा दशकों से नोलिया समुदाय के बहादुर लाइफगार्ड निभा रहे हैं और इसी सेवा भावना को सम्मान देते हुए अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने हाल ही में पुरी पहुंचकर इन लाइफगार्ड से मुलाकात की और उनकी जरूरतों को गंभीरता से सुना। श्री अडानी अपने परिवार पत्नी प्रीति अडानी और बेटे करण अडानी के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी पहुंचे थे। रथ यात्रा में सेवा देने के साथ उन्होंने इस्कॉन किचन में महाप्रसाद वितरण में भी भाग लिया। इसके बाद उन्होंने समुद्र किनारे उन लोगों से मुलाकात की, जिनकी सतर्कता हजारों जिंदगियों की सुरक्षा करती है। पुरी के नोलिया समुदाय के लोग पारंपरिक मछुआरे हैं, लेकिन दशकों से ये समुद्र में नहाने आए लोगों की जान बचाने में जुटे हैं। करीब 450 से ज्यादा लाइफगार्ड छह संगठनों के तहत 'पुरी बीच लाइफगार्ड महासंघ' में कार्यरत हैं। समुद्र किनारे होटल क्षेत्रों से लेकर ब्लू फ्लैग बीच तक ये हर जगह मुस्तैद रहते हैं। लाइफगार्ड ने श्री अडानी को बताया कि उनके पास अक्सर पर्याप्त उपकरण नहीं होते और प्रशिक्षण की भी जरूरत होती है। इसे सुनते हुए अडानी समूह ने तुरंत कार्रवाई की। ग्रुप की ओर से लाइफ जैकेट, सुरक्षा रस्सी, टॉर्च और अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए गए। साथ ही, नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को भी फ्लोरोसेंट जैकेट और सुरक्षात्मक सामग्री दी गई। श्री अडानी ने इस अवसर पर कहा, पुरी के नोलिया लाइफगार्ड अपने सेवा भाव से सभी के लिए प्रेरणा हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए अडानी समूह हमेशा उनके साथ है।

रूस ने यूक्रेन पर सबसे घातक हवाई हमला किया

एजेंसी

मॉस्को। यूक्रेन ने रविवार को रूस को बड़ी चोट देते हुए साइबेरिया स्थित परमाणु हमले में सक्षम बमवर्षक विमानों के बेलाया वायुसेना अड्डे पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में रूसी वायुसेना के 40 से ज्यादा विमानों को भारी नुकसान पहुंचने की सूचना है। यूक्रेनी हमले के बाद कुछ विमान ऊंची लपटों के साथ धूं-धूं कर जलते देखे गए। वहीं, इस हमले में पांच रूसी एअरबेस को नुकसान पहुंचने की भी खबर है।

यूक्रेनी हमले की बड़ी बात यह रही कि उसके ड्रोन ने रूस में 4,300 किलोमीटर भीतर जाकर वायुसेना अड्डे पर हमला किया। रूस के कई अन्य वायुसेना अड्डों पर भी हमलों की सूचना है। इस बीच रूस ने भी यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। इस हमले में यूक्रेन के विभिन्न शहरों पर 472 ड्रोन और सात मिसाइल दागे गए हैं। यूक्रेनी सेना के ट्रेनिंग सेंटर में 12 सैनिकों के मारे जाने और 60 के घायल होने की सूचना है।

रूस के बमवर्षक विमानों को बनाया गया निशाना

यूक्रेनी सूत्रों के अनुसार, हमले में रूस के टीयू-95 और टीयू-22 बमवर्षक विमानों को निशाना बनाया गया। इन विमानों से रूस अक्सर यूक्रेन पर बैलेस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों के हमले करता था। यूक्रेनी अधिकारी ने बताया कि कंटेनर में ड्रोन रखकर उन्हें ट्रक से रूसी सीमा के भीतर ले जाकर हमले किए गए और बेलाया वायुसेना अड्डे समेत रूस के कई वायुसेना ठिकानों को निशाना बनाया गया। ये हमले डेढ़ वर्ष की तैयारी के बाद किए गए हैं। जबकि यूक्रेनी सुरक्षा एजेंसी एसबीयू ने हमले की जिम्मेदारी न लेते हुए केवल यह कहा, रूस में दुश्मन के रणनीतिक विमान समूह में जल रहे हैं।

4,300 किमी भीतर जाकर परमाणु हमले में सक्षम 40 विमानों को बनाया निशाना।

सुपरसोनिक स्पीड से लंबी दूरी पर हमले में सक्षम हैं टीयू-95 और टीयू-22 बमवर्षक

लंबी दूरी तय करने वाले विमानों को यूक्रेन ने बनाया निशाना

यूक्रेन ने जिन रूसी सैन्य विमानों को निशाना बनाया गया है वे लंबी दूरी तय कर दुश्मन के ठिकानों पर परमाणु हमला करने में सक्षम थे। इन विशेष विमानों के ठिकानों को यूक्रेन पहले भी निशाना बनाने की कोशिश करता रहा है लेकिन करीब 40 महीने के युद्ध में उसे बड़ी सफलता इस बार मिली है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस हमले की पुष्टि की है और माना है कि उसके कई सैन्य विमान आग के शिकार हुए हैं। हमले का शिकार हुआ बेलाया वायुसेना अड्डा जिस इरकुत्स्क प्रांत में आता है वहां के गवर्नर इगोर कोबजेव ने सैन्य ठिकाने पर ड्रोन हमले की बात स्वीकार की है। रूस समर्थक कई डिफेंस ब्लॉगर ने इंटरनेट मीडिया में यूक्रेनी हमले के वीडियो और फोटो पोस्ट किए हैं। टेलीग्राम पर पोस्ट वीडियो में वायुसेना अड्डे के ऊपर आकाश में काले धुंए का गुबार नजर आ रहा है। पता चला है कि बेलाया एयरबेस आवाज की गति से तेज (सुपरसोनिक) रफ्तार से लंबी दूरी तक मार करने वाले टीयू-22 एम विमानों का अधिकृत अड्डा है। रूस के एक अन्य हिस्से में स्थित ओलेन्या वायुसेना अड्डे पर भी यूक्रेन के ड्रोन हमले की सूचना है लेकिन उसमें हुए नुकसान का विवरण अभी प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि अन्य वायुसेना अड्डों पर हमले की साजिश को विफल कर दिया गया है और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बौद्ध मठों के जीर्णोद्धार को केंद्र सरकार का 'बुद्धिस्ट डेवलपमेंट प्लान': किरेन रिजिजू

एजेंसी

शिमला। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिलों के 5 दिवसीय दौरे के अंतिम चरण में रविवार को केलांग में 'मल निकासी योजना' की आधारशिला रखी और बौद्ध मठों के संरक्षण को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शीघ्र ही 'बुद्धिस्ट डेवलपमेंट प्लान' के तहत देशभर के प्राचीन बौद्ध मठों और गोम्पाओं के जीर्णोद्धार के लिए सहायता प्रदान करेगी।

योजना के तहत लाहौल-स्पीति, किन्नौर और अन्य बौद्ध बहुल क्षेत्रों के मठों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। देश में लाहौल-स्पीति जिला को अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा सबसे

अधिक बजट प्रदान किया गया है, जो क्षेत्र की विशेषता और आवश्यकताओं को दर्शाता है। केलांग में जनसभा को संबोधित करते हुए रिजिजू ने प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना के तहत बनने वाली मल निकासी योजना को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। कहा कि इससे केलांग और बिलिंग गांव में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य की स्थिति में व्यापक सुधार आएगा। यह परियोजना केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है और लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम पहल है। जनजातीय जिलों का यह दौरा विशेष अनुभव रहा, जिसमें उन्हें लोगों से मिलने और उनकी समस्याओं को सीधे सुनने का अवसर मिला। अटल टनल को क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि अब लाहौल-स्पीति को आगे ले जाना केंद्र और राज्य सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है। गृह मंत्रालय की 'वाइब्रेंट विलेज योजना' के तहत सीमावर्ती गांवों में सड़क, स्कूल, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि दूरदराज के गांव भी मुख्यधारा से जुड़ सकें। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में भाग लिया और लाभार्थियों से बातचीत की। बताया कि निगम ने राज्य सरकार के साथ समझौता कर अल्पसंख्यकों को कम ब्याज दर पर ऋण मुहैया करवाकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की योजना लागू की है। लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील भी की।

तेलंगाना में कांग्रेस का भरोसा खत्म, अब भाजपा की सरकार बनेगी: शाह

एजेंसी

निजामाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निजामाबाद में एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांग रहे हैं। राहुल गांधी पाकिस्तान की बातें सुन रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी गई थी। तेलंगाना में कांग्रेस पर जनता का भरोसा खत्म हो गया लेकिन राज्य में भ्रष्टाचार जारी है। उन्होंने दावा किया अब तेलंगाना में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को यहां राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड कार्यालय के उद्घाटन के बाद स्थानीय पॉलिटेक्निक मैदान पर आयोजित किसान सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने राज्य की कांग्रेस सरकार और राहुल गांधी पर प्रहार किये। उन्होंने कहा कि तेलंगाना कांग्रेस ने राज्य की सरकार को दिल्ली के लिए एटीएम बना दिया है। तेलंगाना में भरोसा खत्म हो गया है, लेकिन भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधीऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांग रहे हैं। वे देश की जनता की नहीं बल्कि पाकिस्तानियों की बातें सुन रहे हैं।

नक्सलियों को चेतावनी देते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य सिर्फ़ आतंकवाद का खात्मा नहीं है, बल्कि देश में नक्सलवाद को भी खत्म करना है। इसलिए नक्सलियों को तुरंत हिंसा का रास्ता छोड़कर हथियार डाल दें और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। हथियार छोड़ने वाले नक्सलियों का पुनर्वास कर उन्हें विकास से जोड़ा जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीति स्पष्ट है कि नक्सलवाद खत्म होना चाहिए। शाह ने किसानों से सवाल किया कि नक्सलवाद समाप्त होना चाहिए या नहीं? आप खुद ही बताइए। शाह ने केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि 30 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। अभी तक दस हजार नक्सली आत्मसमर्पण कर सार्वजनिक जीवन की मुख्यधारा में वापस आ चुके हैं।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला कर पाकिस्तान हमें डराना चाहता था। उसके बाद भारत की कार्रवाई देखकर पाकिस्तान और दुनिया को पता चल गया कि भारत की ताकत क्या है। आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी गई।उन्होंने तेलंगाना में भाजपा के निश्चित रूप से सत्ता में आने का दावा करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते हुए यह स्पष्ट है कि तेलंगाना में

महिला नेतृत्व भारत का नया भविष्य बनाने को तैयार: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'महिला नेतृत्व विकास का मंत्र' देश का नया भविष्य बनाने को तैयार है और महिलाएं समाज की नयी दिशा तय कर रही है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 123 वीं कड़ी में कहा कि देश के कोने-कोने में ऐसी ही अनगिनत महिलाएं, अपना और देश का भाग्य बदल रही हैं। उन्होंने कहा 'महिला नेतृत्व विकास का मंत्र' भारत का नया भविष्य गढ़ने के लिए तैयार है। हमारी माताएं, बहनें, बेटियां आज सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए नई दिशा बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के भद्राचलम की महिलाओं की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि ये महिलाएं कभी खेतों में मजदूरी करती थीं। रोज़ी रोटी के लिए दिन-भर मेहनत करती थीं। आज वही महिलाएं बाजरा - श्रीअन्न से बिस्किट बना रही है?? और 'भद्राद्री मिलेट मैजिक' नाम से ये बिस्किट हैदराबाद से लंदन तक जा रहे हैं। इन्होंने 'गिरि सैनिटरी पैड्स' बनाना शुरू किया। सिर्फ तीन महीने में 40,000 पैड्स तैयार किए और उन्हें स्कूलों और आसपास के ऑफिसों में पहुँचाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक के कलबुर्गी की महिलाओं ने ज्वार की रोटी को एक ब्रांड बना दिया है। इन्होंने सहकारी समिति बनाई है? और उसमें हर रोज तीन हजार से ज्यादा रोटियाँ बन रही हैं। उन्होंने कहा, 'इन रोटियों की खुशबू अब सिर्फ गाँव तक सीमित नहीं है। बेंगलुरु में विशेष दुकान खुल चुकी है। इसका बहुत शानदार असर इन महिलाओं पर पड़ा है? और उनकी आय बढ़ रही है। श्री मोदी ने मध्यप्रदेश की सुमा उइके का उल्लेख किया। उन्होंने मशरूम की खेती से अपने जीवन में बदलाव किया है।

'बिहार में मतदाता सूचियों की समीक्षा में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी'

नयी दिल्ली। बिहार में विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूचियों की 'विशेष सघन समीक्षा' के लिए चुनाव आयोग की ओर से घर-घर चलाए जा रहे अभियान में सहयोग के लिए विभिन्न दलों ने कुल मिलाकर अपने डेढ़ लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तरीय एजेंट बनाया है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने रविवार यह जानकारी दी। आयोग के एक सूत्र ने कहा, बिहार में बूथ स्तर पर सभी राजनीतिक दल मतदाता सूचियों की सघन समीक्षा में भाग ले रहे हैं। इन दलों ने मतदान केंद्र स्तर पर कुल मिलाकर अब तक अपने डेढ़ लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को एजेंट नियुक्त किया है। एजेंट बूथ स्तरीय चुनाव अधिकारियों को समीक्षा कार्य में सहयोग करते हैं। सूत्रों ने कहा कि राज्य में कार्यरत सभी राजनीतिक दल बूथ स्तर के अपने एजेंट बढ़ाने में लगे हुए हैं ताकि मतदाता सूचियों की समीक्षा संतोषजनक ढंग से हो सके। उल्लेखनीय है कि आयोग ने इस विशेष साधन समीक्षा के संबंध में बिहार में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील कर चुका है। आयोग ने उन्हें सलाह दी है कि वे सभी मतदान केन्द्रों के लिए अपने एजेंट नियुक्त करें। सूत्रों ने कहा कि आयोग राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को इस प्रक्रिया में शामिल करके यह सुनिश्चित करना चाहता है कि बाद में इसको लेकर कोई राजनीति और आरोप प्रत्यारोप ना किया जाए। सूत्रों के अनुसार राज्य में बहुजन समाज पार्टी ने अब तक 26 बूथ स्तरीय एजेंट, भारतीय जनता पार्टी ने 51964, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने 76 , कांग्रेस पार्टी ने 8586, राष्ट्रीय जनता दल ने 47143, जनता दल (यू) ने 27931, लोक जनशक्ति पार्टी ने 2457, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी ने 264, और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी- लेनिनवादी) लिबरेशन ने अपने 233 एजेंट नियुक्त किए हैं।

खरगे ने रथयात्रा में भगदड़ से हुए नुकसान पर जताया शोक

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भगदड़ के कारण श्रद्धालुओं की मृत्यु पर गहरा शोक जताते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री खरगे ने कहा, महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ से मैं बहुत दुखी हूँ, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हो गए। यह त्रासदी शुक्रवार को यात्रा के दौरान 500 भक्तों के घायल होने की रिपोर्ट के बाद हुई है। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। मैं सभी घायल भक्तों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। इस त्रासदी में जो लापरवाही और कुप्रबंधन रहा वह अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और अधिकारियों को इस घटना के लिए जिम्मेदार गंभीर चूक की गहन जांच करनी चाहिए। सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और प्रभावी भीड़ प्रबंधन सर्वोपरि है। भीड़ से जुड़े बड़े कार्यक्रम जब पूर्व नियोजित उत्सवों के लिए निर्धारित होते हैं तो इस तरह की त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी श्रद्धालुओं के साथ एकजुटता में खड़ी है और प्रभावित परिवारों को राहत, चिकित्सा सहायता और अन्य मदद प्रदान करने के सभी प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पेज एक का शेष

आपातकाल में न्यायपालिका...

योग दिखा, साहस और साधना साथ-साथ चले। गुजरात के लोगों ने भी एक नया इतिहास रचा। वडनगर में 2121 (इक्कीस सौ इक्कीस) लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया और नया रिकॉर्ड बना दिया। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस, दुनिया के हर बड़े शहर से योग की तस्वीरें आई और हर तस्वीर में एक बात खास रही, शांति, स्थिरता और संतुलन।' पीएम ने कहा, 'हमारे नौसेना के जहाजों पर भी योग की भव्य झलक दिखी। तेलंगाना में तीन हजार दिव्यांग साथियों ने एक साथ योग शिविर में भाग लिया। उन्होंने दिखाया कि योग किस तरह सशक्तिकरण का माध्यम भी है। दिल्ली के लोगों ने योग को स्वच्छ यमुना के संकल्प से जोड़ा और यमुना तट पर जाकर योग किया। जम्मू-कश्मीर में चिनाब ब्रिज जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, वहां भी लोगों ने योग किया। हमने इस बार 'योग दिवस' की कितनी ही आकर्षक तस्वीरें देखी हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। विशाखापत्तनम से ही एक और अद्भुत दृश्य सामने आया, दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार किए। सोचिए, कितना अनुशासन, कितना समर्पण रहा होगा। पीएम ने आगे कहा, 'मेरे प्यारे देशवासियों जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे का, प्रभु से जुड़ने का माध्यम है। इनके अलावा, इन यात्राओं का एक और बड़ा पक्ष होता है। ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महाअनुष्ठान भी होती है। जब कोई भी यात्रा होती है तो जितने लोग यात्रा पर जाते हैं उससे ज्यादा लोग तीर्थयात्रियों की सेवा के काम में जुटते हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भी देखी है। ओडिशा हो, गुजरात हो, या देश का कोई और कोना, लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, ये यात्राएं 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के भाव का प्रतिबिंब है। जब हम श्रद्धा भाव से पूरे समर्पण से और पूरे अनुशासन से अपनी धार्मिक यात्रा सम्पन्न करते हैं तो उसका फल भी मिलता है। मैं यात्राओं पर जा रहे सभी सौभाग्यशाली श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। सावन के महीने का जिक्र करते हुए कहा कि साथियो, लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से शुभारंभ हुआ है। कैलाश मानसरोवर यानी भगवान शिव का धाम। हिन्दू, बौद्ध, जैन, हर परंपरा में कैलाश को श्रद्धा और भक्ति का केंद्र माना गया है। साथियो, 3 जुलाई से पवित्र अमरनाथ यात्रा शुरु होने जा रही है और सावन का पवित्र महीना भी कुछ ही दिन दूर है।

कल से बदलेंगे ...

क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर डिजिटल वॉलेट्स में महीनेभर में 10,000 रुपये से अधिक डालने पर 1 फीसदी का अतिरिक्त चार्ज लगेगा। 1 जुलाई 2025 से लागू होने वाला तीसरा फाइनेंशियल चेंज आईसीआईसीआई बैंक से जुड़ा हुआ है। अब आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम से मेट्रो सिटीज़ में मिलने वाली 5 मुफ्त ट्रांजैक्शन लिमिट के बाद की गई किसी भी निकासी पर 23 रुपये का शुल्क लागू होगा। नॉन-मेट्रो शहरों में यह लिमिट तीन तय की गई है। इसके अलावा तत्काल भुगतान सेवा ट्रांसफर पर भी नए चार्ज लगेंगे: नॉन-एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की जाएगी जबकि एसी क्लास में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। हालांकि 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए सेकंड क्लास ट्रेन टिकट की कीमतों और मासिक पास में कोई बदलाव नहीं होगा लेकिन अगर 500 किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय करनी है तो यात्री को प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा। तत्काल टिकट बुकिंग से संबंधित इस बदलाव के तहत 1 जुलाई 2025 से सिर्फ आधार-वेरिफाइड यूज़र्स ही आईआरसीटीसी वेबसाइट या ऐप पर तत्काल टिकट बुक कर पाएंगे। यह कदम फर्जी बुकिंग रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। पाँचवाँ और बेहद ज़रूरी बदलाव राजधानी दिल्ली में वाहन रखने वालों के लिए है। दरअसल 1 जुलाई से दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल न दिए जाने का ऐलान हुआ था। कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के मुताबिक जुलाई की पहली तारीख से 'एंड-ऑफ-लाइफ' यानी पुराने वाहनों को पंप पर ईंधन लेने की अनुमति नहीं मिलेगी। क्ख्र के तहत ऐसे डीजल वाहन शामिल हैं जो 10 साल पुराने हों और ऐसे पेट्रोल वाहन जो 15 साल पुराने हों। यह कदम दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। ये सभी बदलाव आपकी दैनिक ज़िंदगी और वित्तीय योजनाओं पर सीधा असर डाल सकते हैं इसलिए 1 जुलाई से पहले इन नियमों को समझ लेना बेहद ज़रूरी है।

पुरी रथयात्रा में ...

की प्रशासनिक जांच के आदेश दे दिए हैं।। श्री माझी ने भगदड़ में हुई मौतों पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए विकास आयुक्त की देखरेख में एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक जांच का गठन किया गया है। इस हादसे के बाद पुरी के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से पुरी से हटा दिया गया है। दो पुलिस अधिकारियों पुलिस उपायुक्त बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को भीड़ को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहने के कारण निलंबित कर दिया गया। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ओडिशा का गौरव है। कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज की भगदड़ के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी। राज्य सरकार ने भगदड़ में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों को 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। तीन पीड़ित बसंती साहू, प्रेमकांत मोहंती और प्रवती दास की भीड़ द्वारा कुचले जाने के कारण मौत हो गयी। उन्होंने कहा, मेरी सरकार और मैं सभी जगन्नाथ भक्तों से माफी मांगता हूं। हम उन भक्तों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं, जिनकी जान इस हादसे में चली गयी और महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें अपने प्रियजनों के नुकसान को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। विपक्षी दल बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस ने भी भीड़ को नियंत्रित करने में सरकार की घोर विफलता के लिए भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यह घटना श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित रथ यात्रा सुनिश्चित करने में सरकार की घोर विफलता को उजागर करती है। मैं पुरी के सारधाबली में हुयी दुखद भगदड़ में अपनी जान गंवाने वाले तीन भक्तों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और इस विनाशकारी घटना में घायल हुए भक्तों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस के भक्त चरण दास ने कहा कि यह दुर्घटना भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों- भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के तीन रथों के सामने सुबह करीब 4.20 बजे हुई। खराब भीड़ प्रबंधन और अपर्याप्त पुलिस तैनाती के कारण यह दुखद दुर्घटना हुयी। सुबह के समय देवताओं की एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ने के कारण रथों के पास कहीं भी पुलिस या सुरक्षा बल मौजूद नहीं थे। कुछ भक्तों और स्थानीय युवाओं ने भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की और कई लोगों को भगदड़ में फंसने से बचाया। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि अगर समय रहते उनकी स्वेच्छा से की गई कार्रवाई नहीं होती तो मरने वालों की संख्या कहीं अधिक हो सकती थी।

आठ आईएएस व...

(वि/रा) से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गोरखपुर, दशरथ कुमार को उपजिलाधिकारी प्रयागराज से उप संचालक चकबंदी, गोरखपुर, गजेंद्र कुमार द्वितीय नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर से मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या में नयी तैनाती मिली है। इसी तरह कल्पना जायसवाल को उपजिलाधिकारी बदायूं से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाया है। रोशनी यादव को उपजिलाधिकारी ललितपुर से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), वागीश कुमार शुक्ला को अपर नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या से अपर जिलाधिकारी (वि. रा.) सोनभद्र बनाया है। उपजिलाधिकारी गोंडा रहे भारत को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या में नवीन तैनाती मिली है। मेरठ से उपजिलाधिकारी अंकित कुमार व महाराजगंज उपजिलाधिकारी रमेश कुमार को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। कासगंज के उपजिलाधिकारी कुलदीप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर और उपजिलाधिकारी मुरादाबाद से मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया है।

मेडिकल कॉलेजों के...

परिसर में गर्ल्स हॉस्टल, इमरजेंसी आदि संवेदनशील जगहों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती जाएगी। प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इसके लिए सैनिक कल्याण निगम से संपर्क करें। हॉस्टल व अस्पताल परिसर में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरों के सर्विलांस की व्यवस्था पुख्ता की जाएगी। प्राचार्य, सीएमएस, वॉर्डन व सुरक्षा अधिकारी के मोबाइल पर कैमरों को देखा जा सकेगा। इमरजेंसी में तुंरत मिले इलाज ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि ट्रॉमा सेंटरों में पर्याप्त डॉक्टर, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किए जाएं ताकि मरीजों को इलाज, जांच आदि की दिक्कत न हो। 24 घंटे पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी की जांच की सुविधा रहे। ब्लड बैंक के संचालन में भी लापरवाही न हो। एएलएस एम्बुलेंस के लिए सीएमओ से समन्वय रखें। आईसीयू का संचालन व ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ब्रजेश पाठक ने आयुष्मान योजना के बजट से मरीजों को राहत देने के भी निर्देश दिए हैं। बढ़ाई जाएं पीजी की सीटें उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा संस्थानों में पीजी की सीटें बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सीटें बढ़ाने के लिए एनएमसी के मानकों को पूरा किया जाए। फैकल्टी के नियमित पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाले जाएं ताकि जल्द से जल्द भर्ती प्रक्रिया चालू की जा सके। इसके अतिरिक्त ब्रजेश पाठक ने संविदा पर शिक्षकों की भर्ती के लिए समय-समय पर साक्षात्कार करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश बना खनन...

वास्तविक आंकलन की प्रक्रिया को और गति दी जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि ईंट भट्ठों से विनियमन शुल्क के रूप में वर्ष 2024-25 में 258.61 करोड़ तथा 2025-26 में अब तक 70.80 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस क्षेत्र को भी तकनीक-सक्षम बनाते हुए सभी ईंट भट्ठा संचालकों से संवाद कर नवाचारों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि उपखनिजों के नए पट्टों की प्रक्रिया मानसून काल में पूरी की जाए, ताकि 15 अक्टूबर से खनन कार्य प्रारंभ हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने जिला खनन निधि (क्ख्रक्क) के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि इसका उपयोग आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, खेल मैदानों के विकास, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण और जल-ऊर्जा संरक्षण जैसे लोकहितकारी कार्यों में प्राथमिकता से किया जाए।

दो माह तक 24 घंटे अलर्ट रहें अधिकारी, ग्राउंड पर जांचें व्यवस्थाएं: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ मुख्यमंत्री ने राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंचकर अतिवृष्टि का लिया जायजा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को आईटी पार्क स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंचकर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही वर्षा की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मानसून अवधि के दौरान दो माह तक शासन और प्रशासन के अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने और अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राउंड पर रहकर सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा पर आये सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि सबंधित जिलाधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए भोजन, दवाइयों और बच्चों के लिए दूध और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश की सम्भावनाओं के दृष्टिगत और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए अगले 24 घंटे के लिए चारधाम यात्रा को रोका गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नदियों और गदेरे के आस-पास रह रहे और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों पर रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन क्षेत्रों में निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां पर लोग सुरक्षित स्थानों पर हों। मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी के तहसील बड़कोट क्षेत्र में बादल फटने की वजह से मिसिंग मजदूरों के सर्च और रेस्क्यू अभियान में और तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। 29 मजदूरों में से 20 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन का सर्च अभियान जारी है, दो शवों को निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि

रूद्रप्रयाग में हुए वाहन दुर्घटना में जो लोग अभी लापता हैं, उनकी खोजबीन कार्यों में और तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी जनपदों में गर्भवती महिलाओं की डाटा बेस बनाया जाए। सितम्बर माह तक जिन महिलाओं का डिलीवरी होनी है, उनका नियमित अपडेट रखा जाए। प्रसव पूर्व उन्हें अस्पतालों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। जच्चा और बच्चा की सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रभावी कदम उठाये जाए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जिलाधिकारियों से विभिन्न जनपदों में हो रही बारिश, सड़कों की स्थिति एवं अन्य मूलभत सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के कारण जो सड़के क्षतिग्रस्त हो रही हैं, उनको जल्द खुलवाने की व्यवस्था की जाए। संवेदनशील स्थानों पर जेसीबी और अन्य आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन क्षेत्रों में नदी, नाले, गदेरे रास्ते बदल सकते हैं, ऐसे क्षेत्रों में आवश्यकता पड़ने पर चैनलाइजेशन और अन्य प्रबंधन जो सुरक्षात्मक दृष्टि से हो सकते हैं, किये जाएं। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनोद कुमार सुमन,गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय,आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी,अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद स्वरूप, राजकुमार नेगी व वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी जुड़े थे।

आप विधायक कुंवर प्रताप पार्टी से पांच साल के लिए निष्कासित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने अमृतसर उत्तरी से विधायक और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते पांच साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह फैसला आप पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में लिया गया जिसमें उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई। सूत्रों ने रविवार को बताया कि कुंवर विजय प्रताप ने हाल ही में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता विक्रम मजीठिया के खिलाफ चल रही विजिलेंस जांच पर सवाल उठाए थे। उन्होंने इस कार्रवाई को लेकर सार्वजनिक मंचों पर सरकार की आलोचना की थी जिसे पार्टी ने अपनी विचारधारा के खिलाफ माना। कुंवर प्रताप ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा था,ल्लजब 2022 में मजीठिया जी ड्रग केस में जेल में थे, तब मान साहब की सरकार ने पूछताछ तक नहीं की, चालान पेश नहीं किया और जमानत भी नहीं दी। बरगाड़ी में न्याय का अपमान करने वाले मामले में भी सरकार ने आरोपी परिवार से समझौता कर लिया। उन्होंने कहा, मैं मजीठिया जी से हमेशा असहमत हूं और रहूंगा, लेकिन परिवार का सम्मान सभी का होता है, चाहे वह नेता हो या अभिनेता, अमीर हो या गरीब, दोस्त हो या दुश्मन। सुबह-सुबह किसी के घर पर छापा मारना नीति के खिलाफ है लगभग हर आने वाली सरकार ने अपने फायदे के लिए पुलिस और विजिलेंस का दुरुपयोग किया है लेकिन निष्कर्ष स्पष्ट नहीं है। मैं किसी से राजनीतिक रूप से असहमत हो सकता हूं, वैचारिक मतभेद हो सकता है, लेकिन जब नीति, धर्म और दान की बात आती है, तो चर्चा करना अनिवार्य हो जाता है। जब मजीठिया साहब कांग्रेस सरकार के दौरान दर्ज मामले में जेल में थे, तब मान साहब की सरकार ने कोई रिमांड नहीं लिया और कोई पूछताछ नहीं की, बाद में मान साहब की सरकार ने जमानत दे दी।

राज्यपाल ने की ले. जनरल शक्ति गुरंग की आत्मकथा 'ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग' का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने रविवार को कैंब्रियन हॉल ऑडिटोरियम, देहरादून में ले. जनरल शक्ति गुरंग (से.नि.) की आत्मकथा ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग का औपचारिक विमोचन किया। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पुस्तक के विमोचन अवसर पर जनरल गुरंग की सराहना करते हुए कहा, यह पुस्तक युवाओं, विशेषकर रक्षा सेवाओं में जाने की आकांक्षा रखने वालों के लिए प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक सिद्ध होगी। उन्होंने सभी सैन्य वयोवृद्धों से आग्रह किया कि वे भी अपने अनुभवों को पुस्तक रूप में साझा करें, ताकि समाज को लाभ मिल सके। ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग एक ऐतिहासिक गाथा है, जो भारतीय सेना में उच्च पद तक पहुंचने वाले पहले जातीय गोरखा अधिकारी की यात्रा को दर्शाती है। गोरखाओं की पारंपरिक सेवा रेजिमेंटों से अलग, उन्होंने द ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट से कमीशन प्राप्त किया और उसी रेजिमेंट के कर्नल बने। उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एक अग्रिम कोर की कमान संभाली और सेना मुख्यालय में मिलिट्री सेक्रेटरी के रूप में सेवानिवृत्त हुए। यह आत्मकथा व्यक्तिगत अनुभवों, रोचक प्रसंगों और ऐतिहासिक तथ्यों से भरपूर है। यह न केवल जनरल गुरंग की सैन्य यात्रा को प्रस्तुत करती है, बल्कि भारतीय गोरखा समुदाय की पहचान, उनकी परंपराएं और भारत की राष्ट्र-निर्माण में उनकी भूमिका को भी उजागर करती है। इसमें यह भी बताया गया है कि स्वतंत्रता के समय अंडमान और निकोबार द्वीपों को गोरखा रेजिमेंटों के बदले कैसे सौंपा गया- एक तथ्य जो बहुत कम लोगों को ज्ञात है। कश्मीर, उत्तर-पूर्व और म्यांमार में रक्षा एटैशी के रूप में सेवा देने वाले जनरल गुरंग ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी इस पुस्तक में सैन्य प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन और रणनीतिक मुद्दों पर दुर्लभ दृष्टिकोण मिलता है।

आधुनिक पीढ़ी में साइकिल चलाना एक चलन बनाना होगा: मांडविया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज साइकिल पर फिट इंडिया संडे के विशेष संस्करण में कहा कि हमें आधुनिक पीढ़ी को साइकिल चलाना एक चलन बनाना होगा। आज सुबह गुजरात के पालिताना में डॉ. मांडविया ने साइकिल पर फिट इंडिया संडे के विशेष संस्करण में एक विविध समूह, विशेष रूप से 'स्वच्छता सेनानियों', हमारे अग्रिम पंक्ति के सफाई योद्धाओं का नेतृत्व किया। इस अभियान साइकिलिंग अभियान के 29वें संस्करण में देशभर में छह हजार स्थानों पर आयोजित साइकिल अभियान में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, सफाई कर्मचारियों, नगर पालिका निगम कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य और जिला नगर निगमों के विभिन्न कर्मचारी और संबद्ध कार्यकर्ता ने भाग लिया। इस अवसर

पर अपने गृहनगर पालिताना में डॉ. मांडविया ने कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान को संडे ऑन साइकिल के माध्यम से सर्वोत्तम संभव तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह अब केवल एक अभियान नहीं है यह एक आंदोलन है। स्वच्छता सेनानियों' के नेतृत्व में, हम एक मजबूत संकेत दे रहे हैं कि फिटनेस और स्वच्छता एक साथ चलते हैं। हर किसी को, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, विकसित भारत के लिए अपना योगदान देना चाहिए और हमें इस आधुनिक पीढ़ी में साइकिल चलाना एक चलन बनाना होगा। शहरी इलाकों से लेकर छोटे शहरों तक, नागरिक सुबह-सुबह सड़कों पर उतरे और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति एकता और प्रतिबद्धता दिखाई। स्वच्छता सेनानियों के अलावा, विधानसभा सदस्य (एमएलए), स्थानीय पुलिस, एनवाईकेएस, एनएसएस आदि से मायभारत के स्वयंसेवक, भावनगर जिले के विभिन्न साइकिलिंग क्लब शामिल हुए। दिल्ली के कनॉट प्लेस में राहगिरी फाउंडेशन और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में एक हजार साइकिल सवारों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्म श्री पुरस्कार विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता बबीता फोगट ने शारीरिक फिटनेस से परे एक आंदोलन बनाने की पहल की प्रशंसा की। फोगट ने कहा, जब हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने इस अभियान की शुरुआत की, तो हम इसका हिस्सा बनकर रोमांचित थे। इस तरह के आयोजन हमें मानसिक संतुष्टि देते हैं और हमारे युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

आईपी यूनिवर्सिटी में सिंगल गर्ल चाइल्ड कोटा के लिए 10 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के सिंगल गर्ल चाइल्ड कोटा के लिए 10 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपी यूनिवर्सिटी ने रविवार को एक बयान में कहा कि सत्र 2025-26 के दाख़िले के लिए यूनिवर्सिटी के 15 यूनिवर्सिटी स्कूल और एक स्पेशलाइज्ड सेंटर के एक-एक प्रोग्राम के लिए एक अतिरिक्त सीट इस कोटा के लिए निर्धारित की गई है। यह सूची यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक पचीस सौ रूपये के आवेदन शुल्क के साथ आवेदन 10 जुलाई तक यूनिवर्सिटी सुविधा केंद्र में जमा करा सकते हैं। आवेदन शुल्क की राशि भी ऑनलाइन जमा करनी है। उसका लिंक भी यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक को सिंगल गर्ल चाइल्ड के प्रमाण में प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट से अभिप्रमाणित एक हलफनामा भी आवेदन के साथ जमा कराना होगा।

पीएम के मन की बात की 123वीं कड़ी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। पीएम के मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति देशवासियों द्वारा सामूहिक प्रयासों और इच्छा शक्ति से किये जा रहे कार्य को साझा करने का माध्यम है। जो विकसित भारत निर्माण के संकल्प को और सुदृढ करता है।उक्त बातें भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने रविवार को कहीं। भाजपा नगर महामंत्री संदीप कुमार की अगुवाई में भाजयुमो मंडल प्रभारी विपुल सिंह,बूथ अध्यक्ष राजेश्वर साह, आईटीसेल संयोजक शुभम राय संग मन की बात कार्यक्रम के 123वें कड़ी को बूथ संख्या 150 पर टीवी पर श्रवण के उपरांत कुमार ने संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए बताया कि पीएम ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता और दुनिया भर में लोगों की उत्साह पूर्ण भागीदारी की बारे में

बात की। उन्होंने आपातकाल को याद किया तथा संविधान रक्षकों को नमन करते हुए तीर्थयात्रियों द्वारा की जाने वाली पवित्र यात्राओं,स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सफलता व प्रकृति संरक्षण के महत्व सहित कई दिलचस्प विषयों पर जानकारी साझा की। पीएम ने वियतनाम में पूज्यनीय भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों पर बात की तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को गम्भीर बीमारी ट्रेकोमा मुक्त होने की जानकारी के साथ साथ देश के 95 करोड़ लोग सरकारी योजनाओं के लाभार्थी होने पर कहा कि आने वाले दिनों में देश और सशक्त होगा।पीएम ने भारत के उपलब्धियों और प्रगति का उल्लेख करते हुए मेघालय के एरी सिल्क को जीआई टैग मिलने और बोर्डो लैंड सँघर्ष समाप्त होने के बाद इस एरिया पर विशेष चर्चा किया और वहाँ के हज़ारों फुटबॉल खिलाड़ियों के खेल के प्रति लगाव की सराहना की।

नकली पुलिस बनकर की लूटपाट, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी पुलिस बनकर बाइक लूटने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से लूटी गई हीरो स्प्लेंडर बाइक और वारदात में इस्तेमाल बजाज एंटाइसर बाइक भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक घटना 26 जून की शाम 7:10 बजे की है, जब पीड़ित अमरपाल सिंह जो जीएमआर में सिक्योरिटी गार्ड हैं। वह अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक से ड्यूटी पर एरोसिटी जा रहे थे। महिपालपुर अंडरपास के पास उन्हें तीन युवकों ने रोका और खुद को पुलिसकर्मी बताया। इन युवकों ने उन्हें तेज़ रफ्तार से बाइक चलाने का आरोप लगाकर बाइक की चाबी छीन ली। जब अमरपाल ने पहचान पत्र दिखाने को कहा, तो उन्हें गालियां दी गई और थप्पड़ मारा। इसके बाद एक युवक बाइक लेकर भाग गया। जबकि दो आरोपित दूसरी बाइक से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन टीमों का गठन किया गया। टीमों ने करीब 250ऽ300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में लुटेरों की बाइक का नंबर सामने आया, जो शकरपुर निवासी सिद्धार्थ के नाम पर रजिस्टर्ड थी। पूछताछ में सिद्धार्थ ने बताया कि बाइक उसने करीब एक साल पहले अपने परिचित गरवित शर्मा को दी थी। पीड़ित से भी सिद्धार्थ की पहचान कराई गई, जिसने बताया कि वह आरोपित नहीं है।

अवैध सिगरेट का गोदाम पकड़ा, 94 हजार पैकेट जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिले की ऑपरेशंस सेल टीम ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए वसंत कुंज के नंगल देवत इलाके में स्थित एक अवैध सिगरेट के गोदाम का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 94,000 पैकेट बिना वैधानिक चेतावनी और एमआरपी के विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान वसंत कुंज निवासी परिक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पी.पी. चेंगप्पा (40) के रूप में हुई है। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार जिले की पुलिस द्वारा तंबाकू उत्पादों के अवैध व्यापार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑपरेशंस सेल की टीम को सूचना मिली कि नंगल देवत क्षेत्र में एक मकान के बेसमेंट में विदेशी सिगरेट का अवैध स्टॉक जमा किया गया है, जो दिल्ली-एनसीआर और दक्षिण भारत में सप्लाई की जानी है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापा मारा और उपरोक्त दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी सिगरेट जब्त की गई।

मुस्लमानों के खिलाफ साजिश हो रही है, हम लोग मुस्लिम समाज की लड़ाई लड़ते रहेंगे : तेजस्वी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना के गांधी मैदान में रविवार को 'वक्फ बचाओ-दस्तूर बचाओ' कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसे संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सभी समाज के पूर्वजों ने कुर्बानी दी है। लेकिन आज साजिश के तहत मुस्लिम समाज के लोगों को परेशान किया जा रहा है। जबतक हमारे नेता लालू प्रसाद यादव मुस्लिम समाज के साथ हैं,अंतिम सांस तक हम लोग उनकी लड़ाई लड़ते रहेंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश को तोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हम लोग एक हैं। बिहार में किसी भी कीमत पर पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण नहीं होने दिया जाएगा। हिंदुस्तान की सरजमीं का एक-एक इंच, हर पन्ना चीख-चीखकर इस बात की गवाही देता है कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में चाहे हिंदू हो या मुसलमान, सिख हो या ईसाई सभी ने इस देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने का काम किया है। ये हम सबों का देश है। तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से विशेष पुनरीक्षण के नाम पर साजिश रची जा रही है, लेकिन हम लोग मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे। अब भारतीय जनता पार्टी सत्ता से जाने वाली है, तो गरीब, पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित लोगों से मतदान के अधिकार को छीना जा रहा है। मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर आपके वोट के अधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। ये बहुत बड़ी साजिश है, इसलिए आप लोग सचेत रहियेगा और ऐसा होने मत दीजिएगा। उल्लेखनीय है कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का पटना के गांधी मैदान में बड़ा जुटान हुआ है। इमारत-ए-शरिया फुलवारी शरीफ की ओर से इसका आयोजन किया गया। सभी प्रमुख दलों को आमंत्रण भेजा गया था। राजद, कांग्रेस और जदयू के बड़े नेताओं को बुलाया गया था।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063